Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



खेल

**संजू सैमसन के लिए सुरेश रैना की सलाह, सीएसके के लिए इस नंबर पर उतरना रहेगा...**

**लाखों यात्रियों की उम्मीदों पर टिकी ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो परियोजना, राज्यसभा में उठी जल्द...**

देश



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • रविवार • 15 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 102 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,46,350 | ₹ 2,75,000 |

## आज का इतिहास

**1969 :** भारतीय नौसेना में पहला हेलीकॉप्टर दस्ता गोवा में शामिल किया गया।

**1993:** भारतीय क्रिकेट इतिहास में विनोद कांबली ने 227 रन बनाए। मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ था। यह उनका लगातार दूसरा शतक था।

### सीएम नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' के अंतिम दिन बेगूसराय को विकास योजनाओं की मिली सौगात

# बेगूसराय को सीएम की 330 करोड़ की सौगात, कैंपा कोला फैक्ट्री की रखी नींव

निज संवाददाता | बेगूसराय

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' के अंतिम दिन बेगूसराय को विकास योजनाओं की बड़ी सौगात मिली। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने जिले में करीब 330 करोड़ रुपये की 402 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही बहुप्रतीक्षित कैंपा कोला फैक्ट्री की आधारशिला रखकर जिले के औद्योगिक विकास को नई गति देने की बात कही। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर गांधी मैदान से लेकर बियाडा परिसर तक लोगों में खासा उत्साह देखा गया। सीएम ने विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का भी अवलोकन किया और कहा कि राज्य में विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

इस दौरान एक रोचक घटना भी देखने को मिली। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले जब हेलीपैड की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा था, तभी अचानक एक बैल हेलीपैड परिसर में घुस गया। बैल को बाहर निकालने के दौरान कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। पुलिसकर्मी उसे नियंत्रित करने की कोशिश करते रहे और अंततः स्थानीय लोगों की मदद से उसे परिसर से बाहर किया गया। बेगूसराय में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार में अपराध और भय का माहौल था, जिसके कारण लोग शाम के बाद घर से निकलने से डरते थे। उनकी सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था को मजबूत किया गया और अब स्थिति काफी बदल चुकी है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पहले के दौर में हिंदू-मुस्लिम दंगे आम बात थे, लेकिन उनकी सरकार ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी करवाई और बाद में मंदिरों की भी बाउंड्री बनवाई, जिससे समाज में शांति कायम रखने में मदद मिली। उन्होंने दावा किया कि आज बिहार के हर इलाके में शांति का माहौल है और झगड़े-झंझट काफी कम हुए हैं। समृद्धि यात्रा के तहत शुरू की गई योजनाओं में 118.67 करोड़ रुपये की 190 योजनाओं का शिलान्यास और 211.97 करोड़ रुपये की 212 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। इन परियोजनाओं में सड़क, आधारभूत ढांचा, सार्वजनिक सुविधाएं और अन्य विकास कार्य शामिल हैं, जिनसे जिले के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बेगूसराय के कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शेखपुरा के लिए रवाना हुए, जहां अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वे पटना लौटेंगे।



**बिहार में पहली बार शुरू हुआ कुर्सी निर्माण संयंत्र**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय में नेचर पॉलीप्लास्ट लिमिटेड के संयंत्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही राज्य में पहली बार बड़े स्तर पर प्लास्टिक से बनी कुर्सियों और अन्य घरेलू उत्पादों का निर्माण शुरू हो गया है। इस संयंत्र के शुरू होने से अब बिहार के लोगों को प्लास्टिक कुर्सियों और अन्य उत्पादों के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। राज्य में ही निर्मित प्लास्टिक कुर्सियां, टेबल, स्टूल, बाल्टी, मग, बॉक्स, डस्टबीन और अन्य कई उत्पाद स्थानीय बाजार में उपलब्ध होंगे। नेचर पॉलीप्लास्ट लिमिटेड के इस संयंत्र से स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की उम्मीद है, जबकि परिवहन, विपणन और अन्य व्यापारिक गतिविधियों के माध्यम से कई लोगों को परोक्ष रूप से भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह बिहार में अपनी तरह का पहला उद्योग माना जा रहा है, जहां प्लास्टिक से बने विभिन्न उत्पादों का बड़े पैमाने पर निर्माण किया जाएगा और उनकी आपूर्ति बिहार के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी की जाएगी।

### उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की घोषणा

# बिहार के 216 डिग्री कॉलेजों में जल्द शुरू होगी पढ़ाई 15 जुलाई से एक अगस्त के बीच होगा संचालन

निज संवाददाता | किशनगंज

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की है कि राज्य के 216 डिग्री कॉलेजों में 15 जुलाई से एक अगस्त के बीच पढ़ाई शुरू कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में शिक्षा के विस्तार के लिए लगातार काम कर रही है और उच्च शिक्षा तक अधिक से अधिक युवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यह घोषणा शुक्रवार को किशनगंज में माता गुजरी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन को आगे बढ़ाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है और ज्ञान अर्जन से ही जीवन प्रकाशमय बनता है। उन्होंने छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की सलाह देते हुए कहा कि विशेष रूप से आठवीं से बारहवीं कक्षा तक का समय विद्यार्थियों के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए संस्थान खोले जा रहे हैं। पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ राज्य के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में भी काम चल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टर, वकील और शिक्षक जैसे पेशों में जीवन भर पढ़ाई और नई जानकारी हासिल करते रहना जरूरी होता है। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि बिहार का शिक्षा बजट अब बढ़कर 68 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने बताया कि पहले राज्य में केवल पांच विश्वविद्यालय थे, जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 15 विश्वविद्यालय हो गई है। राज्य में वर्तमान में 76 हजार से अधिक स्कूल, लगभग 5 लाख 87 हजार शिक्षक और 1 करोड़ 76 लाख से अधिक छात्र हैं।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य में लगभग एक करोड़ 3 लाख छात्र-छात्राओं को मध्याह्न भोजन योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा साइकिल, पोशाक और छात्र क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं से भी विद्यार्थियों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 में जहां महिलाओं की साक्षरता दर 34 प्रतिशत थी, वहीं अब यह बढ़कर 74 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इस अवसर पर उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि माता गुजरी विश्वविद्यालय आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में स्थापित इस विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में 1198 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विधायक संजय सिंह, जिलाधिकारी विशाल राज, एसपी संतोष कुमार, एसडीओ अनिकेत कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दाखिल-खारिज के नाम पर घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गए राजस्व अधिकारी



**पटना(नि.सं.)।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बरौली अंचल के राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। उन्हें जमीन की दाखिल-खारिज कराने के बदले रिश्वत लेते हुए विजिलेंस टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। मामले को गंभीर मानते हुए विभाग ने उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को विजिलेंस विभाग की टीम ने बरौली सर्किल कार्यालय में छापेमारी की थी। आरोप है कि राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह जमीन की दाखिल-खारिज कराने के बदले रिश्वत मांग रहे थे। इसी दौरान टीम ने उन्हें 6500 रुपये रिश्वत लेते हुए मौके पर ही पकड़ लिया, जिसके बाद कार्यालय में हड़कंप मच गया।

## न्यूज बाइट्स

### एनसीईआरटी की सभी कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकों की होगी समीक्षा

**पटना (नि.सं.)।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की सभी कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकों की अब विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षा की जाएगी। कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक के एक विवादित अध्याय को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद यह निर्णय लिया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने एनसीईआरटी को निर्देश दिया है कि सभी कक्षाओं की किताबों की सामग्री की व्यापक समीक्षा कराई जाए। विशेषज्ञों की जांच और मंजूरी के बाद ही किसी भी सामग्री को प्रकाशित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान पुस्तक के भाग-दो के चौथे अध्याय को लेकर विवाद सामने आया था। इस अध्याय की समीक्षा के लिए पहले एक विशेष पैनल का गठन किया जाएगा। यह पैनल एक सप्ताह के भीतर गठित किया जाएगा। इस समिति में एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ न्यायाधीश, एक शिक्षाविद और एक कानून विशेषज्ञ को शामिल किया जाएगा। समिति की मंजूरी के बिना अब किसी भी पाठ्य सामग्री को प्रकाशित नहीं किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस प्रक्रिया से पाठ्यपुस्तकों की सामग्री अधिक संतुलित और तथ्यपरक बनाई जा सकेगी।

### त्योहारी बसों में 18 दिनों में 43 हजार से अधिक प्रवासियों ने किया सफर

**पटना (नि.सं.)।** होली और ईद के अवसर पर बिहार सरकार द्वारा शुरू की गई विशेष अंतरराज्यीय बस सेवा प्रवासी बिहारियों के लिए काफी मददगार साबित हो रही है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) की ओर से 23 फरवरी से संचालित इस सेवा के तहत पिछले 18 दिनों में 43 हजार से अधिक यात्रियों ने इन बसों से यात्रा की है। जानकारी के अनुसार इन बसों में औसतन 93 प्रतिशत सीटें भरी रहीं, जिससे स्पष्ट है कि प्रवासी यात्रियों के बीच इस सेवा की काफी मांग है।

# सैयद अता हसनैन ने बिहार के 43वें राज्यपाल के रूप में ली शपथ



निज संवाददाता | पटना

लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने शनिवार को बिहार के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की। वे राज्य के 43वें राज्यपाल बने हैं। पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह पटना स्थित लोक भवन में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्री सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। सेना से सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन भारतीय सेना में अपने उत्कृष्ट योगदान और रणनीतिक नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने लगभग 40 वर्षों तक भारतीय सेना में सेवा दी है और अपने लंबे सैन्य करियर के दौरान कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में उनकी भूमिका को काफी अहम माना जाता है, जहां उन्होंने सुरक्षा और रणनीति से जुड़े कई महत्वपूर्ण अभियानों का नेतृत्व किया।

अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने केवल सैन्य अभियानों पर ही ध्यान नहीं दिया, बल्कि कश्मीर में सामाजिक पहल को भी बढ़ावा दिया।

### एआई के उपयोग से राजस्व प्रशासन में बढ़ेगी पारदर्शिता और तेजी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार राजस्व प्रशासन को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए नई तकनीकों को तेजी से अपनाने पर काम कर रही है।



इसी दिशा में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग शुरू किया जाएगा, जिससे राजस्व से जुड़े मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एआई के इस्तेमाल से म्यूटेशन अपील और बीएलडीआर एक्ट से संबंधित मामलों में सरकारी या रैयती जमीन से अनधिकृत बेदखली, सीमांकन और दाखिल-खारिज से जुड़े विवादों के समाधान की प्रक्रिया तेज होगी। इससे आम लोगों को समयबद्ध न्याय मिलने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए सभी डीसीएलआर और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई शुरू, घरेलू एलपीजी उत्पादन 30% बढ़ा

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कहा है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में घरेलू एलपीजी उत्पादन को करीब 30 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है, जबकि कई राज्यों में कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई भी शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार 16 और 17 मार्च को दो टैंकर जहाज 92,700 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचने वाले हैं। 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' नाम के ये टैंकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार कर चुके हैं और जल्द ही मुंद्रा तथा कांडला बंदरगाह पर पहुंचेंगे। इसके अलावा फारस की खाड़ी में एलपीजी, एलएनजी और कच्चे तेल के कई अन्य जहाज भी मौजूद हैं, जिनके जल्द भारत पहुंचने की उम्मीद है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति फिर से शुरू कर दी गई है। कमर्शियल सिलेंडर के वितरण की जिम्मेदारी राज्य सरकारों को दी गई है, ताकि होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को राहत मिल सके। सरकार ने बताया कि देश में एलपीजी की लगभग 60 प्रतिशत घरेलू जरूरत आयात से पूरी होती है। वर्तमान में देश में करीब 33 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता हैं। इनमें से लगभग 60 लाख उपभोक्ता तुरंत पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पर शिफ्ट हो सकते हैं। सरकार ने लोगों से एलपीजी के विकल्प के रूप में पीएनजी अपनाने की अपील भी की है।

### विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य शुभ कार्यों पर एक महीने के लिए विराम

# खरमास शुरू, एक महीने तक मांगलिक कार्यों पर विराम

• 14 अप्रैल को होगा समापन

निज संवाददाता | पटना

हिंदू धर्म में मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ माने जाने वाले खरमास की शुरुआत 14 मार्च से हो गई है। इसके साथ ही विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य शुभ कार्यों पर एक महीने के लिए विराम लग गया है। अब 14 अप्रैल तक शहनाइयों की गूंज थमी रहेगी। ज्योतिषीय गणना के अनुसार चैत्र कृष्ण एकादशी की देर रात 3:07 बजे सूर्य कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में प्रवेश कर गए, जिसके साथ ही खरमास यानी अशुद्ध मास का आरंभ हो गया।



ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश झा ने पंचांगों के हवाले से बताया कि सूर्य के मीन राशि में रहने की अवधि को खरमास कहा जाता है। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को वैशाख कृष्ण द्वादशी के दिन दोपहर 11:25 बजे सूर्य मेष राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही खरमास समाप्त हो जाएगा और मांगलिक कार्यों की पुनः शुरुआत हो सकेगी। उन्होंने बताया कि सूर्य को संक्रांति और लग्न का राजा माना जाता है और सूर्य के राशि परिवर्तन के आधार पर ही खरमास की शुरुआत और समाप्ति निर्धारित होती है। खरमास की अवधि में भगवान विष्णु की पूजा, पाठ और पितृ पिंडदान का विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान विधि-विधान से पूजा करने पर भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

ज्योतिषाचार्य राकेश झा के



## संक्षिप्त समाचार

### महिला की हत्या कर शव किया गायब

**केसरिया, पू.च।** बिजधारी थाना क्षेत्र के बिजधारी गांव में मंजू देवी नामक एक महिला की हत्या कर शव गायब कर देने का मामला सामने आया है। मृतका की मां ढेकहां निवासी मालती देवी ने आवेदन देकर पति सहित पांच लोगों को आरोपित किया है। मालती देवी ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व उनकी पुत्री मंजू देवी की शादी बिजधारी के सचिन्द्र राय से हुई थी। शुरुआती दिनों में सब कुछ ठीक था और तीन बच्चे भी हुए। बाद में पति व ससुराल पक्ष के लोग बाइक, सोने की अंगूठी व अन्य सामान की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर मंजू के साथ मारपीट की जाती थी और जान से मारने की धमकी दी जाती थी। आरोप है कि 11 मार्च को पति सचिन्द्र राय, सास व अन्य परिजनों ने मिलकर मंजू की हत्या कर शव गायब कर दिया। घटना की जानकारी 12 मार्च को मिली। सूचना पर शनिवार को डॉग स्क्वायड व एफएसएल टीम ने घर की जांच की, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि शव बरामदगी के लिए कार्रवाई जारी है। आरोपी घर छोड़कर फरार है।

### जनसुराज पार्टी ने संगठन को लेकर की बैठक



**केसरिया, पू.च।** जनसुराज पार्टी की शनिवार को केसरिया में बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला संगठन के विस्तार और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के चंपारण प्रक्षेत्रीय मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कहा कि जल्द ही जिला स्तरीय संगठन का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक प्रखंड से एक-एक जिला उपाध्यक्ष और एक-एक जिला सचिव बनाए जाएंगे, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके। उन्होंने बताया कि पार्टी के कर्पूरी मंच, युवा प्रकोष्ठ सहित कुल नौ प्रकोष्ठों के लिए भी प्रत्येक प्रखंड से एक-एक जिला उपाध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी, जिससे संगठन की गतिविधियां और अधिक सक्रिय हो सकें। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया तथा कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और विचारों को आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की गई। इस दौरान संजय कुमार ठाकुर ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और भाजपा ने नीतीश कुमार को केवल मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया है। बैठक में जिलाध्यक्ष रवींद्र सिंह बेरुआर, जिला महासचिव अभय कुमार शर्मा, विजय कुशवाहा, मो. मिन्हाज, अशोक राम, विनोद साह, रूपम मिश्रा, मनीष पाठक, शक्तिभूषण सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुंदरापुर में पशु स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**केसरिया, पू.च।** जीविका एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को पश्चिमी सुंदरापुर गांव में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य चिकित्सा सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डीपीएम (प्रभारी) सौरभ कुमार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रितेश कुमार तथा बीपीएम आदित्य सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पश्चिमी सुंदरापुर सहित आसपास के कई गांवों के पशुपालकों ने अपने पशुओं की स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सीय परामर्श के लिए भाग लिया। इस दौरान भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रितेश कुमार व अन्य चिकित्सकों द्वारा कुल 235 पशुपालकों के 684 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पशुओं में पाई जाने वाली विभिन्न बीमारियों की जानकारी देते हुए उनके उपचार और रोकथाम के बारे में भी विस्तार से बताया गया। शिविर के दौरान पशुओं को कृमिनाशक दवाइयां, भूख बढ़ाने की दवा, डायरिया व बांझपन से संबंधित दवाइयां तथा खनिज लवण वितरित किए गए। साथ ही बीमार पशुओं की जांच कर आवश्यक उपचार भी किया गया। इस मौके पर जीविका जिला कार्यालय के प्रबंधक पशुधन अजय कुमार, जितेन्द्र कुमार, सामुदायिक समन्वयक रोहित रंजन, कई जीविका दीदियां, कैडर सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण पशुपालक मौजूद रहे।

### पोषण ट्रेकर का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**मोतिहारी।** बंजरिया प्रखंड वालविकास परियोजना कार्यालय मे शनिवार को एक दिवसीय पोषण ट्रैकर का प्रशिक्षण दिया गया| जिसमे मे प्रखंड क्षेत्र के सभी सेविकाओं ने भाग लिया सिडिपीओ रेखा कुमारी ने बताया हर सेविका को पीएमवीवाई 5 एवं ऍमकेयुवाई 5 फार्म भरना हैं. आगे उन्होंने बताया की सेविकाओं को फेस केपचर से होम टेक राशन का वितरण करना हैं. उन्होंने सारी सेविकाओं से कहा आप सब को तीन दिन के अंदर मे अपना अपना डाटा पुरे करने होंगे नहीं करने वाली सेविकाओं का मानदेय मे होगा कटौती. मौके पर समान्यक सिवानी सिल्की एवं बड़ा बाबू तथा महिला पर्यवेक्षिका एवं सेविक सुमन कुमारी, सीमा कुमारी,रीना कुमारी एवं अन्य सेवीका मैजूद थी.

### सुगांवडीह में शव मिलने से सनसनी, हत्या या आत्महत्या की आशंका

**सुगौली पू०च०।** सुगौली प्रखंड के सुगांवडीह गांव में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।सुगौली थाना प्रभारी अनीश कुमार सिंह, ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या या आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। मृतक का नाम रामनिवास ठाकुर, पिता रामप्रवेश ठाकुर , उम्र 50 वर्ष, घर सुगांव बताया जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### पूर्व मुखिया डा0 बेबी आलम के दरवाजे पर किया गया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**तुरकौलिया।** रमजान महीना आखरी दौर में प्रवेश करते ही इफ्तार पार्टी का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में पवित्र रमजान महीने के 24 वें रोजा के दिन इफ्तार पार्टी में गंगा जमुनी तहजीब की अनोखी मिसाल देखने को मिली है। हर साल की तरह इस साल भी दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन चिकित्सक दंपति डा0 अफजल आलम व पूर्व मुखिया डा0 बेबी आलम के कवलपुर आवास पर किया गया था। जहां मुस्लिम समाज से करीब 300 से अधिक रोजदारों के अलावे दुसरे समुदाय के लोगों ने भी इफ्तार किया। जिसमें तुरकौलिया पूर्वी पंचायत सहित इलाके के कई गणमान्य लोग, समाजसेवी व जनप्रतिनिधि शामिल थे। सभी ने एक साथ इफ्तार करके समाज में आपसी भाईचारे का संदेश दिया। साथ ही रमजान के पवित्र महीने में आयोजित इस पार्टी ने समाजिक सौहार्द और एकता पेश की है। डा0 अफजल आलम और पूर्व मुखिया डा0 बेबी आलम ने कहा कि तुरकौलिया की धरती की यही खूबसूरती है कि यहां हिंदू मुस्लिम मिलजुलकर एक दुसरे के पर्व त्योहारों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। होली हो या दिवाली या फिर ईद बकरीद का त्योहार हो, यहां सभी लोग खुशी खुशी एक साथ मनाते हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। वही हरदिया पंचायत के पूर्व मुखिया अजीमुद्दीन आजम के दरवाजे पर भी आयोजित भव्य इफ्तार पार्टी में काफी संख्या में रोजेदार पहुंचे थे।

# एमएसएमई द्वारा तीन दिवसीय प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का शुभारम्भ, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने किया उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** एम.एस.एम.ई.-डी.एफ.ओ., पटना द्वारा गांधी इंटर स्कूल, नवादा के प्रांगण में तीन दिवसीय प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का शुभारम्भ किया गया। इस मेले का उद्घाटन माननीय केंद्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, श्री जीतन राम मांझी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय केंद्रीय मंत्री श्री जीतन राम मांझी ने कहा कि एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि के बाद देश की आर्थिक प्रगति में इस क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान है तथा सकल घरेलू उत्पाद एवं निर्माण क्षेत्र में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 17 सितम्बर 2023 को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारंभ की गई, जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को सशक्त बनाना है। इस योजना के अंतर्गत कारीगरों को प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता तथा कार्य हेतु आवश्यक टूलकिट उपलब्ध कराई जाती है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। योजना के तहत लगभग 15 हजार रुपये की टूलकिट सहायता, बिना बैंक गारंटी के 1 लाख रुपये तक का ऋण तथा व्यवसाय विस्तार के लिए 2 लाख रुपये तक की सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पारंपरिक शिल्पकार समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके लिए प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास एवं ऋण सहायता की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही देशभर में टेक्नोलॉजी सेंटर एवं शिल्पकार हब विकसित किए जा रहे हैं तथा खादी एवं ग्रामोद्योग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें।माननीय मंत्री द्वारा मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि एमएसएमई क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। बिहार में कुल औद्योगिक इकाइयों का लगभग 95 प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित है तथा राज्य के कुल उत्पादन का लगभग 65 से



70 प्रतिशत इसी क्षेत्र से प्राप्त होता है। रोजगार सृजन की दृष्टि से कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र भी एमएसएमई ही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कारीगरों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण मानकीकरण तथा बाजार एवं हाटों तक पहुँच बनाने में सहयोग प्रदान किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों को चिन्हित किया गया है। लाभार्थियों के चयन में स्थानीय पंचायतों की भी महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित की गई है, ताकि कोई भी पारंपरिक कारीगर इस योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। जिला पदाधिकारी ने बताया कि उद्यम पंजीकरण एमएसएमई क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। पूर्व में छोटे उद्यमियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जटिल थी, किंतु अब इसे सरल बनाकर उद्यम आईडी प्रदान की जा रही है, जो एमएसएमई इकाइयों के लिए आधार कार्ड की तरह कार्य करती है। इसके माध्यम से उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान हो गया है।

उन्होंने बताया कि बिहार में अब तक 45 लाख से अधिक उद्यम आईडी पंजीकृत हो चुकी हैं तथा प्रतिमाह लगभग 50 हजार नए पंजीकरण हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त जीरो इफेक्ट-जीरो डिफेक्ट (ZED) योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP), रैम्प, इंक्यूबेशन कार्यक्रम एवं विभिन्न कौशल विकास संस्थानों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा भी मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत युवाओं, महिलाओं तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लाभार्थियों को 05 लाख रुपये तक की पूंजीगत अनुदान तथा कम ब्याज दर पर ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त पीएम-एफएमई योजना के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों को लगभग 35 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है।

निदेशक, एम.एस.एम.ई.-डी.एफ.ओ., पटना श्री आर.के. चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत 17 सितम्बर 2023 को की गई थी, जिसका प्रारंभिक लक्ष्य पाँच वर्षों में 30 लाख लाभार्थियों को जोड़ने का था। प्रसन्नता की बात है कि माननीय मंत्री के मार्गदर्शन में मात्र डेढ़ से दो वर्षों के भीतर ही यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में देशभर में 30 लाख से अधिक कारीगरों का पंजीकरण हो चुका है तथा लगभग 30 लाख लाभार्थियों का तृतीय चरण का सत्यापन भी पूर्ण किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि बिहार में भी इस योजना के प्रति व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। राज्य में अब तक लगभग 18.5 लाख पंजीकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1 लाख 63 हजार से अधिक लाभार्थियों का तृतीय चरण का सत्यापन सफलतापूर्वक संपन्न किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेले का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़े कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। इस प्रकार के आयोजनों से कारीगर अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचा सकेंगे, उन्हें उचित मूल्य प्राप्त होगा तथा उनकी आय में वृद्धि होगी, जिससे उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक सुधार आएगा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर श्री अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी श्री राजीव कुमार, एलडीएम श्री मनीष कुमार, शाखा प्रबंधक एसबीआई श्री नीरज कुमार के साथ-साथ विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, उद्यमी, कारीगर एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## एससी-एसटी एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए जेल



थाना परिसर से जेल जाता गिरफ्तार अभियुक्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के सोहदा गांव से पुलिस बलों ने बीते शुक्रवार की रात्रि को एससी-एसटी एक्ट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि रजौली थाना कांड संख्या 103/26 में एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद नामजद अभियुक्त विगत कई दिनों से फरार चल रहा था। बीते शुक्रवार की रात्रि गुप्त सूचना के आलोक में थाने में पदस्थापित एसआई संगीता कुमारी एवं पुलिस बलों के सहयोग से सोहदा गांव निवासी चरितर यादव के पुत्र राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से जरूरी पूछताछ के बाद शनिवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में कथित भ्रष्टाचार, नवादा की सैकड़ों महिलाएं वर्षों से न्याय के लिए भटक रहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी *प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना* (PMEGP) नवादा जिले में जनकल्याणकारी योजना के बजाय पीड़ितों के लिए अभिशाप बनती जा रही है। पिछले चार वर्षों से जिले की सैकड़ों महिलाएं इस योजना में कथित अनियमितताओं और अवैध वसूली के आरोपों को लेकर न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पीड़ित महिलाओं ने कई दस्तावेज और साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए आरोप लगाया है कि योजना के क्रियान्वयन में भारी स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है।

मामले में सबसे गंभीर आरोप जिला उद्योग केंद्र नवादा के अधिकारियों की भूमिका को लेकर लगाए जा रहे हैं। बताया जाता है कि उद्योग विभाग के महाप्रबंधक द्वारा पूर्व में अपने ही कार्यालय की जांच रिपोर्ट को गलत ठहराते हुए कथित रूप से आरोपित लोगों का समर्थन किया गया, जिससे पीड़ित महिलाओं में भारी नाराजगी है। महिलाओं का कहना है कि योजना के तहत ऋण स्वीकृति और अन्य प्रक्रियाओं में बिचौलियों के माध्यम से अवैध पैसे की मांग की गई तथा गरीब और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को विशेष रूप से परेशान किया गया।

इस मामले को उस समय तूल मिला जब नवादा के तत्कालीन सांसद *चंदन सिंह* ने इसे गंभीरता से उठाया। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र के भ्रमण के दौरान महिलाओं की शिकायतों के आधार पर जिला पदाधिकारी को पत्र लिखकर योजना में हो रही कथित अवैध उगाही और अनियमितताओं की जांच की मांग की थी। हालांकि, आरोप है कि यह पत्र जिला प्रशासन के स्तर पर लंबे समय तक कार्रवाई के बिना ही लंबित रहा।

इसके बाद सांसद ने मामले को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाते हुए भारत सरकार के विभिन्न विभागों को कई पत्र भेजे। इनमें *निर्मला सीतारमण* (केंद्रीय वित्त मंत्री) और *नरेंद्र मोदी* (प्रधानमंत्री) को भी पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई। इसके अतिरिक्त पंजाब नेशनल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, पटना तथा बिहार सरकार के उद्योग विभाग को भी इस संबंध में विस्तृत शिकायत भेजी गई थी।

इसी क्रम में नवादा की वर्तमान विधायक *विभा देवी* ने भी मामले को गंभीर मानते हुए 25 सितंबर 2023 को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय जांच कराने का आग्रह किया था। उन्होंने अपने पत्र में आरोप लगाया था कि योजना के लाभार्थियों, विशेषकर गरीब और दलित महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है और उन्हें योजना का लाभ देने के बजाय परेशान किया जा रहा है।

इधर पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि कई अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा जांच की मांग किए जाने के बावजूद जिला स्तर पर मामले को दबाने का प्रयास किया गया। महिलाओं का कहना है कि उनके पास अवैध वसूली और अनियमितताओं से जुड़े कई दस्तावेज और प्रमाण मौजूद हैं, जिन्हें संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया गया, लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी नहीं दी गई है।

पीड़ित महिलाओं ने सरकार से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों और बिचौलियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि योजना का वास्तविक लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके। फिलहाल सैकड़ों महिलाएं न्याय की उम्मीद में प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

## जीवन का वास्तविक आनन्द सेवा सिमरन सत्संग में है - महात्मा सुनील जी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** प्रखण्ड के अबगिल गांव में संत निरंकारी मिशन के सौजन्य से खुला सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग कार्यक्रम की अध्यक्षता शेखपुरा ब्रांच के मुखी महात्मा विनोद गुप्ता ने किया। स्टेज विराजमान क्षेत्रीय संचालक महात्मा सुनील जी सत्संग को सम्बोधित करते हुए अपने विचार में सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। महात्मा ने कहा कि जीवन का वास्तविक आनंद सद्गुरु द्वारा बताए तीन प्रण सेवा, सिमरन और सत्संग में है। उन्होंने कहा कि सद्गुरु में आस्था और विश्वास जीवन के कष्टों को दूर करने में सहायक होता है। सद्गुरु से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति से परिवार में प्रेम और शांति का वातावरण बनता है। मुखी महात्मा विनोद जी ने अपने विचार में कहा कि आधुनिक जीवन की भाग दौड़ में मनुष्य अशांत हो गया है। ऐसे में सत्संग ही उसे मानसिक शांति प्रदान कर सकता है। मुखी महात्मा ने अधिक से अधिक लोगों से आग्रह किया, सत्संग से जुड़ कर सद्गुरु



स्टेज से प्रवचन देते महात्मा

से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बनावें। इस मौके पर सेवादल संचालक डॉ रामचन्द प्रसाद, शिक्षक परमानंद जी, सुबोध प्रसाद, डॉ उमेश प्रसाद, महेंद्र जी, रंजन जी, सकलदीप जी, अर्जुन जी, बाल्मीक्की जी, रामवृक्ष जी आदि मौजूद थे।

## ढाका में डॉ. मंजर नसीम की मेजबानी में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सिकरहना।** रमजान के पाक महीने के मौके पर शनिवार को ढाका सिटी होटल में पूर्वी चंपारण के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मंजर नसीम की मेजबानी में भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोग, समाजसेवी, चिकित्सक और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इफ्तार कार्यक्रम में रोजेदारों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और अल्लाह से अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। आयोजन स्थल पर रमजान की खास रौनक देखने को मिली। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मेहमानों के लिए खजूर, फल, शरबत, पकौड़ी समेत कई प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। अजान होते ही सभी रोजेदारों ने सामूहिक रूप से इफ्तार किया।



डॉ. मंजर नसीम ने कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है। इस महीने में जरूरतमंदों की मदद करना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना सबसे बड़ा संदेश है।उन्होंने कहा कि समाज में आपसी मेल-मिलाप और एकता को मजबूत करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम जरूरी हैं। इफ्तार के बाद लोगों ने मिलकर नमाज अदा की और देश व समाज में शांति और खुशहाली की दुआ मांगी।कार्यक्रम में कई सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे तथा सभी ने इस आयोजन की सराहना की।

## आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु चयनित चार छात्राओं को विद्यालय में किया गया सम्मान



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**केसरिया, पू.च।** पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्लस टू आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में नामांकन हेतु चार छात्राओं का चयन हुआ है। द इंजीनियर के.एन. सुमन स्कूल द्वारा चयनित छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में पल्लवी प्रिया, अंजली कुमारी, अर्पणा कुमारी एवं खुशबू कुमारी शामिल हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक राकेश कुमार व लालु कुमार यादव ने बताया कि हाल ही में पारदर्शी परीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से आधा दर्जन से अधिक मेधावी बच्चों का चयन किया गया है। चयनित बच्चों को सरकार की ओर से मुफ्त आवासीय शिक्षा एवं रहने की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## महात्मा गांधी फुटबॉल टूर्नामेंट पर कुशीनगर का कब्जा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**चकिया-पू०च०।** शहर की ऐतिहासिक गांधी मैदान में शनिवार को फाईनल मुकाबला कुशीनगर कंक्रिट फुटबॉल क्लब बनाम चाइबासा फुटबॉल झारखण्ड के बीच खेला गया।उपर निला आकाश निचे प्राकृतिक की बीछी हरी हरी चादर वाले मैदान पर दोनों टीमो के खिलाडियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। फाईनल मुकाबले को देखने के लिए फुटबॉल प्रेमी दर्शकों की भीड उमड पडी थी।खिलाडी अपने स्टेमिना व स्किल आदि का परिचय दिया तथा प्रतिद्वंदी को छका गेंद लेकर आगे बढ रहे खिलाडी का हौसला अफजाई के लिए जमकर तालियां बजाई। खेल के 90 वें मिनट पर कुशीनगर टीम के जर्सी नम्बर 7 विपुल गोरा को गेंद मिला वह सिधे पोस्ट मे धकेल दिया तथा शुन्य के



मुकाबले एक गोल से टीम को जीत दिला दी तथा विनर ट्राफी पर कब्ज़ा जमा लिया।

खेल के क्रम मे गेंद बिजली की तरह दोनों खेलाडियों के पैर तो कभी सिर से टकराती रही इस क्रम मे झारखण्ड टीम को भी गोल के लिए कई बेहतर मौका मिला पन्तु गोल करने मे असफल रही।मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को विनर ट्राफी व निर्धारित नगद राशि देकर सम्मानित किया।मैन आफ द मैच का पुरस्कार रिपुल बोरो कुशीनगर टीम के खिलाडी को दिया गया।वहीं कामेंटेटर की जिम्मेवारी रोहित सिंह ने निभाई।वहीं टूर्नामेंट के बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव तथा सभापति पवन सर्राफ व व्यवसायी सह जदयू जिला उपाध्यक्ष चन्द्रभूषण प्रसाद व टीआईएस के निदेशक सायम नासिर आदि ने दोनों टीमों के खिलाडियों से

परिचय प्राप्त करने के उपरांत खेल शुरू हुई ।आयोजन समिति की ओर से आगत अतिथि व डीएसपी संतोष कुमार एवं शियावर सिंह पूर्व फुटबॉल खिलाडी मो मेराज आलम,पप्पू श्रीवास्तव,रामचंद्र सिंह,रमाकांत प्र, विनोद सिंह,सैनल हक,अरूण मिश्रा, कृष्णा शर्मा,प्रमोद गुप्ता,जयप्रकाश यादव गौतम कुमार तथा अमित कुमार आदि को मुख्य व विशिष्ट अतिथि ने मोमेंटो तथा अंग वस्त्र आदि देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने मे आयोजन समिति के हरजीत सिंह राजू, अशोक कुमार यादव,कृष्णा कुमार शर्मा, लजयप्रकाश यादव,मो दाउद आलम, धर्मनाथ राय, कृष्णा शर्मा सुकेश गुप्ता, अजय कुमार, हरप्रित सिंह प्रिंस, राजेश कुमार रम्भू, नाजिर आलम सहित अन्य की अहम भुमिका निभाई ।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा खुला विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स को मिली मंजूरी, 11 विषयों में जुलाई से शुरू होंगे नामांकन



**नालन्दा।** नालंदा खुला विश्वविद्यालय (NOU) के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी राहत मिली है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो ने स्नातक के चार वर्षीय पाठ्यक्रम (FYUGP) के संचालन के लिए कुल 11 विषयों में नामांकन की आधिकारिक मान्यता प्रदान कर दी है। इस फैसले के बाद अब विश्वविद्यालय में नए सत्र के लिए दाखिले का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, पिछले वर्ष यूजीसी ने पांच प्रमुख विषयों इतिहास, अर्थशास्त्र, रसायन शास्त्र, जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान में नामांकन की अनुमति दी थी। इसको विस्तार देते हुए इस वर्ष छह अन्य महत्वपूर्ण विषयों को भी हरी झंडी मिल गई है। अब छात्र राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, गणित, भौतिकी एवं भूगोल जैसे विषयों में भी आर्ट्स और साइंस दोनों संकायों के तहत स्नातक की डिग्री हासिल कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नामांकन की यह पूरी प्रक्रिया यूजीसी (DEB) की ओर से निर्धारित कड़े मानदंडों और मानकों के आधार पर संचालित की जाएगी। नए सत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया आगामी जुलाई सत्र से आरंभ होने वाली है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के आधिकारिक पोर्टल के खुलते ही अपना आवेदन ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकेंगे। नई शिक्षा नीति के तहत शुरू किए गए इस चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम से उन हजारों छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा, जो दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं। विश्वविद्यालय के इस विस्तार से बिहार में उच्च शिक्षा के स्तर और पहुंच में और भी सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### दो लाल ऑटिज्म-सीपी नेशनल चैंपियनशिप में दिखाएंगे दम, पाटलिपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा आयोजन



**नालंदा।** पटना के पाटलिपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के दो प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी चमक बिखेरेंगे। 14 और 15 मार्च को होने वाली '12वीं नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप फॉर ऑटिज्म 2025-26' एवं '21वीं नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप फॉर सीपी 2025-26' में सार्थक राज और आरुषि बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इंडियन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ ऑटिज्म एंड सीपी के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सार्थक राज 'ऑटिज्म' वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेंगे, वहीं आरुषि 'सीपी' (सेरेब्रल पाल्सी) वर्ग में राज्य का गौरव बढ़ाएंगी। सार्थक राज वर्तमान में संत पाल इंग्लिश स्कूल में कक्षा दो के छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रिंसिपल बिजू थॉमस ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सार्थक की खेल के प्रति रुचि और निरंतर अभ्यास ने उनकी प्रतिभा को तराशा है। स्कूल परिवार को उनकी इस सफलता पर गर्व है। खिलाड़ियों के कोच कुंदन कुमार पांडे ने बताया कि सार्थक राज का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है। इससे पहले ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय खेल 2024-25 में भी सार्थक ने अपनी अद्भुत खेल क्षमता का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक जीता था। कोच के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूरी उम्मीद है कि वे इस बार भी पदक जीतकर जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे। खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने दोनों खिलाड़ियों को इस बड़ी प्रतियोगिता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

### रक्सौल में अंतराष्ट्रीय जन सेवा संगठन के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**रक्सौल पू०च०।** अंतराष्ट्रीय जन सेवा संगठन के कार्यालय का रक्सौल मौजे में विधिवत उद्घाटन मुख्य अथिति एसएसबी 47 वी वाहनी इंस्पेक्टर एएचटीयू विकाश कुमार व विशिष्ठ अतिथि स्टेशन अधीक्षक अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे मुख्य अतिथि विकास कुमार ने कहा की मानव सेवा व जनकल्याण के उद्देश्य से ये संस्था कार्य करेगी ,जो काफी सराहनीय है।इस कार्य मे महिलाएं काफी सक्रिय मूमिका निभा रही है,इससे नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा,वही संस्था के संयोजक अधिवक्ता दीप प्रकाश ने कहा की इस संस्था का मुख्य उद्देश्य गरीब,असहाय,और पीड़ित लोगों की मदद करना उनकी समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिये प्रयास करना है।संस्था की सह संयोजक मीतू गुप्ता,संगठन प्रभारी मीरा कुशवाहा,कोष प्रभारी सुनीता देवी,सदस्य सचिव नीता कुमारी,सह सदस्य सचिव कविता देवी,सलाहकार चंदा श्रीवास्तव ,अस्थाई बृत प्रभारी प्रतिमा देवी ने आगन्तुक अतिथितो को पुष्पगुच्छ व अंग बस्त्र देकर स्वागत किया।तथा इस संगठन के माध्यम से गरीब, मजबूर व असहाय व पीड़ित लोगो को हमेशा निशुल्क सेवा देने का संकल्प लिया।इस मौके पर भाजपा रक्सौल संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय ,समाजसेवी भरत प्रसाद गुप्ता,लायंस क्लब रक्सौल के अध्यक्ष बिमल सर्राफ,भाजपा नेता ई जितेंद्र कुमार,राजकिशोर राय, प्रेमचंद कुशवाहा,कमलेश कुमार,समाजसेवी रजनीश प्रियदर्शी,माहेर के बीरेंद्र प्रसाद, भाजपा नेत्री ज्योतिराज गुप्ता,रेणु गुप्ता,प्रिया गुप्ता,पूनम गुप्ता,स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रणजीत सिंह,सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे ।

# गया जंक्शन को रेलवे डिवीजन बनाने की मांग पर कांग्रेस का धरना

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता



**गया।** गया जंक्शन को रेलवे डिवीजन का दर्जा देने सहित विभिन्न रेल सुविधाओं की मांग को लेकर शनिवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्टेशन परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम ज्ञापन भी सौंपा। धरना में शामिल नेताओं ने कहा कि गया जंक्शन पूर्व मध्य रेलवे का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है और यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। इसके बावजूद इतने वर्षों से इसे रेलवे डिवीजन का दर्जा नहीं दिया गया है, जिससे मध्य बिहार के लोगों में असंतोष है। उन्होंने मांग की कि गया जंक्शन को जल्द से जल्द रेलवे डिवीजन घोषित कर यहां डीआरएम कार्यालय की स्थापना की जाए।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि गया एक अंतरराष्ट्रीय पहचान वाला धार्मिक और पर्यटन शहर है, जहां हर साल देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पिंडदान और पर्यटन के लिए पहुंचते हैं। बोधगया जैसे विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल के कारण यहां यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में गया से मुंबई, अहमदाबाद, पुरी और हैदराबाद के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की भी मांग की गई। धरना को संबोधित करते हुए नेताओं ने आसपास के रेलवे स्टेशनों के विकास की भी जरूरत बताई। उन्होंने चाकन्द, काष्ठा, मानपुर, ईश्वर चौधरी हॉल्ट, बंधुआ, पैमार और करजरा स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की मांग की। साथ ही गया जंक्शन से चाकन्द, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बोधगया, मगध यूनिवर्सिटी और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार तक रिंग बस सेवा शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा गया, ताकि छात्रों और यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

धरना के दौरान नेताओं ने रसलपुर रेलवे ओवरब्रिज के लंबित निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने तथा बागेश्वरी ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने की मांग उठाई। इसके अलावा कटारी, मानपुर और टनकुप्पा में भी रेलवे ओवरब्रिज बनाने की आवश्यकता बताई गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों और खिलाड़ियों को मिलने वाली रेल किराया रियायत पिछले छह वर्षों से बंद है, जिसे फिर से लागू किया जाना चाहिए। साथ ही गया शहर की प्रमुख सड़कों के किनारे रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर पार्किंग, मॉल और व्यावसायिक परिसर विकसित करने की भी मांग की गई। धरना-प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने स्टेशन अधीक्षक विनोद कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें रेल मंत्री के नाम ज्ञापन की प्रति सौंपी और मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया। इस मौके पर विजय कुमार मिट्ठू, मोहम्मद खान अली, राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, राजीव कुमार सिंह, सुनील कुमार पासवान, धर्मेंद्र कुमार निराला सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एएसपी ने पाई बिगहा थाना का किया निरीक्षण, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश




सोन वर्षा वाणी I संवाददाता

**बेलागंज, गया।** गया जिले के पाई बिगहा थाना का शनिवार को पुलिस अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के जवानों ने अधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के क्रम में एएसपी संजय कुमार ने थाना परिसर, कार्यालय कक्ष, अभिलेखों और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने थाना से जुड़े विभिन्न रजिस्टरों और दस्तावेजों की भी जांच की तथा अधिकारियों से कानून-व्यवस्था और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के बाद आयोजित बैठक में उन्होंने लंबित मामलों की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी मामले के निष्पादन में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। एएसपी ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसलिए थाना स्तर पर आने वाली शिकायतों का निष्पक्ष और शीघ्र निपटारा किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया गया। एएसपी ने बेहतर कार्य के लिए थाना प्रभारी उमेश राम की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर एसआई चैतू राम सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे।

## बेलागंज में नियमित टीकाकरण को लेकर कार्यशाला, जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर



सोन वर्षा वाणी I संवाददाता

**बेलागंज,गया।** गया जिले के बेलागंज प्रखंड सभागार में शनिवार को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार शर्मा ने की। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों ने टीकाकरण अभियान को बेहतर तरीके से लागू करने तथा अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि नियमित टीकाकरण बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कई गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि समाज में टीकाकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है, ताकि कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रह जाए। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करें और अभिभावकों को बच्चों को समय पर टीके लगवाने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर रागिनी कुमारी (बाल विकास परियोजना पदाधिकारी), विजेंद्र शर्मा (हेल्थ मैनेजर), विवेकानंद विवेक (बीसीएम) सहित पंचायत प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर नियमित टीकाकरण अभियान को सफल बनाने और शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया।

# शेरघाटी व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत, 304 मामलों का हुआ निपटारा

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता



♦ मामलों का निपटारा कर लोगों को त्वरित न्याय दिलाने का प्रयास किया गया

**शेरघाटी, गया।** शेरघाटी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में शनिवार को वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन बिहार विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर किया गया। लोक अदालत में सुलह के आधार पर बड़ी संख्या में मामलों का निपटारा कर लोगों को त्वरित न्याय दिलाने का प्रयास किया गया। आयोजित लोक अदालत में कुल 304 मामलों का निष्पादन किया गया। इनमें 64 सुलहनीय मामलों का समाधान आपसी सहमति से कराया गया, जबकि विभिन्न बैंकों से जुड़े 239 ऋण वादों का भी समझौते के आधार पर निपटारा हुआ। इन ऋण मामलों में लगभग 68 लाख 42 हजार 911 रुपये की राशि पर समझौता हुआ। अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के कर्मचारी मनीष प्रकाश ने बताया कि इस लोक अदालत में एक 20 वर्ष पुराने विवाद का भी समाधान कराया गया। एसीजेएम प्रथम न्यायालय में लंबित परिवाद वाद संख्या 219/06 (रामवतन भुइयां बनाम मुटुर भुइयां) को आपसी सहमति से समाप्त कर दिया गया, जिससे दोनों पक्षों को लंबे समय से चले आ रहे विवाद से राहत मिली। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए शेरघाटी में दो बेंचों का गठन किया गया था। एक बेंच में एसीजेएम द्वितीय संजय कुमार तथा पैनल अधिवक्ता मुकेश कुमार शामिल थे, जबकि दूसरी बेंच में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रोहित सिन्हा और पैनल अधिवक्ता अरुण कुमार ने मामलों की सुनवाई की।

इस दौरान विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूको बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सहित अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा वन, खनन, परिवहन, श्रम और माप-तौल विभाग के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह अध्यक्ष अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति लवकुश कुमार ने अन्य न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न विभागों से जुड़े सुलहनीय मामलों का त्वरित समाधान एक ही मंच पर किया जाता है और इन फैसलों को आगे चुनौती नहीं दी जा सकती। लोक अदालत के सफल आयोजन में बेंच क्लर्क सुशील कुमार, सब्बीर अहमद और पीएलवी दीपक कुमार सहित कई कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नालंदा में कल 32 केंद्रों पर होगी चपरासी भर्ती परीक्षा

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता

♦ 500 गज के दायरे में फोटो स्टेट दुकानें रहेगी बंद, लाउड स्पीकर पर भी लगी रोक



**नालंदा।** नालंदा जिला प्रशासन ने आने वाले 15 मार्च (रविवार) को आयोजित होने वाली सिविल कोर्ट के 'अटेंडेंट/चपरासी (सामान्य और अर्दली)' पद की नियुक्ति परीक्षा को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कमर कस ली है। बिहारशरीफ अनुमंडल पदाधिकारी किसलय श्रीवास्तव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी 32 परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। आदेश रविवार को दो पालियों में होने वाली परीक्षा के दौरान प्रभावी रहेगा, जिसमें पहली पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक संचालित होगी।

प्रशासन की ओर से चयनित कुल 32 परीक्षा केंद्रों में कैम्ब्रिज स्कूल पहड़पुरा, कैरियर पब्लिक स्कूल काशी तकिया, डेफोडिल पब्लिक स्कूल मंगला स्थान, डीएवी पब्लिक स्कूल श्री सती स्थान, देवशरण महिला कॉलेज सोहसराय, राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय सोहसराय, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कमरूद्दीनगंज, जवाहर कन्या उच्च विद्यालय झींगनगर, केके कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, केके पॉलिटेक्निक, केके पब्लिक स्कूल बैरोटी, किसान कॉलेज सोहसराय, केएसटी कॉलेज सोहसराय, नालंदा कॉलेज, नालंदा विद्या मंदिर पतासंग, नेशनल +2 उच्च विद्यालय शेखाना, पीएम श्री बिहार टाउन उच्च विद्यालय सालूगंज, पीएमएस कॉलेज पहड़पुरा, पीएम श्री आदर्श उच्च विद्यालय बिहारशरीफ, आरपीएस स्कूल मकनपुर, आरपीएस स्कूल कचहरी रोड, आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय भैंसासुर, सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज, एसएस बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सदानंद इंटरमीडिएट कॉलेज रामचंद्रपुर, सदरे आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल कागजी मोहल्ला, कृषि विश्वविद्यालय केके कैंपस, शिक्षण प्रशिक्षण और अनुसंधान विद्यालय नेपुरा, सोगरा कॉलेज, सोगरा उच्च विद्यालय +2, संत जोसेफ एकेडमी खंदकपर और सनबीम सेंट्रल स्कूल राणाबिगहा शामिल हैं।

निषेधाज्ञा के लागू होने के साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने, किसी भी प्रकार का घातक हथियार जैसे लाठी, गड़ासा या लाइसेंसी आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा के दौरान केंद्रों के 500 गज के दायरे में आने वाली सभी फोटो स्टेट दुकानें, साइबर कैफे और कोचिंग संस्थान सुबह 10:00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक अनिवार्य रूप से बंद रहेंगे। साथ ही लाउडस्पीकर और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है।

**अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण केंद्र के भीतर नहीं ले जा सकेंगे:** परीक्षार्थियों को भी सख्त निर्देश दिया गया है कि वे लेखन सामग्री के अलावा मोबाइल या कोई भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण केंद्र के भीतर नहीं ले जा सकेंगे। हालांकि, यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों, शवयात्रा और लाठी के सहारे चलने वाले बुजुर्गों/दिव्यांगों पर लागू नहीं होगा। इस आदेश की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सुसंगत कानूनी धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राजगीर में पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी सह व्यापार मेला, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता



**नालंदा।** अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, राजगीर में 15 और 16 मार्च को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत दो दिवसीय भव्य प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, पटना की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आधुनिक तकनीक, वित्तीय सहायता और बड़े बाजार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के समन्वयक सह सहायक निदेशक घमंडी लाल मीणा ने जानकारी दी कि इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे।

**उत्पादों की खरीदने में होगी आसानी:** इस दो दिवसीय आयोजन में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़े विभिन्न व्यवसायों जैसे बढ़ई, लोहार, कुम्हार, सुनार, दर्जी, राजमिस्त्री और मोची सहित अन्य शिल्पकारों के उत्कृष्ट हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मेले के माध्यम से स्थानीय कारीगरों को अपने उत्पादों के विपणन का एक बड़ा मंच मिलेगा, जहां आगंतुक सीधे उनसे उत्पादों की खरीद कर सकेंगे।

इसके साथ ही, कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों और विद्यार्थियों को एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं, जैसे उद्यम पंजीकरण, उद्यमिता विकास और विपणन सहायता की विस्तृत जानकारी भी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी।

बता दें कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत शिल्पकारों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण, टूलकिट प्रोत्साहन और डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही, उन्हें व्यवसाय विस्तार के लिए कम ब्याज दर पर ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है। एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस मेले में पहुंचकर पारंपरिक कारीगरों के हुनर को प्रोत्साहित करें और 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को मजबूत करने में अपना योगदान दें।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर गया इंजीनियरिंग कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी I संवाददाता




**गया।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर शनिवार को गया अभियंत्रण महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। यह आयोजन भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के पटना शाखा कार्यालय के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य राजन सरकार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पटना शाखा कार्यालय के कंसल्टेंट अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को भारतीय मानकों, गुणवत्ता चिन्हों और उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही बाजार में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित कर सकते हैं। यदि उपभोक्ता सजग रहेंगे तो बाजार में मिलावटी या निम्न गुणवत्ता वाले उत्पादों की गुंजाइश कम हो जाएगी। कार्यक्रम में बीआईएस के नोडल अधिकारी लवकुश गुप्ता और बीआईएस स्टूडेंट चैप्टर के मेंटर तथा यांत्रिकी अभियंत्रण विभागाध्यक्ष मनोज कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मृणाल रंजन, रौशन कुमार, दानवेन्द्र सिंह, सूर्यकांत सिंह और प्रलयंकर कुमार सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रत्येक उपभोक्ता को सुरक्षित उत्पाद प्राप्त करने, वस्तुओं और सेवाओं के बारे में सही जानकारी पाने, अपनी शिकायत रखने तथा उसका समाधान पाने का अधिकार है। साथ ही छात्रों को यह भी सलाह दी गई कि किसी भी वस्तु या सेवा की खरीदारी करते समय उसकी गुणवत्ता, मानक चिन्ह और बिल अवश्य लें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सजग रहने और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### न्यायालय का वारंटी गिरफ्तार

**राजपुर**। स्थानिय पुलिस ने शनिवार को राजपुर निवासी न्यायालय के एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया.थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि राजपुर निवासी श्याम नरायण जयसवाल के बेटा विरेन्द्र जयसवाल को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया.

### राष्ट्रीय लोक अदालत में सैकड़ो सुलहनीय मामले का किया गया निस्तारण

**बिक्रमगंज**। व्यवहार न्यायालय बिक्रमगंज में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एडीजे प्रथम ओम सागर, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी राजेश कुमार, दिपक कुमार, महादेव बार एशोसिएशन बिक्रमगंज के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भरद्वाज महासचिव ठाकुर मुन्ना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। लोक अदालत में सैकड़ो सलहनीय मामले का निष्पादन किया गया, जबकि विभिन्न बैंकों, बिजली विभाग के लाखों रुपया बकाया वसूल किया गया। लोक अदालत प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि लोक अदालत के लिए छह बेंच का गठन किया गया। प्रथम बेंच के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ओम सागर पीठासीन पदाधिकारी न्यायिक दंडाधिकारी आदित्य गर्ग के कोर्ट के सुलहनीय वादों का निस्तारण किया गया। द्वितीय बेंच के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय कृष्णा प्रताप राणा दासी पीठासीन पदाधिकारी ने एसडीजेएम कोर्ट के सुलहनीय वादों का निस्तारण किया। तृतीय बेंच के पिठासीन पदाधिकारी एसीजेएम 1 राजेश कुमार अपने न्यायालय के सुलहनीय वाद, ग्रामीण बैंक, ट्रैफिक चलान, बिजली बिल से सम्बंधित वाद का निराकरण किये। चतुर्थ बेंच के पीठासीन पदाधिकारी न्यायिक दंडाधिकारी डॉ महादेव अपने न्यायालय के सुलहनीय वाद, बैंक ऑफ़ बड़ोदरा, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वादों का निस्तारण किये। पांचवे बेंच के पीठासीन पदाधिकारी न्यायिक दंडाधिकारी दीपक कुमार अपने न्यायालय के आलावा एसबीआई के सभी शाखा के और छठे बेंच के पीठासीन पदाधिकारी प्रतिक शैल पीएनबी, यूनियन बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया के वादों का निस्तारण किये।

### अवैध शराब तस्कर को 18 लीटर महुआ शराब के साथ रंगे हाथों दबोचा, तीन पॉस्को एक्ट के गवाह के वांछित भी गिरफ्तार


**काराकाट/ रोहतास** । प्रशासन ने अवैध शराब के खिलाफ सतत अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में छापामारी टीम ने नाद गांव सरकारी स्कूल के नजदीक पुलिया पर छापा मारा। वहां देसी महुआ शराब बेचने वाले धंधेबाज को 18.10 लीटर शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी नाद गांव निवासी रामेश्वर पासवान उर्फ विगाड़ी के पुत्र पंकज कुमार है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि कई दिनों से इस धंधेबाज पर नजर रखी जा रही थी। गुप्त सूचना मिलते ही टीम गठित कर छापेमारी की गई। आरोपी को शराब के साथ धर दबोचा गया और जरूरी कानूनी कार्रवाई पूरी कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी और तेज कर दी गई है, ताकि क्षेत्र में शराबबंदी कानून का पूर्ण पालन हो सके।

**अन्य वारंटियों पर भी कार्रवाई**: इसी क्रम में थाना पुलिस ने सासाराम न्यायालय से जारी वारंट पर तीन अन्य आरोपी भी गिरफ्तार किए। किरही गांव निवासी सोनम कुमार, छोटू कुमार और प्रभात कुमार पॉस्को एक्ट के गवाह के तौर पर वांछित थे। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। थानाध्यक्ष ने अपील की कि आमजन पुलिस को अवैध गतिविधियों की सूचना दें, ताकि अपराध पर लगाम लगाई जा सके। काराकाट थाना क्षेत्र में शराब तस्करी और अन्य अपराधों पर पुलिस की नजर बनी हुई है।

### धनरूआ में बिजली तार की चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार

**मसौढ़ी**! धनरूआ पुलिस ने बिजली के तार की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान फतुहा थाना क्षेत्र के नारायणा गांव निवासी रामजन्म प्रसाद के पुत्र अंकित कुमार एवं फतुहा निवासी भोला शर्मा के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई है।मामला धनरूआ थाना का है,जहां एक सप्ताह पूर्व बधार से बिजली के तार की चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बीती रात दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उसके पास से चोरी की गई बिजली की तार को भी बरामद की गई है।पूछताछ में आरोपियों ने बताया तार की चोरी की थी। चोरी के बाद वे इसे बेचने की कोशिश कर रहे थे। बिक नहीं पाने के कारण वे इसे अलग-अलग जगहों पर छिपाते रहे।थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### उत्पात मचाने वाला हाथी इंद्रपुरी बराज के पास आकर फंसा



**डेहरी/रोहतास** । पलामू के जंगल से भटक कर आया एक हाथी तिलौथू प्रखंड के कई गांवों में उत्पात मचा चुका है। ग्रामीणों के अनुसार हाथी ने कई जगहों पर घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाया है जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। यह हाथी अब इंद्रपुरी बराज के पश्चिमी जल संग्रहण क्षेत्र में पहुंच गया है और बराज के गेट में जाकर फंस गया है। हाथी खुद से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है लेकिन अभी तक निकल नहीं पा रहा है। सूचना मिलने के बाद आसपास के गांवों के लोग वहां पहुंच गए हैं और वन विभाग को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। ग्रामीणों से हाथी के पास नहीं जाने और सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

### प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**मोतिहारी**। प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन निरीक्षी न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय राजेश कुमार वर्मा के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंच पर अभिषेक कुमार दास, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश इसरार अहमद, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सौरभ जोरवाल, जिलाधिकारी, स्वर्ण प्रभात, पुलिस अधीक्षक, राजीव कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू दुबे, महासचिव, तथा शेषनाथ कुंवर, अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्वेता सिंह, एसीजेएम द्वारा किया गया। निरीक्षी न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक समाज है, तब तक विवाद रहेंगे। किन्तु इन विवादों के समाधान के लिए एक सशक्त मंच राष्ट्रीय लोक अदालत के रूप में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पक्षकार अपनी सूझ-बूझ एवं आपसी सहमति से लोक अदालत के माध्यम से अपने विवादों का सरल और त्वरित समाधान कर सकते हैं।इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से समाप्त होने वाले विवादों में न किसी की हार होती है और न किसी की जीत, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से सौहार्दपूर्ण समाधान होता है। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय इसरार अहमद, पप्पू दुबे तथा शेषनाथ कुंवर ने भी लोक अदालत की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालत भारत की न्याय व्यवस्था का एक अत्यंत प्रभावी एवं मानवीय तंत्र है, जिसका उद्देश्य न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित, सस्ता एवं सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में न केवल न्यायालयों में लंबित मामलों का निपटारा किया जाता है, बल्कि प्री-लिटिगेशन स्तर पर भी विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने का अवसर प्रदान किया जाता है। इससे न्यायालयों का भार कम होने के साथ-साथ समाज में आपसी विश्वास और सौहार्द भी बढ़ता है। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत 7 महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही अनुसूचित जाति कल्याण योजना के तहत 5 लाभुकों को विक्टिम कम्पनसेशन के अंतर्गत आर्थिक सहायता के रूप में चेक प्रदान किया गया तथा 5 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित की गई। आज की राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल 27 बेंचों का गठन किया गया था, जिनमें सदर न्यायालय में 22 बेंच, अरेराज में 1 बेंच तथा ढाका में 4 बेंच शामिल थे।

# सीओ, राजस्व अधिकारी हड़ताल से रैयत परेशान

## कार्यालय आ गुस्से में बोल रही है आम जनता, सम्बन्धित कर्मी नहीं देते हैं कोई प्रतिक्रिया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**राजपुर**। सर्किल ऑफिसर एवं राजस्व अधिकारियों के विगत सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से परेशानी हो रही है.क्षेत्र के रैयत अपनी भूमि सम्बन्धित परेशानियों के निराकरण के लिए प्रतिदिन अंचल कार्यालय आ रहे हैं और हड़ताल की बात सुनकर वापिस हो जा रहे हैं.हड़ताल कब तक चलेगा ? इस प्रश्न का उन्हें कोई स्पष्ट उतर नहीं मिल रहा है.जिस कारण वे पुनः पुनः कार्यालय आकर परेशान हो रहे हैं.

क्षेत्र के रैयत बरना पंचायत मुखिया योगेन्द्र चौधरी,श्याम बिहारी दुबे,अंजनी तिवारी,भाई जयराम सिंह अकेला,मदन राय,श्री भगवान तिवारी,शशिकान्त तिवारी उर्फ घुरहु बाबा,जोखन तिवारी,मैनेजर चौधरी,राजेश कुशवाहा समेत दर्जनों अन्य रैयतों ने बताया कि किसी को एलपीसी बनवाना है. किसी का परिमार्जन करना है तो किसी को जमीन रजिस्ट्री कराना है.मुखिया ने बताया कि अंचल कार्यालय से एनओसी नहीं मिलने से कन्या विवाह भवन समेत अन्य कई तरह की सरकारी योजना का काम शुरू नहीं हो पा रहा है.मदन मोहन तिवारी ने बताया कि दाखिल खारिज का काम नहीं हो पा रहा है.जिस कारण जमीन रजिस्ट्री सम्भव नहीं हो पा रहा है.जमीन नामांतरण, जाति आय निवास आदी प्रमाण पत्र समय से निर्गत नहीं होने से आम जनता गुस्से में है.कार्यालय आकर लोग अकबक बोलते हैं.जनता कि प्रतिक्रिया सम्बन्धित कर्मियों को सुनना पड़ रहा है.कर्मियों के संयम बरते जाने एवं क्रिया का प्रतिक्रिया नहीं दिये जाने के कारण मारपीट की नौबत आने पर भी शांति कायम है. मामले में प्रभारी अंचलाधिकारी सह बीडीओ रविराज ने बताया कि जिसको अपने काम की बहुत जरूरत है,वो कार्यालय आकर बताएं.हर हाल में उनका काम होगा.

### अज्ञात महिला का शव कुएं में मिला

## नई नवेली दुल्हन जैसी दिखने वाली अज्ञात महिला का शव कुआं से बरामद



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रोहतास**। जिले के अकोढी गोला थाना क्षेत्र के बाघा खोह गांव में शनिवार सुबह एक कुएं से अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

सुबह करीब 8 बजे खेतों के बीच स्थित कुएं में शव मिलने की जानकारी मिली। महिला ने लाल रंग की साड़ी पहन रखी थी, उसके हाथ में मेहंदी लगी थी। उसकी उम्र लगभग 24 वर्ष बताई जा रही है और रंग गोरा है। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त पाए गए।

शव मिलने के स्थान से लगभग 400 मीटर पश्चिम दिशा में महिला की चूड़ी और टूटा हुआ मंगलसूत्र जैसे साक्ष्य भी मिले हैं। ये वस्तुएं घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर बरामद की गईं।

अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाईं ने बताया कि महिला के गले पर निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। हालांकि, विस्तृत जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा। पुलिस ने आसपास के थानों को सूचना दे दी है और शव की पहचान के प्रयास जारी हैं। एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीमें भी मौके पर पहुंच गई हैं और मामले की गहनता से जांच कर रही हैं। शव को कुएं से निकाल लिया गया है पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## पंचायत सरकार भवन पर आयोजित सद्भावना बैठक हुई सम्पन्न



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के कथराई पंचायत सरकार भवन पर रामनवमी तथा रमजान को लेकर शनिवार को प्रशासनिक पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता कथराई पंचायत के मुखिया निर्मला देवी तथा मुखिया प्रतिनिधि जयशंकर गुप्ता ने किया। इस बैठक मे बीडीओ, थाना प्रभारी, मुखिया, बीडीसी के साथ अन्य ग्रामीणों की गरिमा मई उपस्थिति रही।थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने कहा कि रमजान एक पवित्र मन है इसे शांतिपूर्ण तरीके से संबंध करना हम सब भी का दायित्व बनता है ईद में आपसी भाईचारा का परिचय देते हुए आपसी सौहार्द कायम रखना है। डीजे पर पूर्ण रब से प्रबंध रहेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाहों से बचने और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। ऑरडियो सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि रमजान और रामनवमी पर साफ सफाई और बिजली पानी की समुचित व्यवस्था की जानी है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे और लोग आपसी सहयोग भी करें, हम सब संकल्प ले कि एक दूसरे से मिलकर अपने क्षेत्र में एकता और प्रेम की मिसाल पेश करेंगे। वहीं बैठक में उपस्थित सभी ने एक स्वर में त्योहारों को शांतिपूर्ण और मिलजुल कर मनाने का संकल्प लिया।

## होटल एवं प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध औचक निरीक्षण का चलाया गया अभियान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बिक्रमगंज /रोहतास**। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के नेतृत्व में दिनांक 13.03.2026 को प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, बिक्रमगंज ,प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी,संझौली एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ रात्रि 09:00 बजे से 10:00 बजे के बीच बिक्रमगंज नगर क्षेत्र के विभिन्न होटल एवं प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया।

निरीक्षण के क्रम में कई होटल / प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के दौरान 4 होटल / प्रतिष्ठानों के संचालकों द्वारा घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना पाया गया, जो कि एलपीजी (विनियमन) आदेश, 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के विरुद्ध है। उक्त प्रतिष्ठानों से प्राप्त कुल 9 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों को जब्त कर बिक्रमगंज थाना में सुरक्षित रखा गया है तथा संबंधित संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

गौरतलब है कि पूर्व में भी इस प्रकार के मामलों में अनुमंडल प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई है। दिनांक 21.08.2025 को 04 होटल संचालकों के विरुद्ध घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने के आरोप में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी प्रकार दिनांक 26.08.2025 को भी 03 होटल संचालकों के विरुद्ध इस प्रकार के कृत्य के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

इसके अतिरिक्त राजपुर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ,राजपुर के द्वारा एक व्यक्ति के विरुद्ध अफवाह फैलाकर एलपीजी गैस की कृत्रिम कमी (Artificial Shortage) उत्पन्न करने के प्रयास के संबंध में भी कार्रवाई की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वर्तमान में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। अतः किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा घबराहट में अतिरिक्त सिलेंडरों की खरीद (Panic Buying) अथवा जमाखोरी (Hoarding) न करें। ऐसा करना आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय है और दोषी पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आगे भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## बिजली बिल से राहत दिलाएगी सोलर योजना पात्र उपभोक्ता 31 मार्च तक करें आवेदन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। गरीब एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को बिजली बिल से राहत देने तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा कुटीर ज्योति (बीपीएल) उपभोक्ताओं के लिए सोलर योजना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सोलर पैनल स्थापित कर सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि कुटीर ज्योति योजना से जुड़े बीपीएल परिवारों को इस योजना का लाभ देकर उनके बिजली खर्च को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगने के बाद उपभोक्ता घरेलू उपयोग की बिजली सौर ऊर्जा से प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने बताया कि यह योजना गरीब परिवारों को आर्थिक राहत प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा के उपयोग से पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होगी तथा स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय कर्मी पात्र उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी अवगत करा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक परिवार इस योजना का लाभ उठा सकें। इच्छुक कुटीर ज्योति (बीपीएल) उपभोक्ता अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में संपर्क कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा स्मार्टफोन के माध्यम से भी आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से 'सुविधा ऐप' डाउनलोड करें और उसमें 'रूफटॉप सोलर पैनल स्थापन हेतु सहमति (कुटीर ज्योति)' विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद उपभोक्ता संख्या दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करें। योजना की शर्तों को पढ़कर सहमति देने के दौरान आवेदक को एक पता प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड अथवा अन्य पात्रता प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा तथा छत का फोटो या आवश्यक विवरण भरकर आवेदन सबमिट करना होगा। आवेदन प्राप्त होने के बाद पात्रता की जांच कर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। विभाग ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 31 मार्च तक इस योजना के लिए आवेदन कर इसका अधिकतम लाभ उठाएं। इस योजना से जहां एक ओर बिजली बिल का बोझ कम होगा, वहीं दूसरी ओर ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

## कोचस पीएचसी मे 16 महिलाओ का सफलता पूर्वक किया गया बंध्याकरण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोचस (रोहतास)** कोचस प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को 16 महिलाओ का सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन जिले से आए सूर्या क्लिनिक के डॉक्टर तथा पीएचसी चिकित्सको के द्वारा सावधानी और मानकों के अनुसार किया गया। पीएससी प्रभारी तुषार कुमार ने बताया कि कोचस पीएससी मे 18 महिलाओ को चयनित किया गया। जहां जिले से आए सूर्या क्लिनिक के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में 16 महिलाओ का सफलता पूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया । पीएचसी प्रभारी ने बताया बंध्याकरण एक सुरक्षित और स्थाई परिवार नियोजन उपाय है, इससे जनसंख्या नियंत्रण में मदद मिलती है साथ ही परिवार की आर्थिक स्थिति और मातृत्व शिशु स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। उन्होंने कहा पीएससी में बंध्याकरण कराने वाले लाभार्थियों को बिहार सरकार मुख्यमंत्री परिवार नियोजन प्रोत्साहन योजना के तहत दो हजार रुपए की आर्थिक सहायता लाभार्थियों के खाते में राशि डाल प्रदान करती है। स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर परिवार नियोजन के स्थाई उपायों को अपनाने के लिए अपील कर रही है। जागरूकता के दौरान अभिभावकों से मिल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जा सलाह ले बंध्याकरण के लिए प्रेरित किया जाता है। फिलहाल सभी महिलाओं को पीएससी में रखा गया है चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य की देखे की जा रही है, स्थिति में सुधार आने के बाद एंबुलेंस से अगले दिन घर छोड़ा जाएगा। मौके पर पीएचसी प्रभारी डॉक्टर तुषार कुमार, मैनेजर मतीउर रहमान ताज, चिकित्सक, एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर ईद व रामनवमी पर्व को लेकर बीपीआरओ ने की बैठक



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को काराकाट बीपीआरओ रेणुका कुमारी की अध्यक्षता में आगामी ईद-उल-फितर एवं रामनवमी पर्व को लेकर ग्राम पंचायत बुढ़वल,देव एवं मोथा में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ सदभावना समिति की बैठक आयोजित की गई । जिसमें दोनों पर्व को आपसी भाईचारा, शांतिपूर्वक, सौहार्दपूण वातावरण में मनाने हेतू अपील किया गया । मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बुढ़वल बिरेंन्द्र सिंह, देव मुखिया प्रतिनिधि अजय सिंह, मोथा सरपंच कामेश्वर प्रसाद,पंचायत समिति विनोद सिंह, जितेंद्र पाल, मनोज कुमार (कचहरी सचिव), पंचायत सचिव सौरभ कुमार, संतोष कुमार, कार्यपालक सहायक मो. ताबिस, राकेश कुमार, विकास मित्र बैजनाथ राम, नितू कुमारी, सरस्वती, ज्योति, सोनी एवं स्थानीय ग्रामीण लोग मौजूद रहे ।

## अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस 2026 का आयोजन अंजबित सिंह कॉलेज में गणित विभाग में धूम धाम से मनाया गया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास**। अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस 2026 का आयोजन अंजबित सिंह कॉलेज बिक्रमगंज में गणित विभाग द्वारा उक्त दिवस का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार द्वारा किया गया जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर ओम प्रकाश राम ने किया। उक्त अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 30 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गणित विभाग के द्वितीय वर्ष का छात्र दिव्यांशु कुमार सिंह द्वितीय स्थान हिंदी विभाग के द्वितीय वर्ष का छात्र कुमार दीपक और तृतीय स्थान पर गणित विभाग के द्वितीय वर्ष का छात्र शुभांशु कुमार ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में विभिन्न विभाग के छात्र छात्राएं और शिक्षकों ने संबोधन के द्वारा अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस 2026 के विषय --गणित और उम्मीद पर विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग के तृतीय वर्ष की छात्रा श्रुति कुमारी और द्वितीय वर्षो का छात्र शुभांशु कुमार ने संयुक्त रूप से किया। विषय वस्तु पर विचार प्रस्तुत करने वालों में वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉक्टर कन्हैया सिंह, जनतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर एस एस भास्करन, अँग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रभात कुमार, मनोविज्ञान विभाग के डॉक्टर समा परवीन, इतिहास विभाग के डाक्टर फैजल अहमद रहे। कार्यक्रम के अंत में क्विज प्रतियोगिता में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षको द्वारा प्रमाणपत्र और गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार द्वारा लिखित गणित के पुस्तक. ( बेसिक ग्रुप समुह सिद्धांत ,रिंग थीवरी , अलजबरा ,मैट्रिक अस्पेश, हैड बुक और हायर मैथमेटिक )का सेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार ने किया ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक के परिजनों को मिला 1 करोड़ का चेक

**भागलपुर**। एसबीआई आरबीएस रोड भीखनपुर शाखा द्वारा दिवंगत शिक्षक चंदन कुमार की पत्नी रूबी कुमारी को 1 करोड़ का बीमा चेक सौंपे जाने पर 'प्रारंभिक शिक्षक कल्याण संघ' ने खुशी जाहिर की है। संघ के प्रदेश सचिव राणा कुणाल सिंह और जिला प्रभारी राजकुमार ने बैंक मैनेजर आशीष कुमार को सम्मानित किया।

### शिक्षकों की फाइल गायब करने वाला पूर्व पंचायत सचिव धराया

**पीरपैंती**। पूर्व नियोजित शिक्षकों की फाइल गायब करने के मामले का आरोपी राजगांव आराजी पंचायत के पूर्व पंचायत सचिव विश्वेश्वर चौधरी को इशीपुर पुलिस ने शुक्रवार को भागलपुर से गिरफ्तार किया है। उस पर वर्ष 2003, 2005, 2006 और 2012 के शिक्षक नियोजन से जुड़ी फाइलें गायब करने का आरोप है। इस मामले में तत्कालीन बीईओ बालदेव ठाकुर ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी मामले में कई पंचायत सचिवों की गिरफ्तारी हो चुकी है। शिक्षक नियोजन की फाइलें कोर्ट के आदेश पर निगरानी विभाग ने मांगा था। फाइल गायब करने के आरोप में 6 पंचायत सचिवों पर केस दर्ज किया गया था।

### 7वें दिन आमापुर दियारा से अधेड़ का सिर मिला

**घोघा**। आमापुर दियारा से 6 मार्च को पांच टुकड़ों में मिले अधेड़ के शव का सिर शुक्रवार को पुलिस ने बरामद कर लिया है। उसकी पहचान पहचान सनोखर थाना क्षेत्र के छोटी नाकी गांव निवासी मो. नजीर (50), पुत्र मो. सलामत के पुत्र के रूप की गई है। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनकी निशानदेही पर आमापुर दियारा से ही सिर मिला। अपराधियों ने ने हत्या करने के बाद शव को टुकड़ों में काटकर फेंक दिया था, जबकि सिर गड्ढा खोदकर उसके अंदर छिपा दिया था। पुलिस घटना में शामिल अन्य की तलाश कर रही है। इसलिए, हिरासत में लिए गए आरोपियों का नाम और पता बताने से परहेज कर रही है। मो. नजीर लगभग डेढ़ साल से आमापुर में रहता था। वह जड़ी-बूटी बनाकर बेचता था। आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगालने पर पता चला कि वह 3 फरवरी की रात बाजीरोजा श्मशान घाट के पास दिख रहा है। इसके बाद लापता हो गया था।

### हेलो फ्रेंड्स टीम ने कप पर जमाया कब्जा

**मुंगेर**। भागलपुर में खेले गए बिग बैश सबौर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मुंगेर हेलो फ्रेंड्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजीव इलेवन सहरसा को 58 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। जीत के साथ टीम ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा भी साबित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हेलो फ्रेंड्स मुंगेर ने 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। टीम की ओर से गोलू ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 43 रन की पारी खेली, जबकि रॉबिन ने 62 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजीव इलेवन सहरसा की टीम मुंगेर के गेंदबाजों और फील्डरों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 98 रन पर ऑलआउट हो गई। मैच के हीरो शिवम पंजाब रहे, जिन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। इसके अलावा सुनील कटर ने 2 विकेट लिए, जबकि रवि झा, चीनी गुज्जर और आकाश को 1-1 सफलता मिली। मैच के दौरान मुंगेर के खिलाड़ियों ने शानदार फील्डिंग का प्रदर्शन भी किया। गोलू जेडी ने लंबी दौड़ लगाकर रॉकी का एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ा, जबकि साहिल और आकाश ने भी शानदार कैच लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 1,01,010 रुपये, जबकि उपविजेता टीम को 61,061 रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। मैन ऑफ द सीरीज अनंत मिश्रा को इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की गई। वहीं प्रिंस को बेस्ट बैट्समैन और पंकज पार्थ को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार दिया गया।

### हादसे में भाई-बहन व भांजा घायल

**घोघा**। ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक कैथपुरा निवासी सिंटू कुमार, उसकी बहन पूजा कुमारी और एक साल का भांजा अयांश घायल हो गए। हादसा स्टेट हाइवे-84 पर घोघा में हुआ। ग्रामीण सभी को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सभी को मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया।

### एसएम कॉलेज में एड्स जागरूकता रैली

**भागलपुर**। एसएम कॉलेज के रेड रिबन क्लब और सेहत केंद्र द्वारा डॉ. हिमांशु शेखर के नेतृत्व में एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य प्रो. निशा झा ने रैली को हरी झंडी दिखाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कृति झा की पेंटिंग श्रेष्ठ रही। डॉ. पृथा बसु सहित मुक्ता, निकिता और दिव्या आदि मौजूद थीं।

### कर्मचारियों की मांगों को लेकर नगर भवन में गरजा यूनियन, वेतनमान व भुगतान पर उठाई आवाज

**मुंगेर**। नगर भवन में शुक्रवार को बिहार लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन की जिला शाखा के बैनर तले नगर निगम में कार्यरत स्थायी, दैनिक, एनजीओ कर्मियों एवं पेंशनधारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों, वेतन भुगतान और सेवा संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन महासचिव ब्रह्मदेव महतो ने कहा कि पूर्व में हुए समझौते के अनुसार दैनिक और एनजीओ कर्मियों को प्रतिदिन 750 रुपये की दर से भुगतान किया जाना चाहिए, लेकिन अब तक इसका अनुपालन नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगों की अनदेखी से असंतोष बढ़ रहा है, जिसे जल्द दूर करना जरूरी है। उन्होंने अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई। साथ ही नगर निगम कर्मियों पर सातवां वेतनमान लागू करने तथा पंचम और छठे वेतनमान के अंतर वेतन का भुगतान करने की भी मांग की गई। कर्मचारियों का कहना था कि इससे उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी और कार्य के प्रति उत्साह बढ़ेगा। बैठक में फेस हाजिरी व्यवस्था को रद्द करने की मांग भी उठी। महासचिव ने कहा कि यदि यह व्यवस्था जारी रखी जाती है तो इसे सभी कर्मियों पर समान रूप से लागू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो कर्मचारी आंदोलन की रणनीति बनाने को बाध्य होंगे। बैठक में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पेंशनधारी उपस्थित रहे और एकजुट होकर अपनी मांगें प्रशासन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### आयुक्त के सचिव ने सुनी लोगों की शिकायत

**मुंगेर**। मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त सचिव सुधीर कुमार ने शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में आए आवेदनों की सुनवाई की। जनता दरबार में कुल तीन आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुंगेर जिले से दो और लखीसराय जिले से एक आवेदन शामिल था। प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद, जमीन के नाम पर ठगी से संबंधित शिकायत और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे शामिल थे। सुनवाई के दौरान आयुक्त सचिव ने सभी मामलों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामलों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

### पीरपैंतीः इफ्तार पार्टी का आयोजन



**पीरपैंती**। मानिकपुर स्थित धर्मशाला में शुक्रवार को सरपंच कुलदीप खेतान की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। सरपंच ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी सौहार्द कायम होता है। दोनों समुदाय के लोग मिलकर ईद और होली मनाते हैं। यह एकता और भाईचारा का संदेश देता है। मौके पर उपसरपंच मो. यासिर खान, गोपाल केडिया, मो. अयाज, डॉ. कलाम, सुनील आजाद, रणधीर सिंह आदि मौजूद थे।

# गैंस एजेंसी के बाहर पुलिसबल की तैनाती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



◆ सुबह 3 बजे से सिलेंडर लेने पहुंच रहे लोग, महिलाएं बोलीं- मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा है

**भागलपुर**। भागलपुर में LPG गैस को लेकर लोग परेशान है। गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी लाइन लग रही है। हालात ऐसे हैं कि लोग सुबह तीन बजे से ही गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के बाहर पहुंच जा रहे हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है। शहर के अलग-अलग इलाकों में भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था या हंगामा न हो। पुलिसकर्मी लोगों को कतार में व्यवस्थित रहने की अपील करते नजर आए।

**चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा हैः** सुशीला देवी ने बताया कि पिछले चार दिनों से घर में गैस नहीं है। मजबूरी में चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा है। रोज एजेंसी पर आ रही हूं, सुबह से ही लाइन में लगने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। पूरा परिवार परेशान है।

**आपूर्ति के अनुसार ही सिलेंडर बांटे जा रहेः** एजेंसी संचालकों ने कहा कि गैस की आपूर्ति सामान्य नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। एजेंसी पर सीमित संख्या में सिलेंडर पहुंच रहे हैं, जबकि उपभोक्ताओं की संख्या काफी अधिक है। इसी वजह से हर दिन लंबी कतार लग रही है और सभी को गैस नहीं मिल पा रही है। आपूर्ति के अनुसार ही सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। जैसे-जैसे गैस की सप्लाई बढ़ेगी, स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो जाएगी। इधर, प्रशासन भी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

DM नवल किशोर ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने और किसी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

# ट्रैक्टर ने महिला को कुचला, मौत सीसीटीवी फुटेज आया सामने

## टक्कर के बाद बीच सड़क पर 20 फीट तक घसीटा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में शुक्रवार को बालू लोडेड ट्रैक्टर ने एक महिला को रौंद दिया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि टक्कर के बाद ट्रैक्टर करीब 20 फीट तक महिला को घसीटता रहा, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। अमरपुर-भागलपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। बीच सड़क पर आगजनी कर करीब 2 घंटे तक प्रदर्शन किया। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। मृतका की पहचान उपेंद्र चौरसिया की पत्नी शोभा देवी(37) के तौर पर हुई है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। घटना हबीबपुर थाना क्षेत्र के डॉट बाउट चौक के पास की है।

**दोषी ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांगः** स्थानीय लोगों का कहना था कि शहर में नो-इंट्री लागू है। इसके बावजूद कई थाना क्षेत्रों को पार कर ओवरलोड ट्रैक्टर शहर में कैसे पहुंच गया। ये पुलिस-प्रशासन की लापरवाही है। लोगों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग की है। जानकारी के मुताबिक 6 महिलाएं ग्रुप लोन का पैसा जमा करने के लिए जा रही थीं। रोड क्रॉस करने के दौरान ट्रैक्टर ने एक महिला की टक्कर मार दी। बाकी महिलाएं सुरक्षित बच गईं।

# सिरकटी लाश कांड का खुलासा, हत्या में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। जिले में घोघा थाना क्षेत्र से मिली सिरकटी लाश मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। इस कांड में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त आशय की जानकारी शनिवार को सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि बीते 6 मार्च की सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि दियारा क्षेत्र में एक व्यक्ति का बिना सिर का शव पड़ा है। जिसे कई टुकड़ों में काटा गया है। सूचना के आधार पर घोघा थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिटी एसपी की निगरानी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कहलगांव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रारंभिक जांच के आधार पर इस कांड में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से हत्या में इस्तेमाल दो दबिया, एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन और खून से सने कपड़े बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि मृतक की पहचान सनोखर थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद नाजिर के रूप में हुई है जो महेंद्र मंडल के होटल में काम करता था। किसी विवाद के कारण उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। लेकिन वह दोबारा काम करना चाहता था। इसी बात को लेकर होटल पर दोनों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि महेंद्र मंडल उसके बेटे और साथियों ने मिलकर होटल में ही नाजिर की हत्या कर दी। इसके बाद शव को मोटरसाइकिल से दियारा क्षेत्र स्थित एक पोखर के पास ले जाकर कई टुकड़ों में काट दिया और सिर को पोखर में छिपा दिया ताकि पहचान न हो सके।

# एनटीपीसी कांटी के सीएसआर से बने दो आईसीटी लैब का उद्घाटन, डिजिटल शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**कांटी, मुजफ्फरपुर**। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल संसाधनों को बढ़ावा देने की दिशा में एनटीपीसी के कांटी परियोजना द्वारा सीएसआर फंड से दो आईसीटी (इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) लैब की स्थापना की गई है। इन लैब का उद्घाटन कांटी के विधायक अजीत कुमार ने किया। यह आईसीटी लैब राजकीय मध्य विद्यालय, कांटी कस्बा और मध्य विद्यालय, कलवारी में स्थापित की गई हैं। उद्घाटन समारोह में एनटीपीसी कांटी के एजीएम (मानव संसाधन) महेश कुमार सुथार सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। बताया गया कि इन आईसीटी लैब के माध्यम से दोनों विद्यालयों के लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं को आधुनिक डिजिटल शिक्षा का लाभ मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीक आधारित शिक्षण से जोड़ना और पढ़ाई को अधिक प्रभावी व रोचक बनाना है। उद्घाटन के मौके पर विधायक अजीत कुमार ने कहा कि आज के दौर में डिजिटल शिक्षा समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी कांटी द्वारा सीएसआर के तहत विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना एक सराहनीय कदम है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। वहीं एजीएम (मानव संसाधन) महेश कुमार सुथार ने कहा कि एनटीपीसी कांटी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में लगातार सामाजिक दायित्व निभाता रहा है। उन्होंने बताया कि आईसीटी लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से पढ़ने और नई तकनीकों को समझने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी बौद्धिक और तकनीकी क्षमता का विकास होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने एनटीपीसी कांटी की इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों को उपलब्ध डिजिटल सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में छात्रों और स्थानीय लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी भी देखने को मिली।


# विद्यालय को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की मिली स्वीकृति

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**भागलपुर**। गणपतराय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ 4 बिहार बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर भागलपुर के कमांडिंग आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल, सूबेदार मेजर शीतल सिंह, भागलपुर विभाग के जिला निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह, कोषाध्यक्ष तिलक राज वर्मा, सदस्य मधुसूदन झा एवं प्रधानाचार्य अमरेश कुमार द्वारा शनिवार को संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल ने कहा कि आज इस विद्यालय के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज से इस विद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) पाठ्यक्रम का शुभारंभ होने जा रहा है। हमें खुशी है कि भागलपुर का सबसे बेस्ट विद्यालय हमसे जुड़ने के लिए तैयार है। राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना 1948 में हुई है। देश की आजादी के बाद ही सबसे पहले राष्ट्रीय कैडेट कोर संगठन प्रारंभ किया गया था। राष्ट्रीय कैडेट कोर दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी यूथ ऑर्गेनाइजेशन है। सबसे ज्यादा युवा स्कूल और कॉलेज के माध्यम से इसमें जुड़े हैं। यहां से राष्ट्रीय कैडेट कोर का कोर्स करने के पश्चात आगे हर क्षेत्र में हर जगह इसका परसेंटेज काम देगा। अभी इस विद्यालय में अष्टम कक्षा के छात्र को मौका मिलेगा फिर सप्तम से अष्टम में आने वाले भैया बहनों को अगले सत्र में मौका प्राप्त होगा। लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल एवं सूबेदार मेजर शीतल सिंह द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार, अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह एवं विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर सागर कुमार को राष्ट्रीय कैडेट कोर रेजिंग पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि विद्यालय को सैनिक स्कूल की मान्यता तो प्राप्त थी ही जिसका लाभ यहां के भैया बहन ले रहे हैं। साथ ही आज से राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) प्रारंभ होने से विद्यालय के भैया बहनों को एनसीसी का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथि परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर सूबेदार प्रवीण थापा, हवलदार दलवीर सिंह, कंपनी हवलदार मेजर मुखिया कुमार यादव, विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर सागर कुमार,सेना से सेवानिवृत्त जे.सी.ओ. सुधाकर मिश्र, जयराम उराव,सहसचिव अश्वनि खटोर, पूर्व छात्र अनुराग महराणा,शशि भूषण मिश्र, शांतनु आनंद ,विद्यालय के सभी आचार्य एवं भैया/बहन उपस्थित थे।

# कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन सेवाओं का शुभारंभ



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। जिले के नाथनगर स्थित बुनियाद केंद्र में शनिवार को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। समाज कल्याण विभाग के सचिव सह कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष समक्ष के समाज कल्याण विभाग के सभागार से ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस सेवा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सीएससी के जिला समन्वयक (डीसी) नाहिद अख्तर, जिला प्रबंधक तनवीर तथा सीएससी वीएलई अभय शर्मा मौजूद रहे। बुनियाद केंद्र में कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से समाज कल्याण विभाग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सेवाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बैटरी चालित वाहन के लिए ऑनलाइन आवेदन, सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग के लिए आवेदन, यूडीआईडी कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन तथा आधार से संबंधित विभिन्न सेवाएं शामिल हैं। सीएससी संचालक अभय शर्मा ने बताया कि बुनियाद केंद्र से संबंधित जो भी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, वे लाभुकों को निःशुल्क (फ्री ऑफ कॉस्ट) प्रदान की जाएंगी इससे जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में काफी सुविधा होगी।

# देवनंदन की मां बोली- पति के बाद बेटा भी छोड़ गया, ईरान हमले में हुई थी मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सन्हौला, भागलपुर**। 'आखिरी बार देवनंदन अपने पिता के बरसी पर तीन साल पहले आया था। दो साल हो गए हैं, उसका चेहरा तक नहीं देखा। सरकार से अपील है कि किसी तरह मेरे बेटे की लाश को मेरे घर पहुंचा दे ताकि आखिरी बार जी-भरकर अपने बेटे को निहार सकूं, आखिरी बार उसे घर से विदा कर सकूं। पति 2023 में मुझे अकेला छोड़ गए थे, अब बेटा भी बेसहारा कर गया।' भागलपुर के सन्हौला प्रखंड के रानी बमिया गांव की रहने वाली 78 साल की गायत्री सिंह ने शनिवार को ये बातें कही हैं। दरअसल, गायत्री सिंह के सबसे बड़े बेटे 55 साल के देवनंदन प्रसाद सिंह 11 मार्च को ईरान की ओर से किए गए एक हमले के शिकार हो गए। देवनंदन घटना के दौरान अमेरिकी तेल टैंकर सेफ-सी विष्णु पर तैनात थे। वे पेशे से चीफ इंजीनियर थे। फिलहाल, देवनंदन की लाश भारत नहीं लाई गई है। इस बारे में देवनंदन के परिजन को भी कुछ जानकारी नहीं है। गायत्री सिंह के मुताबिक, देवनंदन की पत्नी, मेरी पोती कोमल और मेरा छोटा बेटा कृष्णानंद सिंह दिल्ली गए हुए हैं।

**अब जानिए, देवनंदन की मां गायत्री सिंह ने क्या कहा?** गायत्री सिंह ने कहा कि 12 मार्च की सुबह ही छोटे बेटे को देवनंदन की मौत की खबर मिल चुकी थी। घर में उसने देर शाम जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देवनंदन का बेटा क्षितिज देव जापान में इंजीनियर है, जबकि बेटी कोमल मेडिकल की तैयारी कर रही है। गायत्री ने बताया कि आखिरी बार तीन साल पहले देवनंदन भागलपुर आया था। तब मेरे पति और उसके पिता की बरसी थी। उसके बाद से बेटे से फोन पर ही बात होती थी। देवनंदन अपनी पत्नी कुमकुम के साथ मुंबई में रहता है। उन्होंने बताया कि देवनंदन साल 1994 से ही पानी वाले जहाज पर जॉब करने लगा था। नौकरी लगने के बाद भी वो पर्व, त्योहार पर भागलपुर अपने गांव आता-जाता था।



**अब जानिए, देवनंदन की मौत कैसे हुई थीः** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईराक के समुद्री क्षेत्र में 11 मार्च को अमेरिकी तेल टैंकर 'सेफ-सी विष्णु' पर हमला कर दिया था। इस हमले में 27 लोग घायल हो गए, जबकि देवनंदन प्रसाद सिंह की मौत हो गई थी। देवनंदन अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनी Bravo Shipping Company में एडिशनल चीफ इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। वे Safesea Vishnu नाम की ऑयल टैंकर जहाज पर तैनात थे। जहाज इराक के बसरा पोर्ट से फुजैरा होते हुए सिंगापुर की ओर मार्शल आइलैंड्स के ध्वज के साथ जा रहा था।

**11 मार्च को ही पत्नी कुमकुम से आखिरी बात हुईः** देवनंदन के भांजे अमित सिंह ने बताया कि आखिरी बार उनकी बातचीत मामी कुमकुम से बुधवार की रात ही हुई थी। उन्होंने कहा था, 'मैं समुद्र में हूं और जहाज ईरान के रास्ते आगे बढ़ रहा है, अभी ड्यूटी पर हूं, कल फिर आराम से बात करेंगे।' लेकिन, इसी बीच हमले में उनकी मौत हो गई। अमित ने बताया कि मामा की मौत की आधिकारिक पुष्टि गुरुवार को हुई। Bravo Shipping Company ने मैसेज के जरिए मामा की मौत की जानकारी मुझे दी थी।

**9 मार्च को साथियों के साथ ऑयल लदे टैंकर वाले जहाज को लेकर सिंगापुर हुए थे रवानाः** भांजे ने बताया, मामा देवनंदन करीब 16 दिन पहले इजराइल पहुंचे थे। वहां पहुंचने के दो दिन बाद ही युद्ध की स्थिति बन गई, जिसके कारण समुद्री मार्ग कुछ समय के लिए बंद कर दिए गए थे। बाद में कंपनी ने कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद जहाज को आगे बढ़ने की अनुमति दी। इसके बाद 9 मार्च को देवनंदन अपने 28 सहयोगियों के साथ जहाज लेकर सिंगापुर के रवाना हुए थे। 9 मार्च की ही रात मामा ने हम लोगों को कॉल कर बताया था कि स्थिति ठीक नहीं है, लेकिन हम लोग जहाज लेकर सिंगापुर के लिए रवाना हो गए हैं।

**अब उसे ऑयल टैंकर के बारे में जानिए, जिस पर देवनंदन सवार थेः** मुद्री ट्रैकिंग वेबसाइटों के अनुसार 'सेफसी विष्णु' एक बड़ा क्रूड ऑयल टैंकर है, जिसकी लंबाई लगभग 228.6 मीटर और चौड़ाई 32.57 मीटर है। यह जहाज 2007 में बनाया गया था और फिलहाल मार्शल आइलैंड्स के झंडे के तहत संचालित हो रहा है। इस जहाज का ग्रॉस टनेज लगभग 42,010 और डेडवेट टनेज करीब 73,976 बताया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### भोजपुर दौरे पर आएंगे प्रशांत किशोर

**आरा।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर 16 मार्च को भोजपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। जन सुराज द्वारा चलाए जा रहे बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत वह वरीय नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक पुनर्गठन और संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11.30 बजे आरा के धनुपरा में डीएवी स्कूल के पास रॉयल विजन क्लब रिसॉर्ट में जन सुराज के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक होगी। संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने, नए लोगों को जोड़ने और आगामी रणनीति पर विचार करेंगे।

### एनएचएम कर्मियों को सितंबर से नहीं मिला वेतन

**कोईलवर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत भोजपुर जिले के कोईलवर क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को सितंबर 2025 से अब तक वेतन नहीं मिलने से गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। करीब छह माह से वेतन भुगतान नहीं होने के कारण कर्मियों के सामने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि वे लगातार अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी से कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कई कर्मियों ने बताया कि घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई, किराया और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करना अब कठिन होता जा रहा है।

### विशेष अभियान में पुलिस ने 16 को पकड़ा

**बक्सर।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बक्सर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों में शामिल पांच आरोपित भी पकड़े गए हैं। एसपी कार्यालय से जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास के मामले में पांच अभियुक्तों को पकड़ा गया।

### मायके से ठुकराए जाने के बाद महिला ने खुद को मारी गोली, खतरे से बाहर है

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कांट गांव में पारिवारिक तनाव से परेशान एक महिला ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। घायल महिला की पहचान आंचल कुमारी के रूप में हुई है, स्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। अपने दिए गए वीडियो बयान के अनुसार आंचल कुमारी मूल रूप से ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के ग्रहथा गांव की रहने वाली है। वर्ष 2021 में उसने कांट गांव निवासी प्रवीण के साथ प्रेम विवाह किया था। दोनों ने घर से भागकर शादी की थी। बताया जाता है कि शादी के बाद से ही आंचल के मायके वालों ने इस रिश्ते को स्वीकार नहीं किया, जिससे वह मानसिक तनाव में रहती थी। आंचल का पति प्रवीण ब्रह्मपुर प्रखंड स्थित जेके सीमेंट प्लांट में काम करता है। पति प्रवीण ने अपने दिए गए वीडियो बयान में बताया कि शुक्रवार को जब वह ड्यूटी पर गया हुआ था, उसी दौरान आंचल ने खुद को गोली मार ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पति बोला -पत्नी लंबे समय से अवसााद में थी पति प्रवीण ने पुलिस को दिए प्रारंभिक बयान में बताया कि उसकी पत्नी लंबे समय से अवसाद में थी। वहीं आंचल ने भी अपने वीडियो बयान में कहा कि वह शुक्रवार को अपने मायके गई थी, लेकिन वहां परिवार वालों ने उसे अपनाने से इनकार कर दिया और भगा दिया। इससे आहत होकर उसने गांव के ही एक युवक से हथियार मांगा और खुद को गोली मार ली। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि महिला को गोली लगने की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### रोज हो रही सिलेंडर की सप्लाई

**ब्रह्मपुर।** इंद्रावती इंडियन गैस एजेंसी शाहपुर प्रतिदिन गैस वितरण कर रही है। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों एलपीजी गैस को लेकर आम लोगों के बीच असमंजस और बेचैनी की स्थिति बनी हुई है। कई जगहों पर चर्चा हो रही है कि घरेलू गैस की कीमत बढ़ गई है। ईरान-इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के बीच ऐसी अफवाह फैलाई जा रही है कि गैस की कमी हो सकती है जो कि बिल्कुल निराधार है। प्रशासन और सरकार बार-बार विज्ञापन के माध्यम से बता रही है कि गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। ब्रह्मपुर क्षेत्र में लगभग 8 से 10 गैस एजेंसी गैस सप्लाई करती है। जबकि आज के समय में केवल इंद्रावती इंडियन गैस प्रतिदिन आधार नंबर से ओटीपी लेकर दे रही है। अन्य एजेंसियों से गैस नहीं मिल रही है। इससे लोगों में सिलेंडर के प्रति असमंजस की स्थिति बढ़ती जा रही है। नए नियम के अनुसार दूसरा सिलेंडर 25 दिन बाद मिलेगा। ब्रह्मपुर में सभी गैस एजेंसियां एलपीजी गैस सप्लाई करने लगे तो यह समस्या खत्म हो जाएगी।

### रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति के दावों के बीच सिलेंडर के लिए लग रहीं लंबी कतारें



**बक्सर।** जिला प्रशासन का दावा है कि जिले में रसोई गैस का स्टॉक है। इसके बावजूद जिले की विभिन्न एजेंसियों के कार्यालयों व गोदामों पर सिलेंडर के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगी रहीं। उपभोक्ता सुबह से ही गोदामों के समीप लाइन लगाकर गैस सिलेंडर वाहनों का इंतजार करते दिखे। हालांकि एजेंसी संचालकों का कहना है कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। शुक्रवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे बक्सर स्थित सोनामती इंडेन एजेंसी पर सैकड़ों लोगों की भीड़ गैस लेने के लिए पहुंची थी। हालांकि वहां गैस मिल रही थी। इसके साथ ही बक्सर स्थित कुंवर विजय एजेंसी पर भी सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। वहां भी गैस टोकन सिस्टम के माध्यम से दिया जा रहा था। गैस वाहन पहुंचने के बाद सिलेंडर लेने के लिए मारामारी जैसी स्थिति बनी रही। जिला प्रशासन व गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं को मांग के अनुसार रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति करने का दावा कर रहे हैं। वहीं इटाढ़ी में गैस होम डिलिवरी कराई जा रही है। इंडेन व एचपी गैस कंपनियों के गैस बुकिंग पोर्टल धीमी गति से चलने के कारण उपभोक्ता परेशान रहे। कई उपभोक्ता समस्या के समाधान के लिए कंपनियों के हेल्पलाइन नंबर पर भी कॉल कर रहे थे, लेकिन देर शाम तक समस्या का समाधान नहीं होने से उन्हें बैरंग लौटना भी पड़ा।

### मजदूरों ने बोर्ड रेट के अनुसार मांगी मजदूरी बोले- आठ घंटे से ज्यादा ड्यूटी नहीं है मंजूर



**बक्सर।** जिले के चौसा में निर्माणाधीन 1320 मेगावाट क्षमता वाले थर्मल पावर प्रोजेक्ट में शुक्रवार को उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया जब हजारों मजदूर अचानक प्लांट के मुख्य गेट पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी करने लगे। पिछले तीन दिनों से हड़ताल पर चल रहे मजदूरों के इस प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए प्लांट का निर्माण कार्य भी प्रभावित हो गया। मजदूरों के गेट पर पहुंचने की सूचना मिलते ही सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस की कई टीमें तैनात कर दी गईं। सुरक्षा बलों ने मजदूरों को समझाकर गेट से हटाने का प्रयास किया, लेकिन मजदूर अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारी मजदूरों ने प्लांट के भीतर काम करने जा रहे अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अंदर जाने से रोकने की कोशिश की। मजदूरों का कहना था कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाएगा, तब तक वे न तो काम पर लौटेंगे और न ही किसी अन्य को काम करने देंगे। कुछ समय बाद मजदूर नेता रामप्रवेश यादव और पप्पू पांडेय मौके पर पहुंचे और मजदूरों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। नेताओं के समझाने के बाद मजदूर अपने-अपने कॉलोनियों में लौट गए। हालांकि मजदूरों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# सिविल कोर्ट भर्ती परीक्षा आज, दो पालियों में आयोजित होगा एग्जाम

## सेंटर के आसपास जुलूस या प्रदर्शन करने पर रोक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर में सिविल न्यायालयों में अटेंडेंट और चपरासी (जनरल + ऑर्डरली) के पदों पर नियुक्ति के लिए प्रारंभिक परीक्षा 15 मार्च 2026 को आयोजित होगी। जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। इसके तहत, परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

**दो पालियों में आयोजित होगा एग्जामः** अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह परीक्षा विज्ञापन संख्या 04/2022 के तहत जिले के विभिन्न केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के संयुक्त आदेश पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार, परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध परीक्षार्थियों के अभिभावकों और मीडिया कर्मियों पर भी लागू होगा। हालांकि, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और संबंधित कर्मियों को इससे छूट दी गई है।

**जुलूस या प्रदर्शन करने पर रोकः** प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के घातक हथियार या आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर भी रोक लगाई गई है। केवल प्रतिनियुक्त पुलिस बल को ही इस नियम से छूट मिलेगी। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार के जुलूस या प्रदर्शन पर भी रोक लगाई है, लेकिन धार्मिक कार्यक्रम, शवयात्रा और शादी से जुड़े जुलूस को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। इसी प्रकार, प्रतिबंधित क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है, जबकि धार्मिक कार्यक्रम, शवयात्रा और विवाह समारोह को इसमें छूट दी गई है। इसके साथ ही, परीक्षा केंद्रों के आसपास धूम्रपान पर भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित थाना क्षेत्रों के थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथि को पर्याप्त पुलिस बल के साथ परीक्षा केंद्रों पर मौजूद रहें और प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

**पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करे सुनिश्चितः** वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर को भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला बल और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों और आम लोगों से अपील की है कि परीक्षा के दौरान जारी निर्देशों का पालन करें, ताकि परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

# 8वीं क्लास के छात्र से बैड टच, विरोध करने पर मारपीट

- आरोपी टीचर गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट में केस दर्जकर जांच में जुटी पुलिस



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में 8वीं क्लास के छात्र(13) से स्कूल में बैड टच का मामला सामने आया है। जब छात्र ने इसका विरोध किया तो शिक्षक ने मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पीड़ित छात्र ने इस घटना की जानकारी अपनी परिजनों को दी। पीड़ित छात्र के पिता ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपी शिक्षक नवादा थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी चंदवा निवासी चंद्र मोहन सिंह के पुत्र अजय कुमार है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट अधिनियम में आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

**विरोध करने पर मारने लगेः** पीड़ित छात्र ने बताया कि आरोपी शिक्षक स्कूल में SST पढ़ाते हैं। हमेशा छात्र को किसी ना किसी बहाने से शरीर के अलग-अलग भाग को छूते रहते थे। इसका विरोध कई बार छात्रों ने किया और प्रिंसिपल से भी शिकायत किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। गुरुवार को स्कूल गया था। ब्रेक में अपने क्लास में नाश्ता कर रहा था। तभी अजय सर मेरे पास आए और इधर-उधर छूने लगे। कभी सीना छू रहे थे तो कभी प्राइवेट पार्ट दबा रहे थे। क्लास में अन्य छात्र भी मौजूद थे। जब मैंने इसका विरोध किया तो सर ने मेरे साथ हाथापाई और मारपीट शुरू कर दी। जब इसकी शिकायत प्रिंसिपल से की गई तो उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया। उसके बाद हमने तुरंत जाकर पूरी बात परिवार वालों को बताई। वहीं, इस मामले में थानाध्यक्ष जयंत कुमार ने बताया कि एक छात्र से दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता की ओर से आवेदन दिया गया है। पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही पीड़ित छात्र का मेडिकल टेस्ट सदर अस्पताल में कराया गया है।

# युवक को लगी गोली, मौके से देसी पिस्टल बरामद

- हथियार चेक करने के दौरान फायरिंग की आशंका

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर में गोली लगने से युवक घायल हो गया। बुलेट दाहिने हाथ में हथेली के ऊपरी हिस्से पर लगी है, जो अंगूठे के पास से छूते हुए निकल गई है। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना बिहिया थाना क्षेत्र के झौवां गांव की है। घायल की पहचान योगेश्वर पांडेय का के पुत्र अजीत कुमार(22) के तौर पर हुई है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से एक देसी पिस्टल मिला है। चेकिंग के दौरान गोली चलने की आशंका है।

**परिवार के सदस्य पंजाब में रहते हैंः** पिता योगेश्वर पांडेय ने बताया कि हमलोग पंजाब में रहते हैं और वहीं पर काम करते हैं। छुट्टी पर आठ महीने बाद गांव आया था। शुक्रवार को मेरा बेटा मोबाइल चार्च के लिए अपनी चाची के घर गया था। कुछ देर बाद पड़ोसियों से जानकारी मिली कि उसे गोली लगी है। गांव में किसी से कोई विवाद नहीं है। किसने और क्यों गोली मारी है, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। वहीं, इस संबंध में थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार ने बताया कि घटना उसके दोस्त सोनू पांडेय के घर में घटी है। घटनास्थल से एक देसी पिस्टल बरामद किया है। प्रथम दृष्टया हथियार चेक करने के दौरान गोली लगना प्रतीत हो रहा है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर चाचा-भतीजे की मौत, तेज रफ्तार पिकअप ने रौंदा

## बाइक के परखच्चे उड़े, दोस्त की शादी में जा रहे थे दोनों

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाइवे शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार चाचा-भतीजा को रौंद दिया। इस हादसे में भतीजे की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि चाचा ने सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। बाइक के परखच्चे उड़ गए। धक्का मारने के बाद पिकअप सड़क किनारे मिट्टी के ढेर पर जाकर फंस गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर हसन बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान उदंडी निवासी शिवनाथ सिंह के पुत्र रंजीत कुमार(30) और जीतन सिंह के पुत्र रानू कुमार(27) के तौर पर हुई है। रंजीत बेंगलुरु, जबकि रानू अहमदाबाद के प्राइवेट कंपनी में सीटिंग का काम करते थे। घटना सहेजनी लाइन होटल के पास की है।

**ड्राइवर की लापरवाही से हादसाः** रंजीत के पिता शिवनाथ ने बताया कि अपने दोस्त के बारात में रोहतास के बैरिया गांव जा रहे थे। रास्ते में पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। ड्राइवर की लापरवाही से हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों से हादसे की जानकारी मिली। जब तक अस्पताल पहुंचा, तब तक दोनों की मौत हो गई थी।

**घर में मचा कोहरामः** रंजीत चार भाई-बहन में दूसरे स्थान पर थे। घर में पत्नी सरीता देवी और एक बेटी दिव्या है। जबकि रानू तीन भाई-बहन में दूसरे नंबर पर था। घर मां सीता देवी है। भीषण हादसे में दो युवकों के मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ट्रेन से कटकर महिला की मौत, रेलवे ट्रैक पार करते समय हादसा, परिचालन 14 मिनट तक प्रभावित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर के डुमरांव में शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। यह घटना दानापुर–डीडीयू रेलखंड पर डुमरांव रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक के समीप हुई। हादसे के बाद कुछ समय के लिए रेल परिचालन भी बाधित हो गया। फिलहाल मृत महिला की पहचान नहीं हो सकी है और जीआरपी मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार दोपहर करीब पोल संख्या 644/14 और 644/16 के बीच डाउन मेन लाइन पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिला रेलवे ट्रैक पार करने का प्रयास कर रही थी, तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई और उसका शव रेलवे पटरी पर पड़ा रह गया। महिला पीले रंग की साड़ी पहने हुई थी और उसकी उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। हादसे के बाद पटरी पर शव पड़े रहने के कारण कुछ समय के लिए रेल परिचालन प्रभावित हो गया। इसी दौरान पटना से मुंबई जाने वाली सुविधा एक्सप्रेस डुमरांव रेलवे स्टेशन पर पहुंची, लेकिन ट्रैक पर शव होने की वजह से ट्रेन को स्टेशन पर ही रोकना पड़ा।

**पुलिस ने शव को पटरी से हटवायाः** करीब 14 मिनट तक सुविधा एक्सप्रेस डुमरांव स्टेशन पर खड़ी रही। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी प्रभारी थानाध्यक्ष विकास कुमार पुलिस टीम और रेलकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को पटरी से हटवाया, जिसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया और रेल परिचालन फिर से सामान्य हो सका। इसके बाद जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृत महिला की पहचान कराने की कोशिश कर रही है। साथ ही रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में भी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि महिला के परिजनों का पता लगाया जा सके।

**जीआरपी मामले की जांच कर रहीः** फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला की मौत दुर्घटनावश हुई है या उसने आत्महत्या की है।जीआरपी सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि महिला की पहचान होने के बाद ही घटना के कारणों के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।

# आरा-सासाराम रेलखंड पर ट्रेन से नीचे गिरी महिला



- सिर में चोट लगने से गई जान, घर से दवा लेने के लिए निकली थी, पुलिस से परिजनों को मिली जानकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** आरा-सासाराम रेलखंड पर ट्रेन से नीचे गिरने से एक महिला की मौत हो गई। दवा लेने के लिए जा रही थी। मृतका मालती देवी(45) हसन बाजार के कचनथ गांव की रहने वाली थी। घटना पीरो स्टेशन के पास की है। पति प्रभु यादव ने बताया कि मेरी पत्नी घर से आरा जाने के लिए निकली थी। रास्ते में हादसे की शिकार हो गई। ग्रामीणों ने ट्रैक के पास गिरा देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। खबर मिलते ही परिवार के लोग बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे।

**घर में मचा कोहरामः** पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया है। परिवार में पति प्रभु यादव के अलावा दो बेटियां रेणु देवी और चांदनी देवी हैं। अचानक हुई इस घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सभी को रो-रोकर बुरा हाल है।

# आज छह घंटे तक बिजली कटेगी, कोइलवर पीएसएस में मेंटेनेंस का होगा काम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** आरा में आज(14 मार्च 2026) छह घंटे तक बिजली कटेगी। कोइलवर PSS से सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी। शटडाउन के दौरान फीडर में मेंटेनेंस वर्क होगा। साथ ही क्षेत्र के सभी पोल और जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी। ताकि उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। सहायक विद्युत अभियंता ने सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। समय से अपना जरूरी काम निपटा लें। पानी की व्यवस्था कर लें। उपभोगताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। मेंटेनेंस वर्क पूरा होते ही सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

**इन इलाकों में कटेगी बिजलीः** कोइलवर नगर पंचायत सहित धनडीहा, कुल्हाड़ियां, सकड्डी, चंदा, राजापुर, दौलतपुर, कायमनगर, वीरमपुर, सोनघट्टा, पचैना और आसपास के लगभग 12 से अधिक गांवों में बिजली की सप्लाई प्रभावित रहेगी।

# 16 से 20 मार्च तक टीबी जांच के लिए घरों में जाएंगे स्वास्थ्यकर्मी, पोषाहार भी मिलेगा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर जिले के शहर प्रखंड अंतर्गत बरुही पंचायत के बजरिया गांव में 16 से 20 मार्च तक सघन टीबी जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में घर-घर जाकर लोगों की जांच करेगी। अभियान को लेकर शुक्रवार को जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. ए. अहमद ने बजरिया गांव का दौरा किया। उन्होंने एक टीबी मरीज से मुलाकात की और गांव के लोगों को टीबी जांच की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। साथ ही 16 मार्च से शुरू होने वाले सघन जांच अभियान में सभी ग्रामीणों से भाग लेने और जांच कराने की अपील की। जानकारी के अनुसार, सदर अस्पताल के टीबी विभाग में एक मरीज ने अपनी खखार (बलगम) की जांच कराई थी, जिसमें रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। इसके बाद भी मरीज को टीबी होने की आशंका बनी रही, जिस कारण उसने पटना के एम्स में जाकर अपनी जांच करवाई। वहां एक्स-रे और टीबी से संबंधित अन्य जांच की गई, जिसमें एक्स-रे रिपोर्ट में टीबी की पुष्टि हुई। इसके बाद इसकी सूचना जिला स्वास्थ्य विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. ए. अहमद की देखरेख में मरीज का इलाज शुरू किया गया। मरीज 19 फरवरी से सहार पीएचसी से नियमित दवा ले रहा है। डॉ. ए. अहमद ने बताया कि एहतियात के तौर पर बजरिया गांव में 16 से 20 मार्च तक एसीएफ (एक्टिव केस फाइंडिंग) सघन खोजी अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान गांव में ही अल्ट्रा पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से लोगों की जांच की जाएगी। 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का छाती का एक्स-रे तथा खखार की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों में टीबी की पुष्टि होगी, उनका इलाज तुरंत शुरू किया जाएगा। साथ ही सरकार की ओर से टीबी मरीजों को पोषाहार के लिए प्रति माह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नेउरा पुलिस ने लूटकांड के फरार आरोपी को दबोचा, 2020 से चल रहा था फरार

**पटना।** पटना जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नेउरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लूटकांड के एक मामले में वर्ष 2020 से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के गोखुलपुर निवासी अमित राज (पिता सुरेंद्र पासवान) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे शाहपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव से पकड़ा। पुलिस के अनुसार नेउरा थाना क्षेत्र में हुए लूटकांड के बाद से ही फरार आरोपियों की तलाश जारी थी। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इस मामले में संलिप्त एक आरोपी मुबारकपुर गांव में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। नेउरा थाना प्रभारी जगदीप राणा ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उससे उसके अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। साथ ही मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### बिहटा में पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप, ससुर और नाती समेत कई लोग घायल



**बिहटा, पटना।** पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने शनिवार को हिंसक रूप ले लिया। दामाद पर ससुराल पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडे और चाकू से हमला करने का आरोप लगा है। इस घटना में ससुर और नाती गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि सास और एक अन्य महिला को भी चोटें आई हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान डोमन चौधरी और सूरज कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हमले में सूरज कुमार का कान कट गया, जबकि डोमन चौधरी के सिर में गंभीर चोट आई है। दोनों की हालत को देखते हुए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में लक्ष्मीनिया देवी ने बताया कि उनकी बेटी बबीता देवी की शादी करीब 20 वर्ष पहले ज्ञानी चौधरी के साथ हुई थी। इस दंपति के चार बच्चे भी हैं। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ही ज्ञानी चौधरी और उसके परिवार के लोग उनकी बेटी के साथ मारपीट और प्रताड़ना करते थे। लगातार हो रहे विवाद के कारण बबीता देवी अपने बच्चों के साथ अलग रहने लगी थी। लक्ष्मीनिया देवी के मुताबिक करीब एक महीने पहले ज्ञानी चौधरी ने बबीता देवी को छोड़कर दूसरी शादी कर ली। इसी बात को लेकर वे अपने परिवार के साथ दामाद के घर बात करने के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान दामाद और उसके परिवार के लोगों ने अचानक लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया। हमले में सूरज कुमार का कान कट गया, जबकि डोमन चौधरी का सिर फट गया। इसके अलावा लक्ष्मीनिया देवी और एक अन्य महिला को भी हल्की चोटें आई हैं। घटना के बाद परिजनों ने घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। मामले को लेकर बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि फोन के माध्यम से सूचना मिली थी कि खेदलपुरा गांव में मारपीट की घटना हुई है। फिलहाल पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में लिखित शिकायत दी जा रही है। आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गैस सिलेंडर के लिए सुबह से एजेंसी के बाहर लंबी लाइन। सिलेंडर के साथ लाइन में लगा युवक बेहोश



**मसौढ़ी !** पुनपुन गैस सिलेंडर के लिए प्रखंड में दिनभर आपाधापी रही। श्रीपालपुर स्थित इंडियन गैस एजेंसी के बाहर शनिवार की अहले सुबह से ही लोग जमा होने लगे थे।जो आठ बजे तक लंबी कतार में बदल गई। पुनपुन से परसा तक के उपभोक्ता अपने सिलेंडर के साथ एजेंसी के बाहर कतार में लगे थे। दस बजे के बाद गैस सिलेंडर का वितरण शुरू हुआ। धूप में लगी लंबी लाइन के बीच बेलदारीचक निवासी एक युवक बेहोश हो गया। जिसे स्थानीय लोग छाँव में लेकर गए। बाद में उसके परिजन उसे लेकर घर चले गए। लाइन में लगे सुरेश पासवान, आर्यन, विक्की, कमला प्रसाद, भोला देवी ने बताया कि सभी सुबह पांच बजे से गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगे है। उनका आरोप था कि घरेलू उपभोक्ता परेशान है लेकिन कालाबाजारी करने वालों को गैस सिलेंडर प्राप्त हो जा रहा है। वही केवाईसी की बाध्यता 31 मार्च तक समाप्त होने के बाबजूद भी पहले लोग केवाईसी के लिए लाइन में लग रहे हैं। जिला प्रशासन सिलेंडर की आपूर्ति की कमी को सिर्फ अफवाह बता रहा है तो फिर इस परेशानी पर क्या कहे। यह जानबूझ कर पैनिक करने की साजिश है क्या। वही आपूर्ति के संबंध में गैस एजेंसी के द्वारा बताया गया कि शनिवार को 560 गैस सिलेंडर की आपूर्ति की गई। बाकी बचे लोगों को रविवार को आपूर्ति की जाएगी।

# पुलिस की 112 गाड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर, तीन पुलिसकर्मी घायल

### भागने के दौरान ट्रक में लगी आग





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी,पटना।** पटना-गया राष्ट्रीय राजमार्ग-1 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के भाखरी मोड़ के पास शनिवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने पुलिस की 112 नंबर की गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी में सवार तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि इस हादसे में सभी पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब चार बजे पुलिस की 112 नंबर की गाड़ी किसी शिकायत के आधार पर भाखरी गांव की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने पुलिस वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे जा गिरी। हादसे में गाड़ी पर सवार तीनों पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार होने लगा। भागने के क्रम में ट्रक पास के पुल से टकरा गई, जिससे उसकी तेल टंकी से रिसाव होने लगा और देखते ही देखते ट्रक में आग लग गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक पर सवार खलासी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। बाद में दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद ट्रक में लगी आग पर काबू पाया गया। इस भीषण हादसे में पुलिस वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन गाड़ी में सवार तीनों पुलिसकर्मी सुरक्षित बच गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## मोकामा जंक्शन पर आरपीएफ का विशेष अभियान, महिला कोच में सफर कर रहे 5 पुरुष गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोकामा।** महिला यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मोकामा जंक्शन पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान महिला आरक्षित कोच में अवैध रूप से यात्रा कर रहे पांच पुरुष यात्रियों को गिरफ्तार किया गया।

रेलवे पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि जंक्शन से गुजरने वाली कई ट्रेनों की महिला बोगियों में पुरुष यात्री नियमों का उल्लंघन कर प्रवेश कर रहे हैं। शिकायतों के आधार पर आरपीएफ ने सख्त कदम उठाते हुए जांच अभियान चलाया। आरपीएफ पदाधिकारी प्रदीप झा के नेतृत्व में गठित टीम ने विभिन्न ट्रेनों की महिला बोगियों की जांच की। छापेमारी के दौरान कई पुरुष यात्री महिला कोच में सफर करते पाए गए। कार्रवाई करते हुए टीम ने पांच लोगों को मौके से हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद रेलवे अदालत भेज दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि अब आगे की जमानत प्रक्रिया न्यायालय के माध्यम से ही पूरी होगी। आरपीएफ अधिकारियों ने कहा कि रेलवे प्रशासन महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। महिला कोच में अवैध रूप से प्रवेश करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का वातावरण मिल सके।

# पटना सिटी में 6 घंटे में हत्या का खुलासा, बेटे ने ही की पिता की हत्या

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र में हुई वृद्ध की हत्या के मामले का पुलिस ने महज छह घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात के पीछे मृतक का ही बेटा निकला, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले के खुलासे में पुलिस के डॉग स्क्वायड के खोजी कुत्ते 'सिम्बा' की अहम भूमिका रही। जानकारी के अनुसार शरीफागंज निवासी 80 वर्षीय विजेंदर सिंह की शनिवार सुबह बेरहमी से हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि वह रोज की तरह सुबह करीब छह बजे अपने काम पर जा रहे थे। इसी दौरान घात लगाकर बैठे हमलावर ने उन पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम, फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंच गए। डॉग स्क्वायड के कुत्ते 'सिम्बा' ने घटनास्थल से मिले सुरागों के आधार पर आसपास के इलाके में तलाश शुरू की और तंग गलियों से होते हुए सीधे आरोपी के घर तक पहुंच गया। इससे पुलिस को आरोपी तक पहुंचने में काफी मदद मिली।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि हत्या का मुख्य आरोपी मृतक का बेटा रमेश है। पूछताछ में सामने आया कि पिता-पुत्र के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते आरोपी ने अपने पिता की हत्या कर दी। पटना सिटी अनुमंडल-2 के डीएसपी गौरव कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने मानवीय सूचना और डॉग स्क्वायड की मदद से आरोपी को छह घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# रिश्वत लेते पकड़े गए बरौली के राजस्व अधिकारी निलंबित, विभाग ने शुरू की जांच

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना/गोपालगंज।** बिहार सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी सख्त नीति के तहत एक और बड़ी कार्रवाई की है। गोपालगंज जिले के बरौली अंचल में तैनात राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह को रिश्वत लेने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने यह कार्रवाई विभागीय नियमों के तहत की है। दरअसल, 13 जनवरी को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बरौली अंचल कार्यालय में छापेमारी कर राजस्व अधिकारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। निगरानी की टीम को शिकायत मिली थी कि जमीन के दाखिल-खारिज के काम के बदले उनसे पैसे की मांग की जा रही है। इसी शिकायत के आधार पर टीम ने जाल बिछाया और कार्रवाई करते हुए अधिकारी को 6,500 रुपये की घूस लेते हुए पकड़ लिया। बताया जाता है कि बरौली क्षेत्र के बघेझी गांव के निवासी अमरेंद्र साह अपनी करीब 9.3 डिसमिल



जमीन का दाखिल-खारिज कराने के लिए लंबे समय से अंचल कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। आरोप है कि उनका काम करने के बदले राजस्व अधिकारी ने 20 हजार रुपये की मांग की थी। कई बार कार्यालय आने के बाद भी काम नहीं होने से परेशान होकर अमरेंद्र साह ने निगरानी विभाग से इसकी शिकायत कर दी, जिसके बाद पूरी कार्रवाई की गई। मामले के सामने आने के बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिकारी को निलंबित कर दिया है। विभाग ने उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी है, ताकि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर आगे की कार्रवाई तय की जा सके। निलंबन अवधि के दौरान विजय कुमार सिंह का मुख्यालय तिरहुत प्रमंडल आयुक्त कार्यालय, मुजफ्फरपुर निर्धारित किया गया है। न्यायिक हिरासत से बाहर आने के बाद उन्हें वहीं अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी और विभाग के निर्देशों का पालन करना होगा। सरकार का कहना है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कल पटना में सजेगी भोजपुरिया सितारों की महफिल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ बापू सभागार में होगा 'सरस सलिल भोजपुरी सिने अवाइर्स 2025' का भव्य आयोजन

**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों और तकनीशियनों को सम्मानित करने के लिए आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित सरस सलिल भोजपुरी सिने अवाड्र्स इस वर्ष अपने सातवें संस्करण के साथ बिहार की राजधानी पटना में आयोजित होगा। कल 15 मार्च 2026 को सायं 6 बजे पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में इस भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह अवॉर्ड समारोह भोजपुरी फिल्म उद्योग के लिए एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सिनेमा जगत की कई दिग्गज हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों का कहना है कि इस बार कार्यक्रम को पहले से अधिक भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है, जिससे दर्शकों को मनोरंजन का विशेष अनुभव मिलेगा।

कार्यक्रम के आयोजक सदस्य भानु प्रकाश राणा ने बताया कि अवॉड्र्स के लिए नामांकित फिल्मों और कलाकारों का चयन विशेषज्ञ जूरी द्वारा किया गया है। समारोह के दौरान कुल 60 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अवॉर्ड नाइट में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस और स्टार नाइट मुख्य आकर्षण होंगे। भोजपुरी सिनेमा के कई चर्चित कलाकार और गायक मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे, जिससे कार्यक्रम और भी यादगार बनने की उम्मीद है।

आयोजन समिति के सदस्य बृहस्पति कुमार पांडेय ने जानकारी दी कि बदलते डिजिटल दौर को ध्यान में रखते हुए इस बार अवॉड्र्स को तीन अलग-अलग वर्गों में बांटा गया है—थिएटर रिलीज फिल्में, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज कंटेंट और यूट्यूब/टीवी आधारित कंटेंट। इस पहल का उद्देश्य भोजपुरी सिनेमा के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उभर रही प्रतिभाओं को भी सम्मानित करना है। उन्होंने बताया कि इससे नए कलाकारों और तकनीशियनों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

सरस सलिल भोजपुरी सिने अवाड्र्स की शुरुआत वर्ष 2020 में हुई थी और तब से यह समारोह लगातार लोकप्रिय होता जा रहा है। इससे पहले इसके सफल आयोजन अयोध्या, बस्ती और लखनऊ जैसे शहरों में हो चुके हैं। पिछले वर्ष लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित छठे संस्करण में 50 से अधिक श्रेणियों में कलाकारों को सम्मानित किया गया था। उस समारोह में भोजपुरी फिल्म उद्योग की कई जानी-मानी हस्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान मिला था।

अब तक हुए अवॉर्ड समारोहों में भोजपुरी सिनेमा के कई लोकप्रिय सितारों को सम्मानित किया जा चुका है। इनमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, अरविंद अकेला कल्लू, प्रदीप पांडे चिंटू, अंजना सिंह, आम्रपाली दुबे, संजय पांडेय, देव सिंह, अवधेश मिश्रा, रक्षा गुप्ता, मनोज टाइगर, प्रियंका सिंह सहित कई नामचीन कलाकार शामिल हैं। आयोजकों का कहना है कि इस समारोह का उद्देश्य भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों और तकनीशियनों को प्रोत्साहित करना और क्षेत्रीय सिनेमा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है।

## रानी तालाब में ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रम, पटना।** रानी तालाब थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में शराब की बड़ी खेप पहुंचने वाली है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने टीम गठित कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान पतूत इलाके में गोवर्धन मंदिर के पास एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक से 131 कार्टन में रखी करीब 1160 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि शराब की यह खेप वाराणसी से लाई जा रही थी और इसे पटना जिले के विभिन्न इलाकों



में सप्लाई करने की योजना थी। गिरफ्तार दोनों आरोपी डोरीगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने ट्रक और बरामद शराब को जब्त कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बिहार में लागू शराबबंदी कानून के बावजूद तस्कर लगातार अवैध शराब की आपूर्ति की कोशिश करते रहते हैं। ऐसे तत्वों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

# पीएचआई में मेगा नियोजन शिविर, 100 से अधिक छात्रों ने दिया साक्षात्कार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य संस्थान (पीएचआई) में शनिवार को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेगा नियोजन शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थानों में करियर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। संस्थान के निदेशक सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि इस प्रकार के कैंपस चयन कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पढ़ाई पूरी होने के तुरंत बाद बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों को सीधे बड़े अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में काम करने का मौका मिल सकता है। इस नियोजन शिविर में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की टीम विशेष रूप से शामिल हुई। अस्पताल के प्रतिनिधियों ने संस्थान के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया। कैंपस चयन के नोडल पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार के अनुसार



इंटरव्यू में मुख्य रूप से ऑप्थोमेट्री, ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी और लैब टेक्नोलॉजी से जुड़े बैचलर कोर्स के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने इस अवसर को लेकर काफी उत्साह दिखाया। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल की विकास यात्रा पर आधारित 'सफरनामा' नामक डॉक्यूमेंट्री से हुई, जिसमें पिछले दो दशकों में संस्थान की उपलब्धियों को दर्शाया गया। इसके बाद अस्पताल की एकेडमिक और विजन सेंटर की वरीय प्रबंधक छाया कुमारी ने ऑप्थोमेट्रिस्ट की भूमिका और इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। अस्पताल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विवेक विकास ने कहा कि पीएचआई के छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता को देखते हुए यहां कैंपस चयन का निर्णय लिया गया। प्रारंभिक साक्षात्कार में चयनित छात्रों को आगे अस्पताल में अंतिम इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा, जिसके बाद औपचारिक नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस मेगा रिक्रूटमेंट कैंप में स्वास्थ्य क्षेत्र के कई वरिष्ठ विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। इनमें गायत्री सुनील, सीमा सहाय, रश्मि जायसवाल, राजेश रंजन, ऋचा, आरती और भूपेंद्र नारायण सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में रानी, स्वाती, अमीषा, पंकज कुमार और रौशन मंडल सहित संस्थान के कर्मियों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्थान द्वारा आयोजित यह नियोजन शिविर छात्रों के लिए करियर की नई संभावनाएं लेकर आया है। इस पहल से यह संकेत भी मिला है कि बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता होने पर निजी क्षेत्र के बड़े अस्पताल और संस्थान भी सरकारी शिक्षण संस्थानों में कैंपस चयन के लिए आगे आ रहे हैं।

# रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति पर हुआ भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी।** नगर क्षेत्र के सरवा वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में आयोजित नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शनिवार को हवन और भंडारे के साथ भव्य समापन हुआ। पूर्णाहुति के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे और महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान यज्ञाचार्य देवनारण्याचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर हवन संपन्न कराया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विभिन्न देवी-देवताओं के नाम से आहुति दी। हवन के दौरान शहर के साथ-साथ आसपास के इलाकों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नौ दिनों तक चले इस रुद्र महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। प्रवचन सुनने और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमड़ती रही। समापन के अवसर पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में खीर और पूरी का प्रसाद वितरित किया गया। हजारों लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सामाजिक समरसता की झलक भी देखने को मिली, जहां सभी वर्गों के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में यज्ञ समिति के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, पवन सिंह, सचिन कुमार, गोलू कुमार, गुड्डू सिंह, श्याम सिंह और शैलेन्द्र सिंह सहित कई सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। आयोजन में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का उत्साह भी देखने को मिला।

# नशे पर नकेल के लिए हर जिले में बनेगा टास्क फोर्स : योगेंद्र महतो

» झारखंड विधानसभा में ड्रग्स का मुद्दा गरमाया, हजारीबाग-रामगढ़ में 'सफेद जहर' पर कार्रवाई की मांग

एजेंसी। रांची

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन शनिवार को राज्य में बढ़ते ड्रग्स कारोबार और युवाओं में फैलती नशे की लत का मुद्दा जोर-शोर से उठा। बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन में हजारीबाग, रामगढ़, पतरातू, बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्रों में तेजी से फैल रहे अवैध ड्रग्स कारोबार को लेकर सरकार से जवाब मांगा और इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि इन क्षेत्रों में 'सफेद जहर' के नाम से पहचाने जाने वाले नशीले पदार्थ, विशेष रूप से हीरोइन और ब्राउन शुगर का अवैध कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस कारण युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है, जिससे सामाजिक और आपराधिक गतिविधियों में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए गंभीर और चिंताजनक स्थिति बताया। चौधरी ने सदन में उपलब्ध आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया



कि वर्ष 2019 से 2023 के बीच राज्य में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 2396 मामले दर्ज किए गए थे। वहीं वर्ष 2023 से 2026 के बीच जिलावार मामलों में और बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हाल के दिनों में हजारीबाग और आसपास के थाना क्षेत्रों में करोड़ों रुपये के ड्रग्स बरामद होने की घटनाओं ने राज्य में ड्रग माफियाओं की सक्रियता और गहरी पैठ की ओर संकेत किया है। उन्होंने सरकार से पूछा कि ड्रग माफियाओं के खिलाफ क्या कोई विशेष अभियान चलाने की योजना है। साथ ही उन्होंने राज्य में नशे के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स के गठन और व्यापक एंटी-नारकोटिक्स अभियान शुरू करने का सुझाव भी दिया। इस पर जवाब देते हुए मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि राज्य सरकार नशे के अवैध कारोबार पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना है कि हर जिले में विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाए और ड्रग्स तस्करी के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाए, ताकि इस पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। फार्मेसी काउंसिल रजिस्ट्रार नियुक्ति मामले की होगी जांच सदन में एक अन्य मुद्दे पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने झारखंड राज्य फार्मेसी परिषद में रजिस्ट्रार की नियुक्ति से जुड़े विवाद की जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह मामला विधायक सरयू राय ने उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशांत कुमार पांडेय को केवल छह महीने के लिए रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया गया था, लेकिन वह अभी तक उसी पद पर बने हुए हैं। सरयू राय ने यह भी कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने नियमों के विरुद्ध उनकी नियुक्ति की थी। इसके अलावा सदन में डिप्लोमा-इन-फार्मेसी परीक्षा समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति का मुद्दा भी उठाया गया। सरयू राय ने आरोप लगाया कि इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने विधानसभा को अधूरी जानकारी देकर तथ्यों को छिपाने की कोशिश की थी। हालांकि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्पष्ट किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग पारदर्शिता और नियमों के पालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# एसएसपी राकेश रंजन औचक निरीक्षण, ड्यूटी में लापरवाही पर एएसआई निलंबित

एजेंसी। रांची




राजधानी रांची में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन शुक्रवार देर रात करीब दो बजे खुद सड़कों पर उतर आए। उन्होंने शहर के विभिन्न इलाकों में गश्त कर रही पुलिस टीमों का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने पीसीआर वाहनों और हाईवे पेट्रोलिंग टीमों की गतिविधियों की जांच की। इसी क्रम में पीसीआर-2 में प्रतिनियुक्त सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) दिलीप रजक को अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करते नहीं पाया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए एसएसपी ने एएसआई दिलीप रजक को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसएसपी राकेश रंजन ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों को निर्देश देते हुए कहा कि रात की गश्त शहर में अपराध पर नियंत्रण और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने पेट्रोलिंग और गश्ती में तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सजगता और सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का निर्देश दिया, ताकि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में राजधानी के विभिन्न इलाकों में अपराध की कई घटनाएं सामने आई हैं। दो दिन पहले कांके क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर पाहन राजेंद्र मुंडा की हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा तमाड़ इलाके में भी धारदार हथियार से हमला कर एक युवक की हत्या कर दी गई थी। इसी तरह एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक होटल में घुसकर होटल संचालक के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इन घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी लगातार अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार निगरानी कर रहे हैं। इसी कड़ी में एसएसपी ने देर रात शहर के विभिन्न इलाकों का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था की समीक्षा की।

## संक्षिप्त समाचार

### खूंटी के लोयोला हाई स्कूल में 15 मार्च को इंटर स्कूल अंडर-12 रग्बी चैंपियनशिप, 16 टीमें लेंगी हिस्सा

**खूंटी।** झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 15 मार्च को इंटर स्कूल अंडर-12 रग्बी चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता खूंटी स्थित लोयोला हाई स्कूल में आयोजित होगी, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से बालक और बालिका वर्ग की कुल 16 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 09 बजे किया जाएगा, जबकि समापन समारोह शाम 05 बजे आयोजित होगा। इस दौरान विभिन्न टीमों के बीच कई रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें लगभग 200 से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी शामिल होंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूली स्तर पर रग्बी खेल को बढ़ावा देना और बच्चों में खेल भावना, अनुशासन तथा टीम वर्क की भावना को विकसित करना है। इसके माध्यम से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच भी मिलेगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से झारखंड में रग्बी खेल को नई पहचान मिल रही है और युवाओं में खेल के प्रति रुचि भी बढ़ रही है। झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव हेजाज अशदक ने शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### निर्माणाधीन पुलिया में गिरने से बाइक सवार की मौत



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क पर बने पुलिया में गिरने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। हादसे के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है और स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य करा रही ठेका कंपनी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर के उलीडीह से चार मोड़ तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। इसी दौरान लावजोड़ा के पास एक पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। बताया जाता है कि शुक्रवार देर रात खरसावां थाना क्षेत्र के पिताकलांग गांव निवासी शिवशंकर प्रधान अपनी बाइक से चक्रधरपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान निर्माणाधीन पुलिया के पास सड़क पर उचित संकेतक या बैरिकेडिंग नहीं होने के कारण उनकी बाइक सीधे पुलिया में जा गिरी। गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही टोकलो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखने को मिली। न तो बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाया गया है, जिसके कारण दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने ठेका कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि अगर समय रहते सुरक्षा व्यवस्था की गई होती तो यह हादसा नहीं होता। घटना की सूचना मिलने के बाद ठेका कंपनी के मैनेजर को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि पूरे मामले की जानकारी ली जा सके। इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता अर्जुन मुंडा ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन पुलिया के पास बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत नहीं लगाए जाने के कारण एक युवक की जान चली गई, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने ठेका कंपनी की लापरवाही की जांच कराने और मृतक के परिजनों को कंपनी की ओर से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### खूंटी में मलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर स्वास्थ्य स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण



**खूंटी।** सघन मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तृतीय चरण के तहत खूंटी जिले के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण रेफरल अस्पताल, तोरपा में रनिया और तोरपा प्रखंडों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवकों के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को मलेरिया की रोकथाम, पहचान और समय पर उपचार के बारे में जागरूक और प्रशिक्षित करना था। इसके माध्यम से स्वयंसेवकों की क्षमता को सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक कर सकें और बीमारी के उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण के दौरान मलेरिया के लक्षणों की पहचान, जांच की प्रक्रिया, समय पर दवा उपलब्ध कराने तथा मच्छरों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्वयंसेवकों को यह भी बताया गया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को मच्छरदानी के उपयोग, साफ-सफाई बनाए रखने और बुखार होने पर तुरंत जांच कराने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर तोरपा की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुमिता रानी ने स्वयंसेवकों से कहा कि मलेरिया उन्मूलन अभियान में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम करते हुए लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। सभी ने प्रशिक्षण के दौरान मलेरिया नियंत्रण और उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# झारखंड के 17 जिलों में 16 मार्च को तेज हवा, बारिश और वज्रपात की संभावना, ऑरेंज अलर्ट जारी

एजेंसी। रांची



राजधानी रांची समेत झारखंड के 17 जिलों में 16 मार्च को तेज हवा, बारिश और वज्रपात की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, जिन जिलों में खराब मौसम की संभावना जताई गई है उनमें गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। इन क्षेत्रों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि 18 मार्च तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है और हल्की बारिश के साथ वज्रपात होने की भी आशंका है।

**गर्मी बढ़ने से ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ी-** इधर, राज्य में धीरे-धीरे गर्मी का असर भी बढ़ने लगा है। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जबकि कई जिलों में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है। इसके कारण दिन में लोगों को तेज गर्मी का एहसास हो रहा है और ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। गर्मी बढ़ने के साथ बाजार में पंखे, एसी और कूलर की बिक्री भी तेज हो गई है। साथ ही बिजली की खपत में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 39.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 13.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप रही। दोपहर के समय लोगों को काफी गर्मी का सामना करना पड़ा। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री और न्यूनतम 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 39.2 और न्यूनतम 19.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 39.0 और न्यूनतम 17.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 37.1 और न्यूनतम 17.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 31.1 और न्यूनतम 19.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

# रांची में 29 मार्च को श्री हनुमान मंडल का 48वां वार्षिक महोत्सव

एजेंसी। रांची

राजधानी रांची में श्री हनुमान मंडल की ओर से 48वां वार्षिक महोत्सव 29 मार्च (रविवार) को आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव रातू रोड स्थित श्री राणी सती मंदिर परिसर के हनुमान बक्शा पोद्दार सत्संग भवन में संपन्न होगा। महोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में नयनाभिराम झांकियों का प्रदर्शन, भव्य संकीर्तन और बजरंगबली को महाप्रसाद के साथ छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। हनुमान मंडल के श्रवण अग्रवाल ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस कार्यक्रम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि महोत्सव में कई प्रख्यात भजन गायक अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम में नई दिल्ली की प्रसिद्ध भजन गायिका भावना स्वरांजली और उत्तर प्रदेश के बरेली के भजन गायक डीके राजा विशेष रूप से भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# अर्का किस्म के टमाटर का उत्पादन अधिक, रोग का खतरा भी कम : डॉ. ओम प्रकाश

एजेंसी। खूंटी



कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके), खूंटी की ओर से जिले के किसानों को टमाटर की उन्नत एवं अधिक उत्पादन देने वाली किस्मों की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दिशा में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह अध्यक्ष डॉ. दीपक राय के नेतृत्व में प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर किसानों के बीच अर्का रक्षक, अर्का सम्राट और अर्का अभेद जैसी उन्नत किस्मों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि किसान बेहतर उत्पादन के साथ अधिक आय प्राप्त कर सकें। केवीके खूंटी के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. ओम प्रकाश कांटवा ने शनिवार को बताया कि अर्का रक्षक टमाटर की एक उन्नत संकर किस्म है, जो बैक्टीरियल विल्ट, लीफ कर्ल वायरस और अर्ली ब्लाइट जैसे प्रमुख रोगों के प्रति सहनशील मानी जाती है। इसके फल गोल, आकर्षक लाल रंग के और मजबूत होते हैं, जिससे परिवहन के दौरान नुकसान कम होता है तथा बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। उन्होंने बताया कि अर्का सम्राट भी एक उच्च उत्पादन देने वाली किस्म है। इसके फल बड़े आकार के, चिकने और गहरे लाल रंग के होते हैं। यह किस्म किसानों को अधिक उत्पादन के साथ बेहतर गुणवत्ता भी देती है, जिससे बाजार में मांग अधिक रहती है। अर्का किस्म के टमाटर का उत्पादन अधिक करने से रोग का खतरा भी कम होता है। वहीं अर्का अभेद टमाटर की ऐसी किस्म है जो कई प्रमुख रोगों के प्रति सहनशील होने के साथ-साथ स्थिर उत्पादन के लिए जानी जाती है। इसके फल मध्यम से बड़े आकार के होते हैं और ताजे उपयोग के साथ बाजार में बिक्री के लिए भी उपयुक्त हैं। डॉ. कांटवा ने किसानों को सलाह दी कि वे इन उन्नत किस्मों की खेती वैज्ञानिक पद्धति से करें। इसके लिए संतुलित उर्वरक प्रबंधन, समय पर सिंचाई, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा उचित पौध संरक्षण उपाय अपनाना जरूरी है। इससे टमाटर की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इन सभी किस्मों के टमाटर के पौधे (नर्सरी) के लिए किसान कृषि विज्ञान केन्द्र, खूंटी से संपर्क कर सकते हैं।

# चाईबासा नगर परिषद के अध्यक्ष नितिन प्रकाश सहित 21 पार्षदों ने ली शपथ



एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नगर पालिका (सामान्य) चुनाव के बाद शनिवार को सदर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त चंदन कुमार ने चाईबासा नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन प्रकाश और नगर परिषद के 21 वार्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद नगर परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने कहा कि शहर के विकास को प्राथमिकता देते हुए सभी पार्षदों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चाईबासा में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए नगर परिषद निरंतर प्रयास करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। समारोह में मौजूद अधिकारियों ने भी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नगर परिषद के प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल से शहर में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

**न्यायालय उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर, पलामू**

**नोटिस**

**दा0 खा0 अपील वाद सं0–187/2023–24**
**( श्रीमती तेतर देवी बनाम अंचल अधिकारी सदर मेदिनीनगर एवं अन्य)**

**नोटिस बनाम :–**

1. नंदिता पति–स्व0 सुधीर कुमार रौशन,ग्राम–काजी नगर,पो0–बिलासपुर,थाना–हैदरनगर, पलामू,झारखण्ड।

एतद द्वारा सूचित करना है कि आवेदक द्वारा मेरे न्यायालय में उपर्युक्त दा0 खा0 अपील वाद दायर किया है। जिसमें उपस्थित/अपना पक्ष रखने हेतु दिनांक–24.03.2024 को सूचना निर्गत की गई थी परन्तु आपके द्वारा वाद में किसी भी प्रकार का कोई पक्ष नहीं रखा गया और ना ही उपस्थिति दर्ज की गयी है। वाद में सुनवाई हेतु अगली तिथि दिनांक 10.04.2026 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

उप समाहर्त्ता,
भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर।

PR.NO.375121 District(25-26):D

**न्यायालय उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर,पलामू**

**नोटिस**

**करेक्सन ऑफ डिमाण्ड वाद सं0–56/2025–26**
**(कामेश्वर पाण्डेय बनाम प्रदीप कुमार पाण्डेय वगै0)**

**नोटिस बनाम :–**

1. प्रदीप कुमार पाण्डेय,पिता–स्व0 सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय
2. नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, बिरेन्द्र कुमार पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार पाण्डेय तीनो पिता–स्व0 रामप्यारे पाण्डेय

सभी ग्राम– बेदानी,थाना–तरहसी,जिला–पलामू।

एतद द्वारा सूचित करना है कि आवेदक द्वारा मेरे न्यायालय में उपर्युक्त करेक्सन ऑफ डिमाण्ड वाद दायर किया है। जिसमें उपस्थित/अपना पक्ष रखने हेतु दिनांक–06.12.2025 को सूचना निर्गत की गई थी परन्तु आपके द्वारा वाद में किसी भी प्रकार का कोई पक्ष नहीं रखा गया और ना ही उपस्थिति दर्ज की गयी है। वाद में सुनवाई हेतु अगली तिथि दिनांक 11.04.2026 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

उप समाहर्त्ता,
भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर

PR 375123 District(25-26).D

**कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार**

**अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना**
**ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 37/2025-26**

कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजहार में प्रखण्ड लोक स्वास्थ्य ईकाई निर्माण। | 49,50,100 | 99,500 | 5,000 | 05 माह |

1. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 17.03.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–30.03.2026, 5.00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–01.04.2026 अपराहन 11:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 93347–02381
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
11. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 375128 Rural Development(25-26).D

## संक्षिप्त समाचार

### एचसी का अहम फैसला: मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 73 वर्षीय दोषी गुरदीप मनचंदा को दी सशर्त जमानत

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 73 वर्षीय दोषी गुरदीप सिंह मनचंदा को सशर्त जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता आगामी मानसून सत्र के दौरान 20 पौधे लगाएगा तथा एक वर्ष तक उनकी देखभाल करेगा, साथ ही पौधारोपण का प्रमाण भी अदालत में प्रस्तुत करना होगा। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ ने मनचंदा द्वारा दायर उस आवेदन को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें अपील लंबित रहने के दौरान सजा निलंबित करने की मांग की गई थी। अदालत ने जमानत देते हुए एक अनोखी शर्त भी लगाई और मनचंदा ने 30 जुलाई 2024 के उस फैसले के खिलाफ लंबित अपील के दौरान सजा निलंबित करने के लिए अर्जी की थी, जिसमें उसे मनी लांड्रिंग के अपराध में दोषी ठहराया गया था। ट्रायल कोर्ट ने मनचंदा को पांच साल के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। यह मामला वर्ष 2013 में दर्ज फतेहगढ़ साहिब के एक पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था। इस एफआईआर में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 की धारा 21 के अलावा भारतीय दंड संहिता और आर्म्स एक्ट, 1959 के तहत भी आरोप लगाए गए थे। याची ने दलील दी कि जिस मूल आपराधिक मामले के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप बना था, उसमें ट्रायल कोर्ट फरवरी 2019 में मनचंदा को बरी कर चुकी है। इसके अलावा अन्य तीन मामलों में भी उन्हें अदालत से राहत मिल चुकी है। बचाव पक्ष ने यह भी बताया कि याचिकाकर्ता 73 वर्ष के हैं और कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। याची व सरकार की दलील सुनने के बाद हाई कोर्ट ने रिकॉर्ड का अवलोकन किया और पाया कि याचिकाकर्ता मूल आपराधिक मामले में पहले ही बरी हो चुका है। साथ ही हिरासत प्रमाणपत्र के अनुसार वह एक वर्ष चार महीने और 27 दिन जेल में बिता चुका है। अदालत ने यह भी माना कि अपील अगस्त 2024 में स्वीकार हो चुकी है और लंबित मामलों की स्थिति को देखते हुए इसकी सुनवाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। इन परिस्थितियों को देखते हुए अदालत ने कहा कि अपील के लंबित रहने के दौरान आरोपित को जेल में रखने का कोई उपयोगी उद्देश्य नहीं रहेगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मनचंदा बिना अदालत की अनुमति के देश से बाहर नहीं जा सकेगा।

### यूपी में बदलेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी राहत! दो दिन बारिश-ओले का यलो अलर्ट

**लखनऊ, एजेंसी।** बांदा में अब तक सर्वाधिक 40.2 डिग्री और हमीरपुर में 37.2 डिग्री जैसी भीषण गर्मी के बाद अब उत्तर प्रदेश को राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर दिया है। एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 15 मार्च से प्रदेश को प्रभावित करेगा। इसके चलते 15 और 16 मार्च को गरज-चमक के साथ बारिश, 40-50 किमी/घंटा की तेज हवाएं और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 15-16 मार्च को पूर्वांचल, तराई और बुंदेलखंड के जिलों में खासतौर पर असर होगा। देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच, लखीमपुर खीरी आदि जिलों में ओला गिरने की संभावना है। तेज हवाएं 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेंगी। अधिकतम तापमान 2-3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 3-5 डिग्री तक गिर जाएगा। सुबह का कोहरा भी खत्म हो जाएगा। किसानों के लिए चेतावनी है। गेहूं, सरसों, मटर, चना जैसी फसलें पकने के करीब हैं। ओले और तेज हवा से फसल गिरने, दाने झड़ने का खतरा है।

# हिमाचल में मौसम के गजब हाल!

## रोहतांग-बारालाचा सहित ऊंची चोटियों पर स्नोफॉल तो मंडी और सोलन में लू का अलर्ट

**शिमला, एजेंसी।** प्रदेश की ऊंची चोटियों रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा में हल्का हिमपात हुआ। शिमला और सोलन में बादलों के कारण 2.6 डिग्री तक दिन के तापमान में गिरावट आई है। जबकि बाकी स्थानों पर दो से आठ डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक वृद्धि भुंतर में 7.9, केलंग में 4.6, कल्पा में 4 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि न्यूनतम तापमान में दो से करीब 6 डिग्री तक की गिरावट आई है। कल्पा में सबसे अधिक गिरावट 5.8, पालमपुर में 4 डिग्री की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को कांगड़ा, मंडी और सोलन में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि ऊंचे क्षेत्रों में कुछ एक स्थानों पर हिमपात व वर्षा का अनुमान है। 15 मार्च को व्यापक वर्षा का अनुमान है। जिससे सूखे से राहत मिलने की उम्मीद है। इसके बाद 18, 19 व 20 मार्च को व्यापक वर्षा व हिमपात की संभावना जताई गई है। प्रदेश में शुक्रवार को अधिकतर क्षेत्रों में धूप खिली रही। प्रदेश में सबसे कम तापमान ताबो में -2.6 और सबसे अधिक तापमान ऊना में 32 डिग्री दर्ज किया गया है।








### रेवाड़ी-रींगस स्पेशल ट्रेन अब बनेगी नियमित पैसेंजर, यात्रियों ने दिल्ली तक विस्तार की उठाई मांग

**पटौदी (गुरुग्राम), एजेंसी।** रेवाड़ी से रींगस के बीच चलने वाली विशेष ट्रेन को अब नियमित रूप से चलाने की मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुग्राम के सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। इस निर्णय से क्षेत्र के यात्रियों में खुशी का माहौल है।पहले यह ट्रेन संख्या 09637/09638 के रूप में विशेष ट्रेन के तौर पर संचालित हो रही थी। अब इसे नियमित सेवा में शामिल करते हुए गाड़ी संख्या 59633/59634 रेवाड़ी-रींगस पैसेंजर के रूप में चलाया जाएगा। गाड़ी संख्या 09637 रेवाड़ी से सुबह 11 बजे चलकर दोपहर 2:20 बजे रींगस जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन संख्या 09638 बनकर रींगस रेलवे स्टेशन से दोपहर 2:55 बजे प्रस्थान कर शाम 6:20 बजे रेवाड़ी जंक्शन पहुंचेगी। दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष योगिंद्र चौहान ने केंद्रीय रेल मंत्री और गुरुग्राम सांसद राव इंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है।

## लाखों यात्रियों की उम्मीदों पर टिकी ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो परियोजना, राज्यसभा में उठी जल्द मंजूरी की मांग



**नोएडा, एजेंसी।** राज्यसभा में शुक्रवार को नोएडा-ग्रेनो वेस्ट मेट्रो परियोजना के निर्माण कार्य को मंजूरी न मिलने से मुद्दा गर्मा गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य ने आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय से मेट्रो परियोजना को प्राथमिकता पर मंजूरी देकर यातायात दबाव कम करने की बात कही। राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा कि प्रदेश के शो विंडो शहर गौतमबुद्धनगर में तेजी से कई आवासीय सोसायटियां विकसित हो रही हैं। इनमें नोएडा-ग्रेनो वेस्ट, जो देश में तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में एक है। इस क्षेत्र की आवासीय सोसायटियों के अंदर लाखों लोग निवास करते हैं, जो रोजाना बड़ी संख्या में रोजगार, शिक्षा व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा और दिल्ली में आवागमन करते हैं, लेकिन उन्हें प्रभावी, सुगम और सार्वजनिक परिवहन की कमी के कारण भारी ट्रैफिक जाम, समय की बर्बादी व प्रदूषण जैसी समस्या झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन ने सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन, डिपो से बोडाकी और ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो विस्तार की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रस्तावित की थीं, जिनका टेंडर भी एकसाथ जारी करने का प्रस्ताव रखा गया था। यदि ग्रेनो वेस्ट के मेट्रो रूट प्रस्ताव को अभी तक केंद्र सरकार से अंतिम मंजूरी न मिलने के कारण टेंडर जारी होने में लगातार देरी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रेनो वेस्ट को नोएडा और दिल्ली मेट्रो रूट से जोड़ना न केवल लोगों के लिए आवश्यक है, बल्कि क्षेत्र में यातायात का दबाव और प्रदूषण में कमी आएगी। साथ ही क्षेत्र में संतुलित विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के अधिकारियों से ग्रेनो वेस्ट मेट्रो परियोजना को शीघ्र मंजूरी देने व सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन और डिपो से बोडाकी के साथ-साथ इस महत्वपूर्ण रूट के निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की, जिससे लोगों को परियोजना का जल्द लाभ मिल सके।

## नोएडा हादसे के बाद भी नहीं जागा प्रशासन, गुरुग्राम सेक्टर-70 की खुदी सड़क बनी आफत

### अब जीएमडीए लगाएगा जुर्माना

**गुरुग्राम, एजेंसी।** नोएडा और दिल्ली में हुए हादसों के बाद भी गुरुग्राम के सरकारी महकमे नहीं जागे हैं। सड़कें बिना सुरक्षा इंतजाम खोदी जा रही है। सीवर लाइन बिछाने तो कहीं ड्रेन निर्माण के नाम पर लोगों की जान जोखिम में डाली जा रही है। शहर के सेक्टर 70 की मुख्य सड़क पिछले छह महीनों से खुदी पड़ी है। सीवर की मास्टर लाइन बिछाने के लिए शुरू किया गया कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। सुभाष इंफ्रा एजेंसी को जीएमडीए ने यह काम सौंपा था और दो महीने की अवधि में काम पूरा करना है। लेकिन धीमी गति से चल रहे कार्य के कारण काम पूरा होने की उम्मीद नहीं है। खास बात यह है कि सड़क की खोदाई के बाद इसकी बैरिकेडिंग नहीं की गई है। सड़क के किनारे कई फुट गहरी खाई बन गई है। यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, निर्माण सामग्री और अधूरा भराव होने से हर दिन जाम की स्थिति बन रही है। मिट्टी के ढेर पड़े होने के कारण हवा चलने और वाहनों के गुजरने के दौरान धूल उड़ने से प्रदूषण भी फैल रहा है। सुबह और शाम के व्यस्त समय में हालात और बिगड़ जाते हैं। ट्यूलिप व्हाईट, आरेंज, वायलेट, प्रिवी अवांते, सनब्रीज, ट्यूलिप लीफ, द वेनिशियन स्काई एआरसी, क्रिमसन और ग्रीन आक्स सहित कई सोसायटियों के हजारों निवासी इसी सड़क से आवागमन करते हैं और खरीदारी के लिए भी 3 रोड्स माल में आते हैं।

लोगों का कहना है कि छह महीने का समय बीत जाने के बाद भी काम पूरा न होना जीएमडीए के अधिकारियों लापरवाही है। सेक्टर 69 और 70 के लिए सीवर की मास्टर लाइन गुरुग्राम मेट्रोपालिटन डेवलपमेंट अथारिटी (जीएमडीए) द्वारा बिछाई जा रही है। क्षेत्र की सीवर व्यवस्था को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया काम धीमी रफ्तार से चलने के कारण आफत बन गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि योजना और निगरानी नियमित होती तो छह महीने तक काम अधर में न रहता। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा कर सड़क को जल्द दुरुस्त किया जाए। उनका कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन इसकी आड़ में महीनों तक आमजन को परेशानी में नहीं डाला जाना चाहिए।

## नोएडा के सेक्टर-141 में सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, गढ़ी शहदरा के ग्रामीण परेशान

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-141 में गढ़ी शहदरा गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर नालियों की सफाई न होने से सड़क पर गंदा पानी बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह रास्ता ग्राम शहदरा का मुख्य प्रवेश द्वार भी है, लेकिन यहां एक महीने से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नालियों में गाद और कचरा भर जाने से गंदा पानी सड़क पर फैल गया है। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास रहने वाले लोगों को बदबू और गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। कई स्थानों पर पानी जमा होने से फिसलन और दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित सुपरवाइजर को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया, जिससे उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। निवासियों ने बताया कि गढ़ी शहदरा गांव में सफाई के लिए लगभग 28 कर्मचारी तैनात हैं, जिनमें से प्रतिदिन सात-आठ कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कर्मचारियों की संख्या कागजों में तो पर्याप्त दिखाई देती है, लेकिन जमीनी स्तर पर सफाई कार्य नजर नहीं



आता।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई सफाई कर्मचारी केवल उपस्थिति दर्ज कराकर फोटो खिंचवाते हैं और उसके बाद काम किए बिना ही चले जाते हैं। स्थानीय लोगों ने नोएडा प्राधिकरण से मांग की है कि सफाई व्यवस्था की जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराकर सड़क पर बह रहे गंदे पानी की समस्या का समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। करीब एक महीने से नालियों की सफाई नहीं हुई है। गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कर्मचारी आते नहीं हैं, कुछ तो हाजिरी लगाने के लिए फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं, खानापूर्ति चल रही है। सफाई कर्मचारी केवल हाजिरी लगवाकर चले जाते हैं और नियमित सफाई नहीं करते। 18 में से पांच से छह कर्मचारी रोजाना अवकाश पर रहते है। अगर समय पर नालियां साफ हो जाएं तो सड़क पर पानी भरने की समस्या ही नहीं होगी।

## 'पंजाब के उद्योग में दखल देना बंद करें'

### अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**मोहाली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की आर्थिक गिरावट पर चिंता व्यक्त की, जो प्रति व्यक्ति आय में 18वें स्थान पर आ गया है। उन्होंने 2022 में क्कसरकार बनने पर निराशाजनक माहौल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उन्हें 1980 के दशक का वह समय याद है, जब प्रति व्यक्ति आय के मामले में पंजाब देश में पहले नंबर पर था। पिछले 40 सालों में यह दर्जा छिन गया और पंजाब फिसलकर 18वें स्थान पर पहुंच गया। जब हमने 2022 में सरकार की बागडोर संभाली, तो माहौल बहुत ही निराशाजनक था। उद्योग पंजाब छोड़कर जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'जब हमने पंजाब में सरकार की बागडोर संभाली और हर तरफ अंधेरा देखा, तो हमने यह समझने की कोशिश की कि आखिर कैसे कई ऐसे देश जो कभी भारत से पीछे थे, आज इतनी तरक्की कर चुके हैं। केजरीवाल ने कहा कि वह 'क्क एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक स्टार्टअप है' और एक यूनिकॉर्न मानते हैं। आम आदमी पार्टी के मुखिया ने कहा कि पिछले दो-तीन सालों में उन्होंने उद्योग जगत के दिग्गजों की नब्ज टटोलने के लिए सीएम भगवंत मान के साथ पूरे पंजाब का दौरा किया। इससे एक मुख्य निष्कर्ष सामने आया लोग केंद्र सरकार से नाखुश थे और केंद्र सरकार के दखलंदाजी से परेशान थे। उनकी बस एक ही मांग थी कि केंद्र सरकार दखलंदाजी बंद करे और उन्हें अपना काम करने तथा अपना कारोबार चलाने दे।

## एसआईआर के विचाराधीन मामले में न्यायिक सक्रियता तेज, 17 जजों का अन्य जिलों में तबादला

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल विधानसभा चुनावों से पूर्व मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया ने अब और गति पकड़ ली है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए उन 17 न्यायिक अधिकारियों का तबादला कर दिया है, जो अब तक बांकुड़ा और पुरुलिया जिलों में 'विचाराधीन' मतदाताओं के डेटा सत्यापन और शिकायतों के निपटारे में लगे हुए थे। हाई कोर्ट द्वारा जारी नवीनतम सूची के अनुसार, इन जजों को अब उन जिलों में तैनात किया गया है जहां लंबित मामलों की संख्या अधिक है। न्यायालय के आदेशानुसार, इन 17 अधिकारियों में से छह को मालदा जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, पांच-पांच न्यायाधीशों को



मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर भेजा जा रहा है, जबकि एक न्यायाधीश को दक्षिण 24 परगना में तैनात किया गया है। दरअसल, बांकुड़ा और पुरुलिया में विचाराधीन मतदाताओं के निपटारे का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जिसके कारण इन अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग अब अन्य संवेदनशील जिलों में किया जाएगा। राज्य भर में वर्तमान में लगभग 60 लाख मतदाताओं के नाम 'विचाराधीन' श्रेणी में हैं, जिनकी सूक्ष्म जांच सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों की देखरेख में की जा रही है। मतदाता सूची की इस शुद्धि प्रक्रिया में न्यायपालिका की भूमिका बेहद अहम हो गई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली पीठ ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सूची के निपटारे के लिए नियुक्त जजों और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के कार्य में चुनाव आयोग किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेगा। शीर्ष अदालत ने उन लोगों के लिए ट्रिब्यूनल का रास्ता भी खोल दिया है जिनके नाम इस विशेष छंटनी प्रक्रिया के बाद सूची से बाहर हो जाएंगे। वे अपनी आपत्तियों के साथ ट्रिब्यूनल के समक्ष अपील कर सकेंगे।

# हिमाचल में कमर्शियल सिलिंडरों की सप्लाई शुरू

**शिमला, एजेंसी।** उद्योगपतियों सहित होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों के लिए राहत की खबर है। 14 मार्च से प्रदेश में व्यावसायिक सिलिंडर की



लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति फिर शुरू हो गई। इससे रोजाना लगभग 600 से अधिक व्यावसायिक सिलिंडर प्रदेश को मिलने लगेंगे।

सिलिंडरों की आपूर्ति में आई कमी का असर होटल, ढाबा और रेस्तरां कारोबार पर दिखाई देने लगा है। हिमाचल में रोजाना व्यावसायिक सिलिंडरों की खपत लगभग 3012 व घरेलू की 30 हजार से अधिक रहती है। इसके मुकाबले कुछ दिनों में व्यावसायिक सिलिंडरों की आपूर्ति बेहद कम रही है। मार्च के दूसरे सप्ताह में व्यावसायिक सिलिंडरों की आपूर्ति घटकर दर्जनों तक सिमट गई। प्रदेश में गैस एजेंसियों के पास रोजाना लगभग 70 हजार घरेलू सिलिंडरों का स्टाक रहता है। फरवरी के अंतिम सप्ताह में जहां रोजाना लगभग तीन हजार सिलिंडर उपलब्ध हो रहे थे, वहीं मार्च में यह संख्या तेजी से घट गई। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निदेशक राम कुमार गौतम का कहना है कि अस्पतालों, स्कूल व कालेजों के छात्रावासों में व्यावसायिक सिलिंडर दिए जा रहे हैं। शनिवार से 20 प्रतिशत व्यावसायिक सिलिंडर का कोटा प्रदेश को मिलना शुरू हो जाएगा। घरेलू गैस सिलिंडर का स्टाक पर्याप्त है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

### सरकार की अपील, अनावश्यक गैस बुकिंग न करें

सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में घरेलू गैस की आपूर्ति में फिलहाल कोई व्यवधान नहीं है और आपूर्ति सामान्य है। उपभोक्ताओं से आग्रह है कि वे घबराहट में अनावश्यक गैस बुकिंग न करें। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने जारी बयान में कहा कि सर्वर पर बुकिंग को लेकर आ रही दिक्कतें शनिवार सुबह से दूर हो जाएंगी। लोगों से अपील है कि वे एक बार ही गैस बुकिंग करें, ताकि सर्वर पर अनावश्यक दबाव न पड़े और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल सके। गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए जिला स्तर पर विशेष टीमें गठित की हैं। यदि गैस की कालाबाजारी या जमाखोरी हो रही है तो विभागीय टोल फ्री नंबर 1967 और 1100 पर सूचना दें। प्रदेश में केरोसिन तेल का पर्याप्त भंडारण है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने नादौन के सेरा विश्रामगृह में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में गैस सिलिंडर की जमाखोरी नहीं हो रही है। लोग अफवाहों से बचें। केंद्र सरकार ने हिमाचल में गैस की कमी न होने के लिए आश्वस्त किया है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## बालेंद्र शाह की जीत से नेपाल की राजनीति में नया अध्याय शुरु

नेपाल में हुए चुनाव के नतीजे आने के बाद देश की राजनीतिक तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। नई पीढ़ी के अगुआ बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने कई दिग्गजों और पुरानी पार्टियों को भारी शिकस्त दी है। अगर सब कुछ उम्मीद के अनुरूप हुआ और बालेंद्र शाह को ही नेता चुना गया, तो नेपाल के संसदीय इतिहास में वे सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री होंगे। अब तक वहां जितने भी प्रधानमंत्री बने हैं, वे कभी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके।माना जा रहा है कि दो-तिहाई सीटों पर जीत के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल कर चुकी आरएसपी के नेतृत्व में बनने वाली सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। देश में पिछले दिनों हुए चुनावों में नागरिकों और विशेषकर युवा वर्ग ने इस पार्टी पर जिस तरह भरोसा किया है, उसके मद्देनजर नेपाल में भावी सरकार के सामने जन आकांक्षाओं को पूरा करने की बड़ी चुनौती होगी। वहीं नई सरकार को घरेलू समस्याओं से निपटने के साथ देश के आर्थिक विकास में आए ठहराव को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उसे पड़ोसी देशों खासकर भारत से संबंध बेहतर बनाने के भी प्रयास करने होंगे। पुरानी सरकार के कामकाज के जिस तरीके के खिलाफ वहां युवा वर्ग के भीतर व्यापक आक्रोश पैदा हुआ, उसे बदलना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक होगा। नेपाल के लोगों का मानना है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता बालेंद्र शाह के भीतर देश की राजनीति और नीतियों को बदल सकने की क्षमता है। दरअसल, शाह को महापौर के अपने कार्यकाल में जमीनी स्तर पर सुधार के कई कार्यों के लिए जाना जाता है। चुनावी नतीजों के बाद अब उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करने के साथ व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव करेंगे। नई सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती रोजगार सृजन की भी होगी। नेपाल में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है और बड़ी संख्या में वहां के युवा वर्षों से काम के लिए पलायन करते रहे हैं। बहरहाल, नेपाल में छह महीने पहले व्यवस्था में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर नई पीढ़ी के व्यापक आंदोलन से उभरे बालेंद्र शाह और उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सबकी उम्मीदों पर कितना खरा उतरेंगे, देश को किस तरह की वैकल्पिक राजनीति देंगे, यह देखने की बात होगी। नेपाल ने अपना नेता चुन लिया है।

## विज्ञान आगे बढ़ रहा पर ग्रामीण अब भी गंदा पानी पीने को मजबूर

आज देश के कई हिस्सों में लोग गंदा पानी पीने और उससे उपजी बीमारियों की चुनौती का सामना करने को मजबूर हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस दौर में विज्ञान और तकनीक के मामले में नई ऊंचाइयां छूने का दावा किया जा रहा है, उसमें आज भी करोड़ों लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को उपलब्ध कराए जा रहे पीने योग्य नल-जल की सुविधा के तिहत्तर फीसद दूषित नमूनों पर उपचारात्मक उपाय नहीं हो पाया। यानी देश में बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं, जिन्हें आज भी स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। सवाल है कि विकास की यह कौन-सी दिशा है, जिसमें पीने के साफ पानी की अनुपलब्धता से जुड़ी समस्या की इस हद तक अनदेखी की जा रही है कि आज यह व्यापक संकट का एक बड़ा कारण बनता दिख रहा है। राज्यों की भागीदारी से वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल मुहैया कराने का कार्यक्रम शुरू किया गया। मगर देश भर में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के प्रबंधन में जिस स्तर की कोताही बरती जा रही है, कहीं वह आने वाले समय में एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती की शक्ल में न सामने आए। गौरतलब है कि वर्ष 2025-26 में जल जीवन मिशन के तहत उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए चौंतीस राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों से आए पानी के नमूनों की जांच की गई। जांच के बाद दूषित पाए गए कुल नमूनों में से केवल 26.31 फीसद पर ही उपचारात्मक उपाय किए जा सके। दरअसल, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों के घरों तक पहुंचाए जा रहे पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए पेयजल के नमूने को संग्रह कर उनकी जांच की जाती है।

*तंबाकू की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे निर्भर बना देती है। कई युवाओं में यह लत अवसाद, चिंता और आत्मविश्वास की कमी जैसी मानसिक समस्याओं को भी जन्म देती है। जब किशोरावस्था में यह आदत लग जाती है तो उसे छोड़ना बेहद कठिन हो जाता है और इसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ता है।*

## धूम्रपान मुक्त पीढ़ी ही है स्वस्थ भविष्य की बुनियाद

**(योगेश कुमार गोयल)**

वैश्विक रिपोर्टों के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 3.7 करोड़ बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। ई-सिगरेट और अन्य नए निकोटीन उत्पादों ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए इन उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है लेकिन दुर्भाग्य से धूम्रपान और तंबाकू की लत इस अमूल्य धन को तेजी से नष्ट कर रही है। हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान की आदत छोड़ने के लिए प्रेरित करना और समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष यह दिवस 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह एक ऐसा अवसर है, जब लोग अपने जीवन में एक नई शुरुआत कर सकते हैं और धूम्रपान मुक्त जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। हर वर्ष इस दिन एक विशेष थीम के साथ लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। इस वर्ष का संदेश है 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है।' इसका अर्थ स्पष्ट है कि यदि कोई व्यक्ति केवल एक दिन भी धूम्रपान से दूरी बना ले तो वह आगे चलकर इसे पूरी तरह छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठा सकता है। तंबाकू और निकोटीन की लत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से करीब 70 लाख लोग सीधे धूम्रपान करने वाले होते हैं जबकि लगभग 12 लाख लोग ऐसे होते है, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते लेकिन दूसरों के धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि धूम्रपान केवल करने वाले व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके आसपास रहने वाले परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि दुनिया के कई देशों में धूम्रपान करने वालों की संख्या में कमी आई है लेकिन इसके बावजूद चिंता का विषय यह है कि युवाओं और किशोरों में तंबाकू के उपयोग की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। वैश्विक रिपोर्टों के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 3.7 करोड़ बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। ई-सिगरेट और अन्य नए निकोटीन उत्पादों ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए इन उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है। विज्ञापन प्रतिबंधों के बावजूद सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रचार किया जाता है। इस कारण किशोरों में तंबाकू की लत तेजी से फैल रही है, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। तंबाकू के दुष्प्रभाव केवल कैंसर तक सीमित नहीं हैं। यह शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है और दुनिया में होने वाली फेफड़ों के कैंसर से लगभग 85 प्रतिशत मौतें धूम्रपान के कारण होती हैं। इसके अलावा तंबाकू हृदय रोग, स्ट्रोक, दमा, ब्रोंकाइटिस और कई अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म देता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, पेट, लीवर और आंतों के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। तंबाकू की समस्या भारत में भी काफी गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमें अधिकांश पुरुष हैं लेकिन महिलाओं में भी इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। भारत में तंबाकू सेवन के कई रूप प्रचलित हैं, जैसे खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा और सुपारी के साथ तंबाकू का सेवन। इन उत्पादों की आसान उपलब्धता और कम कीमत के कारण लोग जल्दी इसकी लत के शिकार हो जाते हैं। विभिन्न शोधों में यह भी सामने आया है कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों का इलाज बहुत महंगा होता है। यदि तंबाकू के उपयोग को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका आर्थिक बोझ बहुत अधिक बढ़ सकता है। मुंह के कैंसर के मामलों में भारत पहले से ही दुनिया के कई देशों से आगे है और इसका मुख्य कारण तंबाकू तथा गुटखे का व्यापक उपयोग है। धूम्रपान केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देता है। तंबाकू की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे निर्भर बना देती है। कई युवाओं में यह लत अवसाद, चिंता और आत्मविश्वास की कमी जैसी मानसिक समस्याओं को भी जन्म देती है। जब किशोरावस्था में यह आदत लग जाती है तो उसे छोड़ना बेहद कठिन हो जाता है और इसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ता है। धूम्रपान के खतरों को देखते हुए समाज में व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। सरकारों ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई कानून बनाए हैं, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाया है और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी संदेश भी अनिवार्य किए हैं। इसके बावजूद केवल कानून से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता और व्यक्तिगत संकल्प दोनों जरूरी हैं। पत्रकारिता के अपने लंबे अनुभव के दौरान मैंने नशे के दुष्प्रभावों पर व्यापक अध्ययन किया है। वर्ष 1993 में मेरी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' प्रकाशित हुई थी, जिसमें तंबाकू और अन्य नशों से होने वाले भयानक परिणामों का विस्तार से उल्लेख किया गया था। उस समय भी यह चेतावनी दी गई थी कि यदि समाज ने समय रहते नशे के खिलाफ जागरूकता नहीं बढ़ाई तो इसके दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतने पड़ेंगे। आज तीन दशक बाद भी यह चिंता उतनी ही प्रासंगिक दिखाई देती है। बहरहाल, नो स्मोकिंग डे हमें याद दिलाता है कि जीवन का हर पल अमूल्य है और इसे किसी भी तरह की लत के कारण बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान छोड़ना कठिन अवश्य है लेकिन असंभव नहीं। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले और परिवार तथा समाज का सहयोग मिले तो वह आसानी से इस लत से मुक्त हो सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वयं भी धूम्रपान से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें। आखिरकार, एक स्वस्थ समाज की शुरुआत स्वस्थ व्यक्तियों से ही होती है। यदि हम तंबाकू से दूरी बनाकर जीवन को अपनाएं तो न केवल अपना स्वास्थ्य सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकते हैं। इसलिए इस नो स्मोकिंग डे पर संकल्प लें कि तंबाकू का साथ छोड़कर हर सांस को कीमती बनाएंगे और जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

## यूरोप का हुआ बुरा हाल, रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देश अब मास्को से मांग रहे गैस और तेल

**(नीरज कुमार दुबे)**

हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। जो यूरोप कल तक रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा रहा था और उससे गैस तथा तेल खरीदने वाले देशों पर पेनल्टी लगाने की मांग करते हुए यूक्रेन के साथ खड़ा नजर आ रहा था, वही यूरोप अब मध्य पूर्व में संकट गहराते ही फिर से रूस की ओर देखने लगा है। दरअसल अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष तथा फारस की खाड़ी में तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में ऊर्जा संकट से जूझता यूरोप रूस से गैस और तेल की संभावित आपूर्ति को लेकर नई चर्चा कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति और ऊर्जा बाजार दोनों में रूस को अप्रत्याशित लाभ की स्थिति में ला खडा किया है। हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। ईरान से जुड़े तनाव और संभावित आपूर्ति बाधा की आशंका के कारण तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गईं। सप्ताह की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत प्रति बैरल सौ डॉलर से ऊपर पहुंच गई। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के बाद कीमतों में कुछ गिरावट आई, फिर भी युद्ध से पहले की तुलना में तेल करीब सत्ताइस प्रतिशत महंगा बना हुआ है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्थिति का सबसे बड़ा आर्थिक लाभ रूस को मिल सकता है। रूस पहले से ही दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातकों में शामिल है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने उस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन अब ऊर्जा बाजार में उथल पुथल के कारण इन प्रतिबंधों का प्रभाव कम होता दिखाई दे रहा है। ऊंची कीमतों के कारण रूस को अपने तेल निर्यात से अधिक राजस्व मिलने की संभावना है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है। अमेरिका ने भारत को भी कथित रूप से अस्थायी छूट देते हुए रूसी कच्चा तेल खरीदने की अनुमति दी है। इस निर्णय के बाद रूस के तेल निर्यात में तेजी आई है। पहले जहां रूसी तेल लगभग पचास डॉलर प्रति बैरल के आसपास बिक रहा था, वहीं अब इसकी कीमत करीब नब्बे डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। इससे रूस को राजस्व में भारी बढ़ोतरी मिल रही है। ऊर्जा बाजार के आंकड़े बताते हैं कि समुद्र में टैंकरों पर जमा रूसी तेल का भंडार भी तेजी से कम हो रहा है, जिससे स्पष्ट है कि खरीदार देशों तक आपूर्ति तेजी से पहुंच रही है। फरवरी के अंत तक जहां टैंकरों में लगभग एक सौ बत्तीस मिलियन बैरल रूसी तेल जमा था, वहीं अब यह घटकर करीब एक सौ अठारह मिलियन बैरल रह गया है। इसका अर्थ है कि वैश्विक बाजार में रूसी तेल की मांग फिर बढ़ने लगी है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6031

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6030

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

### वर्ग पहेली 6031



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 17 जुलाई 1919 का इस देश संविधान अंगीकार किया गया (4)
4. यह कीड़ों द्वारा बनाया गया एकलौता ऐसा पदार्थ है जिसे इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
7. ऊनी कालीन या मोटे गद्दे को यह भी कहते है (3)
9. हमला या आक्रमण करने की क्रिया, सप्ताह का दिन (2)
10. प्रस्थिति, प्रेषिति, गमन (3)
12. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
14. शरीर रोम, पशु रोम (2)
15. पुराणानुसार अमृत मंथन के समय निकला प्रचंड विष (4)
17. दयावान, कृपालु, हमदिल (3)
18. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल प लटके (2)
21. शासक मंडल, हुक्मरान, शासक वर्ग (4)
22. पृथ्वी के भूपटल पर निचले और समतल क्षेत्र यह कहलाते है (3)
24. शैन, शनै आगे प्रेषित करना, अपनी जगह से हिलाना (4)

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तरप्रदेश का यह स्थान कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
2. जननेन्द्रीय, लिंगीय (3)
3. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
5. विविध भारती से नाटकों पर आधारित प्रसारित होने वाला एक दैनिक कार्यक्रम (5)
6. भाव, मूल्य, निर्ख (2)
8. आलेप, प्रलेप, लोशन (4)
11. वृत्ताकार, गोलाई लिए हुए (5)
13. पुराणानुसार विभीषण की बड़ी बेटी का नाम (2)
16. पैंडेट, प्रालंब (4)
19. एक प्रकार का मादक पदार्थ (3)
20. वेस्टइंडीज के ग्रेटर एंटीलीज समूह का द्वीप जिसकी राजधानी किंगस्टन है (3)
21. कठोर व्यवहार, निर्दयता (2)
23. आखेटचारा, चबैना, कण (2)

### वर्ग पहेली 6030 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ज | रा | इ | ल | | रू | स |
| ब | ल | वी | र | | ज | ना | ब |
| ति | या | | ला | ल | | लै | ब |
| दा | न | व | | ह | म | ला | |
| ई | | ह | स | र | त | | |
| | रा | शि | | दा | ल | रो | टी |
| मृ | ग | या | | र | ब | | च |
| ग | | ना | ते | | | दौ | र |

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन की स्थिति कुछ भाग्य के सहयोग को देने वाली है। इस समय उत्साह भी रहेगा और किसी भी काम को ऊर्जा के साथ करना चाहेंगे। काम के स्थान में आपके बड़ों की नजरें आप पर होंगी, साथ ही कुछ अच्छे परिणाम भी हम प्राप्त कर पाएंगे। दोस्तों के साथ अच्छे से बातचीत रहे और उनके साथ कहीं घूमने फिरने की योजनाएं भी बन सकती हैं।

### वृष

आज दिन की स्थिति संभल कर काम करने का संकेत देती है। इस समय भूलचूक होने की संभावनाएं अधिक बढ़ सकती हैं। अपने कामों को करने में आज के दिन आप बड़ों की सहायता को लेने के लिए आगे बढ़ सकते हैं जिससे सही गलत का अच्छे से पता चल पाएगा। सलाह है कि आज जो काम करें उसमें समय लें और अधिक जल्दबाजी करने से बचें ताकि कोई बात रह न जाए।

### मिथुन

आज का दिन मिला-जुला सा रह सकता है। आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि और निर्णय क्षमता में तेजी देखी जा सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी राय और सुझावों का महत्व इस दौरान दूसरों को परेशान कर सकता है। इस दौरान ज्यादा चीजों को लेकर दबाव से बचें।

### तुला

आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा, लेकिन आपकी मेहनत का फल सकारात्मक रूप से दिख सकता है। कोई पुराना काम पूरा होने से संतोष मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक शांति और संतुलन महसूस होगा। आज के दिन बच्चों के साथ कहीं घूमने के लिए निकलना पड़ सकता है।

### वृश्चिक

आज का दिन सामान्य लेकिन फलदायक रह सकता है। कामकाज में धीरे-धीरे प्रगति होगी, इस दौरान किसी करीबी मित्र या सहकर्मी से सलाह लेने से आपको फायदा हो सकता है। घरेलू जीवन में आज के दिन बड़ों की ओर से कुछ बातें कठोर भी रह सकती हैं पर वह फायदे की ही होंगी। रिश्तों में मधुरता और समझ बढ़ाने के लिए कोशिशें बनाए रखना जरूरी रहेगा।

### धनु

आज के दिन की स्थिति अपने लक्ष्यों के प्रति गंभीर बने रहने की मांग को दिखाती है। कार्यक्षेत्र में किसी चुनौती को संभालने का अवसर मिल सकता है। बाहरी लोगों का असर आपकी शांति को कम करने वाला हो सकता है। खर्च इस समय अधिक ही रहने वाले हैं। आप अपने प्रयासों पर भरोसा बनाए रखें और सही दिशा में काम करें तो लाभ मिलेगा। परिवार का समर्थन आपकी ऊर्जा बढ़ाएगा।

### कर्क

आज आपकी जिज्ञासा और नई चीजें सीखने की इच्छा मजबूत रहेगी। आज के दिन किसी सामाजिक कार्यक्रम या किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने का समय भी बन रहा है। कामकाज में आप तेजी से अपने ऊपर आई हुई चुनौती का सामना करने और उसे दूर करने का मन बना सकते हैं। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके लिए मददगार साबित हो सकती है।

### सिंह

आज आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण बनाए रखना होगा। इस समय कुछ के साथ व्यर्थ की बहस भी हो सकती है, इसलिए दूसरों पर बहुत अधिक प्रतिक्रिया करने से बचें। परिवार के किसी सदस्य के काम के चलते आप को अपने कामों को रोकना पड़ सकता है, जिसमें आपका धैर्य काम आएगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और लगन से बदलाव देखने को मिल सकता है।

### कन्या

आज का दिन का समय अपने कामों को पूरा करने और भागदौड़ में लगा रहने वाला है। घर में अपनों के साथ समय बिता पाएंगे, इस दौरान घर के लोगों के साथ कहीं घूमने फिरने या जरूरी कारणों से बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति के मामले में दिन सामान्य रहेगा कुछ न कुछ लाभ बने रहने वाले हैं।

### मकर

आज के दिन की स्थिति कुछ कमजोर लग सकती है। इस दौरान मेहनत ज्यादा रहेगी और परिणाम कुछ कम रह सकते हैं। आपको अपने कार्यों पर पूर्ण ध्यान देने की जरूरत होगी। जिम्मेदारियों में वृद्धि हो सकती है लेकिन अनुशासन और लगन से आप इसे संभाल पाएंगे। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाना लाभदायक रहेगा।

### कुंभ

आज के दिन अपने खर्च के साथ-साथ अच्छी इंकम की प्राप्ति को देख सकते हैं। इस दौरान सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने, किसी काम के कारण कहीं जाने का मौका बनेगा। घर पर बड़े भाई बहनों की मदद आप को कई मामलों में राहत दिलाने में सहायक हो सकती है। इस समय छोटे बच्चों की ओर से मस्ती के चलते घर में अस्त व्यस्त स्थिति बनी रहने वाली है।

### मीन

आज आपके मन में कुछ नया सीखने या अनुभव करने की इच्छा जाग सकती है। इस समय चंद्रमा का असर आपकी ही राशि पर होने से दिल और दिमाग नई बातों से भरा हुआ रह सकता है। आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने के लिए कुछ योजनाएं शुरू करने में तेजी से फैसले लेना चाहेंगे। यात्रा या नए प्रोजेक्ट से जुड़े अवसर भी सामने आ सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# भारतीय महिलाओं में क्रिकेट का क्रेज बढ़ा

### 2020 के मुकाबले भागीदारी दोगुनी, 15-24 उम्र की 16 प्रतिशत लड़कियां खेल रहीं



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत में महिलाओं के बीच क्रिकेट खेलने की संख्या तेजी से बढ़ी है। एक नए सर्वे के मुताबिक 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम की ओर से कराए गए इस सर्वे में 10 हजार से ज्यादा महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में जहां सिर्फ 5प्रतिशत महिलाओं ने क्रिकेट खेलने की बात कही थी, अब यह आंकड़ा बढ़कर 10 प्रतिशत हो गया है।

- **क्रिकेट को करियर चुन रहीं–** युवा महिलाओं में बढ़ोतरी और तेज है। 15 से 24 साल की 16प्रतिशत लड़कियां क्रिकेट खेलती हैं, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 6 प्रतिशत था। इसी उम्र वर्ग की हर चार में से एक लड़की ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने की बात भी कही है।
- **भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने प्रभाव छोड़ा–** रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हाल की सफलताओं का भी असर दिख रहा है। टीम ने हाल ही में अपना पहला वनडे वर्ल्ड कप जीता और ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की टी-20 सीरीज में हराया। सर्वे में यह भी सामने आया कि महिलाओं के बीच क्रिकेट अब पारंपरिक खेल कबड्डी से काफी आगे निकल गया है। 2020 में दोनों खेलों के बीच अंतर कम था, लेकिन अब क्रिकेट आगे है।
- **यूपी में 10 प्रतिशत महिलाएं क्रिकेट खेल रहीं–** ज्यादातर राज्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उत्तर प्रदेश में तो यह आंकड़ा 1प्रतिशत से बढ़कर 10प्रतिशत तक पहुंच गया है। साथ ही पुरुष और महिला खिलाड़ियों के बीच का अंतर भी कम हुआ है। अब हर एक महिला खिलाड़ी पर तीन पुरुष खिलाड़ी हैं, जबकि 2020 में यह अनुपात एक के मुकाबले पांच था। करियर के रूप में खेल को देखने वाली 15-24 उम्र की 26प्रतिशत लड़कियां हैं, जो 2020 में 16 प्रतिशत थीं।
- **पंजाब में बैडमिंटन में महिलाएं आगे–** सर्वे में यह भी बताया गया कि बैडमिंटन में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, खासकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं अब भी एक बड़ी बाधा हैं। जो महिलाएं कोई खेल नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा को वजह बताया।
- **भारतीय विमेंस ने पहली बार वर्ल्डकप जीता–** भारत ने 2 नवंबर को साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराते हुए विमेंस वर्ल्डकप में अपना पहला टाइटल जीता था। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वालीं दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था।

# नमन अवॉर्ड्स 2026 -बीसीसीआई करेगा भारतीय दिग्गजों का सम्मान

- टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम भी होगी सम्मानित



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम को सम्मानित करने जा रहा है। कप्तान सूर्यकुमार की अगुवाई में खिताब जीतने वाली टीम को 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले नमन अवॉर्ड्स 2026 समारोह में सम्मान मिलेगा। इस समारोह की खास बात यह है कि पहली बार एक साथ उन सभी भारतीय टीमों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने हाल के समय में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं।

**भारत ने रचा था इतिहास–** कोच गौतम गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतकर इतिहास रच दिया था।फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया था। यह मुकाबला नरेंद्रमोदी स्टेडियम में 8 मार्च को खेला गया था।

### हॉकी विश्वकप 2026

# मनीषा चौहान के गोल से भारत फाइनल में, अब इंग्लैंड से खिताबी भिड़ंत



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एफआईएच बुमेन हाकी वर्ल्ड कप क्वालीफाई के सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। हैदराबाद के जीएमसी बालायोगी हाकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मिडफील्डर मनीषा चौहान ने तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर निर्णायक गोल किया। अब फाइनल में भारत का सामना इंग्लैड वुमेन नेशनल फिल्ड हाकी टीम से होगा।

**मैच की शुरुआत में दोनों टीमों का आक्रामक खेल –** भारत ने मैच की शुरुआत तेज रफ्तार के साथ की, लेकिन इटली वुमेन नेशनल फील्ड हाकी टीम ने भी जवाबी हमला करते हुए आक्रामक खेल दिखाया। दूसरे क्वार्टर के 18वें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन ननवीत कौर का शॉट इटली की गोलकीपर लूसिया लेंस कार्सो ने शानदार तरीके से रोक दिया।

- **तीसरे क्वार्टर में मनीषा ने किया निर्णायक गोल –** दूसरे हाफ की शुरुआत में इटली ने जोरदार हमला किया, लेकिन भारतीय गोलकीपर बिच्छू देवी करीबाम ने शानदार बचाव किया। मैच का निर्णायक पल 40वें मिनट में आया, जब भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। इस बार मनीषा चौहान ने शानदार ड्रैग फ्लिक लगाते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया और भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।
- **आखिरी मिनटों में इटली की कोशिश नाकाम –** आखिरी क्वार्टर में भारत ने बढ़त मजबूत करने के लिए दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन गोल नहीं हो सका। दूसरी ओर, इटली ने भी आखिरी मिनटों में बराबरी की पूरी कोशिश की। 59वें मिनट में उसे अहम पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन टीम गोल करने में नाकाम रही और भारत ने मुकाबला 1-0 से जीत लिया।

**भारत को लगातार मिले मौके –** मेजबान टीम को 27वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय कप्तान सलीमा टेटे का शॉट इटली की डिफेंडर ने रोक दिया। इसके बाद 29वें मिनट में भी भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, मगर इस बार भी गोल नहीं हो सका और पहला हाफ गोलरहित रहा।

# मैं सिर्फ टाइमिंग पर ध्यान देती हूं, मेडल्स पर नहीं : पैरालंपिक प्रीति पाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रीति पाल, जो पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं, ने अपनी सफलता का राज बताया है। उनका कहना है कि वह सिर्फ अपनी टाइमिंग बेहतर करने पर ध्यान देती हैं और मेडल जीतने के बारे में सोचकर खुद पर दबाव नहीं डालतीं। प्रीति ने 2024 पेरिस पैरालंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे - एक महिलाओं की 100मी रेस में और दूसरा 200मी टी35 रेस इवेंट में। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं की 100मी टी35/टी37 रेस में गोल्ड मेडल जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए प्रीति ने कहा, यह वह मुकाबला है जहां हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता है। यहां बात मेडल की नहीं, बल्कि टाइमिंग की होती है। यहां मुकाबला करने आए सभी एथलीटों ने अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश की है। मुझे तो यह भी लगता है कि मैं ठीक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाई जैसा मैं ट्रेनिंग के दौरान कर रही थी। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जा रहा है जिसमें 8 देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। प्रीति ने रेस में गोल्ड मेडल जीतने के लिए 14.46 सेकंड का समय लिया। रूस की मार्गरीटा माताएवा 16.25 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि करीना माचुलस्काया ने 17.38 सेकंड के समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। एक पैरा एथलीट के तौर पर उन्हें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उन पर बात करते हुए इस स्प्रिंटर ने कहा कि चोटें एथलीटों के लिए सबसे बड़ी रुकावटों में से एक बनी रहती हैं, खासकर तेज रफ्तार वाले स्पीड सेशंस के दौरान।

# संजू सैमसन के लिए सुरेश रैना की सलाह

### सीएसके के लिए इस नंबर पर उतरना रहेगा फायदेमंद



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि सैमसन को सीएसके के लिए इंडियन प्रिमियर लीग 2026 में नंबर-3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। रैना के अनुसार यह पोजिशन टीम की बल्लेबाजी को बेहतर संतुलन दे सकती है और टॉप ऑर्डर तथा मिडिल ऑर्डर के बीच मजबूत कड़ी का काम करेगी।

**टी20 वर्ल्ड कप में शानदार फॉर्म में थे सैमसन –** संजीव सैमसन आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म के साथ उतरने वाले हैं। उन्होंने हाल ही में खेले गए आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में बेहतरीन बल्लेबाजी की थी। सैमसन ने सुपर-8 में वेस्टइंडीज के खिलाफ, सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीन अर्धशतक लगाए थे। इन पारियों की बदौलत उन्होंने टूर्नामेंट में अपनी बल्लेबाजी का दम दिखाया।

### रितुराज और आयुष कर सकते हैं ओपनिंग

रैना का मानना है कि सीएसके को ओपनिंग में रितुराजऔर आयुष को मौका देना चाहिए, जबकि सैमसन को नंबर-3 पर उतारना बेहतर रहेगा। उनके मुताबिक, अगर सैमसन नंबर-3 पर आते हैं तो इसके बाद ब्रेव्स नंबर-4 और शिवम दुबे नंबर-5 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। इससे टीम का मिडिल ऑर्डर काफी मजबूत नजर आएगा।

### विकेटकीपिंग भी कर सकते हैं सेमसन

रैना ने यह भी कहा कि सैमसन सीएसके के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। इससे अनुभवी कप्तान एम एस धोनी पर दबाव कम होगा। उनके अनुसार धोनी संभवत: बल्लेबाजी में आखिरी ओवरों में ही नजर आएंगे, इसलिए टीम के लिए जरूरी है कि मध्यक्रम में सैमसन जैसा अनुभवी खिलाड़ी मौजूद रहे जो पारी को संभाल सके।

### आरआर से ट्रेड होकर सीएसके में पहुंचे सैमसन

संजीव सैमसन को आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रायल से ट्रेड के जरिए सीएसके में शामिल किया गया है। इस ट्रेड में सीएसके के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के खिलाड़ी सैम करन राजस्थान रॉयल्स में गए थे। सैमसन के आईपीएल करियर की बात करें तो उन्होंने 177 मैचों में 4707 रन बनाए हैं और लंबे समय तक राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी भी की है।

# आईपीएल के लिए पीएसएल छोड़ने पर फंसे ब्लेसिंग मुजरबान

### पीसीबी ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी



**करांची (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 से पहले जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी विवादों में घिर गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। दरअसल, मुजारबानी ने आखिरी समय में पाकिस्तान सुपर लीग से अपना नाम वापस ले लिया और अब वह इंडियम प्रिमियर लीग आईपीएल 2026 में खेलने जा रहे हैं।

**केकेआर में ब्लेसिंग मुजरबानी की जगह शामिल हुए –** मुजारबानी को केकेआर ने अपनी टीम में शामिल किया है। वह बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफजुर रहमान की जगह टीम से जुड़े हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोर्ड आफ कंट्रोल फार क्रिकेट इन इंडिया बीसीसीआई के निर्देशों के बाद मुस्तफिजुर को टीम से रिलीज किया गया था, जिसके बाद केकेआर ने मुजारबानी को रिप्लेसमेंट के तौर पर साइन किया।

### पीएसएल फ्रेंचाइजी ने पहले ही किया था साइन

आईपीएल में शामिल होने से पहले मुजारबानी को इस्लामाबाद युनाइटेड ने पीएसएल 2026 के लिए 11 मिलियन पाकिस्तानी रुपये में साइन किया था। वह वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज समर जोसफ के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम से जुड़े थे। लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक पहले उनके पीएसएल छोड़ने के फैसले से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड नाराज हो गया है।

### 17 मार्च को केकेआर से जुड़ेंगे

लंबे कद के तेज गेंदबाज मुजारबानी 17 मार्च को केकेआर कैंप से जुड़कर आईपीएल 2026 की तैयारियां शुरू करेंगे। उनकी तेज रफ्तार और लगातार सटीक लाइन-लेंथ के कारण केकेआर के तेज गेंदबाजी आक्रमण को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# रंकीरेड्डी के कंधे में दर्द के कारण उनकी और चिराग की जोड़ी स्विस ओपन से हटी



**बासेल (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे में दर्द के कारण उनकी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय पुरुष जोड़ी ने शुक्रवार को स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतिम आठ युगल मुकाबलों में रंकीरेड्डी और शेट्टी का मुकाबला डेनमार्क के क्रिश्चियन फॉस्ट कजेर और रासमस कजेर से होना था। बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश से सुर्खियां बटोरने वाले अमलापुरम के 25 वर्षीय रंकीरेड्डी अपने दाहिने कंधे की समस्या से जूझते रहे हैं। रंकीरेड्डी ने 2023 में बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जिसकी गति 565 किलोमीटर प्रति घंटा थी। भारतीय टीम के मलेशिया मूल के कोच टैन किम हर ने मीडिया को बताया, यह पुरानी चोट है। उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएंगे। इसमें कम से कम एक सप्ताह लगेगा।

समझा जा रहा है कि यह चोट नयी नहीं है और शीर्ष स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों में आम है। भारतीय जोड़ी ने बृहस्पतिवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान के हिरोकी ओकामूरा और क्योहेई यामाशिता के खिलाफ 74 मिनट के कड़े मुकाबले में 21-15, 15-21, 28-26 से जीत हासिल की। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग अब सात से 12 अप्रैल तक होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। भारतीय जोड़ी ने 2023 में खिताब जीता था।

# एआईएफएफ के पूर्व महासचिव कुशल दास का निधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दास ने 2010 से 2022 तक एआईएफएप के महासचिव के रूप में सेवा दी थी। उनका निधन शुक्रवार, को 66 वर्ष की आयु में हुआ। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं। पेशे से चार्टड अकाउंटेंट कुशल दास भारतीय फुटबॉल में खेल प्रबंधन और प्रशासन का व्यापक अनुभव लेकर आए थे। अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत में उन्होंने पीडब्ल्यूसी, और शेल जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ काम किया। 1996 में जब वैश्विक खेल विपणन और टेलीविजन प्रोडक्शन कंपनी आईएमजी भारतीय बाजार में आई, तब वे उसके मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में जुड़े। बाद में उन्होंने दुबई में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में भी कार्य किया, जिससे अंतरराष्ट्रीय खेल प्रशासन में उनकी पहचान और मजबूत हुई। नवंबर 2010 में उन्होंने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के महासचिव का पद संभाला, जिसे उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक निभाया।

# अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्डकप जीत के बाद वैष्णों देवी पहुंचे

- फोटोज शेयर कीं, फाइनल में खेली थी 52 रन का पारी



**कटरा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में स्थित वैष्णो देवी मंदिर में जाकर माता रानी के दर्शन किए। अभिषेक शर्मा हाल ही में भारतीय टीम के साथ टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे।

टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक ने अपनी यात्रा की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं और कैप्शन लिखा जय माता दी। फोटोज में वे सफेद कुर्ता-पायजामा पहने, माथे पर तिलक लगाए और हाथ जोड़कर दर्शन करते नजर आए।

**फाइनल में 52 रन की पारी खेली–** अभिषेक ने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में अहम भूमिका निभाई थी। फाइनल से पहले के मैचों में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था और लगातार 3 बार शून्य पर आउट हुए। हालांकि खिताबी मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी की। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में उन्होंने महज 21 गेंदों में 52 रन की पारी खेली।

**कोच-कप्तान ने मुझ पर भरोसा किया–** भारत की जीत के बाद अभिषेक ने कहा, कोच और कप्तान ने मुझ पर भरोसा किया। मैं खुद भी खुद पर शक कर रहा था क्योंकि यह टूर्नामेंट मेरे लिए आसान नहीं था। मैंने इससे पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था। अपना पहला वर्ल्ड कप खेल रहा था।

**अभिषेक नंबर-1 टी-20 बैटर–** टॉप-10 टी-20 बैटर्स की लिस्ट में 4 भारतीय शामिल हैं। इनमें अभिषेक नंबर-1, ईशान नंबर-2, तिलक वर्मा नंबर-7 और सूर्यकुमार यादव नंबर-9 पर हैं।

# दूसरा वनडे में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 128 रन से हराया

- सदाकत की फिफ्टी, 3 विकेट भी झटके, सलमान के रनआउट पर विवाद



**ढाका (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने वनडे सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश को 128 रन से हराया दिया है। इस जीत से टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। तीसरा और निर्णायक मुकाबला 15 मार्च को मीरपुर में खेला जाएगा।

ढाका के शेर-ए-बांग्ला क्रिकेट स्टेडियम में मेजबान टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तानी टीम 47.3 ओवर में 274 रन पर ऑलआउट हो गई और मेजबान टीम को 275 रन का टारगेट दिया।

इसे बांग्लादेश की पारी के दौरान बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। ऐसे में टारगेट को रिवाइज करके 243 रन कर दिया गया। इसे चेज करते हुए बांग्लादेशी टीम 23.3 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच सदाकत माज ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 46 बॉल पर 75 रनों की पारी खेली। इतना ही नहीं, 3 विकेट भी झटके।

# इंडियन वेल्स के फाइनल में सबालेंका

- सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराया, खिताब के लिए रायबकिना से होगी भिड़ंत



**यूक्रेन (एजेंसी)।** इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटा 28 मिनट तक चला।

सबालेंका पिछले चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले वह यहां दो बार उपविजेता रह चुकी हैं।

अब फाइनल में उनका सामना कजाकिस्तान की एलिना रायबकिना से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में रायबकिना ने यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया।

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन की हार का बदला लेने का मौका–** सबालेंका के लिए यह फाइनल बेहद अहम है। साल 2026 में सबालेंका ने अब तक 13 मैच खेले हैं, जिनमें से 12 में उन्हें जीत मिली है। उनकी एकमात्र हार इसी साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रायबकिना के खिलाफ आई थी। ऐसे में रविवार को सबालेंका के पास न सिर्फ उस हार का बदला लेने का मौका होगा,बल्कि इंडियन वेल्स में अपने 0-2 के फाइनल रिकॉर्ड (दो बार रनर-अप रहना) को सुधारने की भी चुनौती होगी।

एलिना रायबकिना ने आर्यना सबालेंका को ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में हराकर पहली बार खिताब जीता था।

### सबालेंका ने ज्यादा मुकाबले जीते हैं

आर्यांना सबालेंका और एलिना रायबकिना के बीच अब तक कुल 15 मुकाबले हुए हैं। इनमें सबालेंका का पलड़ा भारी है और उन्होंने 8 मैचों में जीत दर्ज की है। हालांकि, पिछले दो मुकाबलों में बाजी रायबकिना के हाथ लगी है।

### सबालेंका बोलीं-संडे के लिए पूरी तरह तैयार हूं

फाइनल को लेकर सबालेंका ने कहा,मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि रविवार के मैच के लिए मैं पूरी तरह तैयार रहूं। मैं अपना बेस्ट टेनिस खेलूंगी और पूरी कोशिश करूंगी कि यह साल मेरा हो।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण में 20 मार्च को औरंगाबाद आएंगे सीएम

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** तीसरे चरण की समृद्धि यात्रा के तहत 20 मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार औरंगाबाद आ सकते है। यात्रा की संभावित तारीख तय होते ही औरंगाबाद जिला प्रशासन ने तैयारी में युद्ध स्तरीय तेजी ला दी है। यात्रा की तैयारी को लेकर ही औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने शनिवार को समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दौरा किए जानेवाले स्थलों पर की जा रही तैयारी का जायजा लिया। इसी कड़ी में डीएम ने बारुण प्रखंड के मुंशी बिगहा में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभा स्थल, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, संपर्क पथ, हेलीपैड, विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रदर्शनी स्टॉल के लिए निर्धारित स्थल, विभागीय बैठक स्थल तथा आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कार्यक्रम के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाए। जिलाधिकारी ने सभा स्थल पर हेलीपैड को प्रदर्शनी स्टॉल क्षेत्र से पर्याप्त दूरी पर बनाने का निर्देश दिया, ताकि सुरक्षा एवं आवागमन की दृष्टि से कोई समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को कार्यक्रम स्थल के आसपास की सड़कों की आवश्यक मरम्मत शीघ्र कराने का निर्देश दिया, जिससे कार्यक्रम में आने वाले लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को निर्देश दिया कि जिन मार्गों पर मरम्मत कार्य प्रगति पर है, वहां यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाए, ताकि मरम्मत कार्य बाधित न हो तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहे। इसके अतिरिक्त सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समृद्धि यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित स्टॉलों के माध्यम से आम जनता को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, बेबी प्रिया, डीआरडीए के निदेशक अनुपम कुमार, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, बारूण के प्रखंड विकास पदाधिकारी बारुण सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जिला प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बर्डी खुर्द पंचायत में एक दिवसीय शिविर आयोजित

# लाभार्थियों के बीच आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड और राशन कार्ड का किया गया वितरण

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)






शनिवार को बारुण प्रखंड की बर्डी खुर्द पंचायत में शनिवार, 14 मार्च 2026 को "जिला प्रशासन आपके द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार गीत के गायन के साथ हुआ, जिसके बाद उप विकास आयुक्त एवं अन्य वरीय अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण द्वारा जिला पदाधिकारी को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय अन्य वरीय पदाधिकारियों का भी प्रखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि "जिला प्रशासन आपके द्वार" कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन को सीधे जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष दिसंबर से जिले में इस पहल की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत विभिन्न पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि इस कार्यक्रम को जिले की प्रत्येक पंचायत तक पहुंचाया जाए, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की "प्रशासन गांव की ओर" की सोच तथा सात निश्चय–3 के तहत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल को ध्यान में रखते हुए प्रशासन आम जनता के द्वार तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर रहा है। इसके तहत जिला से लेकर पंचायत स्तर तक प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किया जाता है, जिसमें प्राप्त आवेदनों का निष्पादन किया जाता है और इसकी नियमित निगरानी जिला प्रशासन द्वारा की जाती है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का उप विकास आयुक्त ने निरीक्षण किया और उपस्थित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों के बीच आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड और राशन कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत एक लाभार्थी को दो हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। आईसीडीएस विभाग द्वारा बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया, वहीं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत एक लाभार्थी को 12 हजार रुपये का चेक दिया गया। शिविर में पांच दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल भी उपलब्ध कराई गई, जिन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, निःशक्तता पेंशन योजना, बैंकिंग सेवाएं, मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, सात निश्चय–2 के तहत नल-जल योजना, कौशल विकास योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना तथा मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित कई योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दवा वितरण, नेत्र जांच, चश्मा वितरण, रक्त जांच, आयुष्मान भारत कार्ड और यूडीआईडी कार्ड से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा जिला बाल संरक्षण इकाई, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग द्वारा भी अपने-अपने स्टॉल लगाए गए। शिविर के दौरान प्राप्त कई आवेदनों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष लंबित आवेदनों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, डीपीएम (स्वास्थ्य) मोहम्मद अनवर आलम, डीपीएम जीविका, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत शादी में जा रहा था, एक घायल



- मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के चांद बीघा गांव निवासी अशोक चौधरी के पुत्र के रूप में हुई।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

नगर थाना क्षेत्र के पीपरडीह मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के चांद बीघा गांव निवासी अशोक चौधरी के पुत्र दिलीप कुमार (27) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार दिलीप कुमार अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहा था। उसके साथ मृत्युंजय कुमार भी बाइक पर सवार था। जैसे ही वे पीपरडीह मोड़ के पास पहुंचे, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दिलीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मृत्युंजय कुमार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जाता है कि दिलीप कुमार तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। करीब चार वर्ष पहले उसकी शादी सोनी देवी से हुई थी। उसके एक बेटा और एक बेटी हैं। वह गांव में ही ऑनलाइन सेवा केंद्र चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। इस दर्दनाक हादसे ने शादी की खुशियों को पल भर में मातम में बदल दिया।

### लायन्स क्लब औरंगाबाद आदित्य का पदग्रहण समारोह संपन्न

## समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शहर के होटल शुभम इंटरनेशनल सभागार में शुक्रवार की रात लायन्स क्लब औरंगाबाद आदित्य का पदग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लायन्स क्लब जिला 322 ए के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय कुमार ने कहा कि जनसेवा, समाज सेवा के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवता से जुड़े कार्यों में लायन्स क्लब की हमेशा से महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि औरंगाबाद में नवगठित यह क्लब अपने उद्देश्यों और दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन करेगा। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एसपी वर्मा ने क्लब के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और समाज की सेवा ही लायन्स क्लब का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष कमल किशोर ने आने वाले समय में क्लब द्वारा किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी। समारोह में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राहुल वर्मा, लायन कंचन साहू, लायन सुजीत कुमार, लायंस क्लब सोनभद्रा डिहरी की अध्यक्ष रत्ना सिन्हा तथा पूर्व अध्यक्ष सांवली सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नए सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। इनमें अध्यक्ष कमल किशोर, निदेशक डॉ. सुधीर कुमार मिश्र, ई.बी.के. श्रीवास्तव, प्रशासक श्रीराम अम्बष्ट, उपाध्यक्ष डॉ. शीला वर्मा, सचिव आनंद प्रकाश, संयुक्त सचिव भारती श्रीवास्तव, संजना किशोर, सलोनी श्रीवास्तव, पदाधिकारी सूर्यकांत, संजीव सिन्हा, अनिल कुमार सिंह, मधुबाला सिन्हा, लीडरशिप चेयरपर्सन विनय प्रकाश, पीआरओ साकेत कुमार, कौस्तुभ किशोर तथा सर्विस चेयरपर्सन मृदुला अम्बष्ट शामिल रहे। समारोह के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, शिक्षा पुरुष सुरेश प्रसाद गुप्ता तथा अध्यापिका नूतन पांडेय को सम्मानित भी किया गया। अतिथियों ने लायन्स क्लब के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था हमेशा से समाज सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यों में अग्रणी रही है। कार्यक्रम का संचालन प्रेमेंद्र कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर लायन अभिजीत कश्यप, अजय श्रीवास्तव, संतोष कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पोक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** पोक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को हसपुरा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अदालत से कुर्की वारंट जारी किया गया था। इसके बाद पुलिस टीम दलबल के साथ कुर्की की कार्रवाई के लिए उसके गांव पहुंची। इसी दौरान उपहारा थाना पुलिस के सहयोग से आरोपी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया।

**पुलिस टीम कुर्की की कार्रवाई के लिए गांव पहुंची, उसी दौरान आरोपी पकड़ा गया।**

उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत कांड संख्या 85/17 (जीआर 18/17) दर्ज है। पुलिस काफी दिनों से उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## विधिज्ञ संघ चुनाव : गिरिजेश कुमार सिंह बने कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष पद पर क्षितिज, उदय और अशोक विजयी



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद के सत्र 2026–28 की कार्यसमिति के चुनाव की मतगणना के दूसरे दिन विभिन्न पदों के परिणाम घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए हुई मतगणना में गिरिजेश कुमार सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 45 मतों से पराजित कर जीत हासिल की। उन्हें कुल 207 वोट प्राप्त हुए। वहीं अमरेश सिंह को 27, अमित कुमार को 123, प्रभावती देवी को 39, शिवराम को 155 और सुजित कुमार सिंह को 162 मत मिले।

उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में क्षितिज रंजन, उदय कुमार सिन्हा और अशोक कुमार सिंह विजयी घोषित किए गए। इस पद पर क्षितिज रंजन को 340, उदय कुमार सिन्हा को 283 और अशोक कुमार सिंह को 236 वोट मिले। अन्य उम्मीदवारों में संजय कुमार सिंह को 173, रामप्रवेश ठाकुर को 164, प्रदीप कुमार को 137 और धनंजय कुमार गांधी को 51 मत प्राप्त हुए।

निगरानी समिति सदस्य के एकल पद पर अनिल आशुतोष को 483 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कृष्ण विजय सिंह को 227 मत प्राप्त हुए। अनिल आशुतोष को विजयी घोषित किया गया। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें चंद्रकांता कुमारी ने 9 वोट से जीत दर्ज की। उन्हें 362 मत मिले, जबकि त्रिपुरारी कुमार वैद्य को 353 वोट प्राप्त हुए।

अंकेक्षक पद पर अनिल कुमार सिन्हा लगातार दूसरी बार विजयी हुए। उन्हें 387 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी परशुराम सिंह को 320 मत प्राप्त हुए।

संयुक्त सचिव पद के लिए हुए चुनाव में दिलीप कुमार सिंह, देवी नंदन सिंह और सियाराम पांडेय विजयी घोषित किए गए। दिलीप कुमार सिंह को 238, देवी नंदन सिंह को 224 और सियाराम पांडेय को 235 वोट मिले। अन्य उम्मीदवारों में नीरज कुमार सिंह को 118, रामपरीखा सिंह को 113, विनय कुमार मिश्रा को 134, शंभू नाथ मिश्रा को 146, संजय कुमार को 39 और काली प्रसाद को 124 मत प्राप्त हुए। मतगणना के बाद विजयी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया।

## बारुण–नवीनगर मार्ग पर चार दिनों तक भारी वाहनों के परिचालन पर रोक

- बारुण से नवीनगर जाने वाले भारी वाहन औरंगाबाद–अम्बा मार्ग से भेजे जाएंगे।
- नवीनगर से बारुण आने वाले वाहन अम्बा या नवीनगर–चतरा मार्ग होते हुए औरंगाबाद मार्ग से संचालित होंगे।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बारुण–नवीनगर पथ के केशव विगहा मोड़ (एनएच-2) से एनीकट तक पथ निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य कराए जाने के कारण इस मार्ग की यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया है। सड़क मरम्मत कार्य के दौरान 15 मार्च से 18 मार्च 2026 तक इस मार्ग पर हाइवा, बस और अन्य भारी वाहनों के परिचालन पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार बारुण से नवीनगर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को औरंगाबाद–अम्बा मार्ग के रास्ते नवीनगर भेजा जाएगा। वहीं नवीनगर से बारुण की ओर आने वाले भारी वाहनों को अम्बा या नवीनगर–चतरा मार्ग होते हुए औरंगाबाद मार्ग के रास्ते बारुण की ओर संचालित करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित मार्गों पर आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही आम लोगों और वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सड़क मरम्मत कार्य सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2118 मामलों का निष्पादन 5.5 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ समझौता

- शिविर में शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन जांच और दवा वितरण की सुविधा दी गई।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद तथा दाउदनगर अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य उद्घाटन समारोह प्राधिकार के सभागार में आयोजित हुआ, जहां प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरुण कुमार, प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन विधिक सेवा प्रतिरक्षा प्रणाली के उप मुख्य अधिवक्ता अभिनंदन कुमार ने किया। प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम डॉ. दीवान फहद खान ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण किया गया। यातायात चालान से जुड़े कुल 14 मामलों का निष्पादन किया गया, जिनमें से आठ मामलों में 82 हजार 100 रुपये चालान शुल्क के रूप में प्राप्त हुए। लोक अदालत में पारिवारिक मामलों सहित अन्य कई प्रकार के वादों का रिकॉर्ड निष्पादन हुआ। इनमें 37 पारिवारिक मामले, 230 आपराधिक सुलहनीय मामले, एक दीवानी वाद तथा पांच चेक बाउंस मामलों में कुल 15 लाख 55 हजार रुपये का समझौता कराया गया। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी न्यायालय से संबंधित 560 मामले, टेलीफोन के छह मामले, यातायात चालान के आठ मामले तथा बैंक ऋण के 636 मामलों का भी निस्तारण किया गया। इन मामलों में पक्षकारों को कुल 5 करोड़ 34 लाख 48 हजार 777 रुपये की राहत दिलाई गई। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2118 मामलों का निपटारा करते हुए लगभग 5 करोड़ 50 लाख 3 हजार 777 रुपये का समझौता कराया गया।

## स्कूल के छात्र शैक्षिक परिभ्रमण पर राजगीर रवाना

**हसपुरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड के अहियापुर गांव स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं का दल मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शनिवार को शैक्षणिक एवं बौद्धिक परिभ्रमण के लिए राजगीर रवाना हुआ। परिभ्रमण दल को गांव के समाजसेवी सह रालोमो के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा और विद्यालय के प्रधानाध्यापक अम्बुज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि बच्चों को किताबों के ज्ञान के साथ-साथ देश के इतिहास और सांस्कृतिक धरोहरों की जानकारी होना भी आवश्यक है। बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही यह महत्वाकांक्षी योजना छात्रों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों का प्रत्यक्ष अवलोकन करने से बच्चों को देश की सभ्यता और संस्कृति को समझने का अवसर मिलता है।

## कुष्ठ रोग पीड़ितों के बच्चों व दिव्यांग शिक्षार्थियों के बीच ओबरा पीएचसी में शिक्षा सामग्री का वितरण

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



शनिवार को कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के बच्चों तथा एवीएन से जुड़े दिव्यांग शिक्षार्थियों के बीच शनिवार को ओबरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करना और उन्हें आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित कुष्ठ रोग संस्था से जुड़े राज्य समन्वयक अक्षय कुमार प्रजापति उपस्थित रहे। इसके अलावा औरंगाबाद पोस्ट कार्यालय से जुड़े दाऊ संतोष कुमार, दिव्यांग संस्था से जुड़े सहायक रंजीत कुमार तथा एवीएन से जुड़े अन्य सहयोगियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों और संस्था के प्रतिनिधियों ने कहा कि समाज के वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से एनएलआर इंडिया फाउंडेशन समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराता है, ताकि वे पढ़ाई जारी रख सकें और आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों और कर्मचारियों का भी सहयोग रहा। सभी ने मिलकर जरूरतमंद बच्चों के बीच शिक्षा सामग्री वितरित कर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

## 23 मार्च को मनेगा शहीद भगत सिंह सुखदेव व राजगुरू का शहादत दिवस

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

शहीद-ए-आजम भगत सिंह सामाजिक विकास संस्थान की एक बैठक रविवार को दाउदनगर स्थित संस्थान के सचिव सत्येंद्र कुमार के आवास पर हुई संपन्न हुई। बैठक में आगामी 23 मार्च को पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी शहीद-ए-आजम भगत सिंह एवं उनके दो साथियों- राजगुरु और सुखदेव का शहादत-दिवस समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में शहीद भगत सिंह और उनके दो साथियों- राजगुरु एवं सुखदेव के नाम पर शहर में 'शहीद-पार्क' सह स्मारक बनवाने की मांग सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से करने और इसके लिए संस्थान की ओर से हर संभव प्रयास करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में संस्थान के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद चंद्रवंशी, सचिव- सत्येंद्र कुमार, सचिव राजकमल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य बिरजू चौधरी, अवधेश कुमार, प्रह्लाद प्रसाद, दाऊदनगर नपं के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र कुमार, कृष्णानंद किशोर, पवन कुमार, राजू कुमार, जनार्दन चौधरी एवं विवेकचंद्र सैनी आदि शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष कृष्णा चंद्रवंशी ने की जबकि संचालन संस्थान के सचिव सत्येंद्र कुमार ने किया।

## धरना के 426वें दिन मगध मजदूर मोर्चा ने उत्तर कोयल नहर की वितरणी का किया निरीक्षण

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

उत्तर कोयल नहर परियोजना को चालू कराने की मांग को लेकर चल रहे धरना के 426वें दिन मगध मजदूर मोर्चा के बैनर तले धरनार्थियों की एक टीम ने नहर की विभिन्न वितरणियों का निरीक्षण किया। टीम ने अंगरा और कोटवारा वितरणी के साथ-साथ मेन वितरणी से मदनपुर प्रखंड के पिरवां बभनबीघा बांध तक तथा गया जिले के गुरुआ प्रखंड के सोनवर्षा गांव स्थित अंगरा भूरहा कैनाल तक जाकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण दल में मोर्चा के संयोजक डॉ. शिवनंदन यादव, जयप्रकाश प्रजापति, अहमद रजा खां उर्फ लड्डू खां, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सिद्धि यादव, विकास कुमार, भोला नाथ वर्मा सहित कई सदस्य शामिल थे। टीम ने बताया कि इन स्थानों पर अभी तक नहर से संबंधित कार्य शुरू नहीं हुआ है।

मोर्चा के संयोजक डॉ. शिवनंदन यादव ने कहा कि करीब एक माह पहले मुख्य अभियंता ने जानकारी दी थी कि कोटवारा, अंगरा और चेंई नवादा वितरणी ब्रांच का टेंडर हो चुका है और मार्च तक कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसी आश्वासन के आधार पर शनिवार को स्थल का निरीक्षण किया गया, लेकिन मार्च माह बीतने के बावजूद काम शुरू नहीं होने से किसानों में निराशा है। उन्होंने बताया कि रफीगंज प्रखंड परिसर में उत्तर कोयल नहर को चालू कराने की मांग को लेकर किसान मजदूर मोर्चा का धरना पिछले 426 दिनों से लगातार जारी है। धरना के अध्यक्ष लड्डू खां ने कहा कि जब तक झारखंड के कुटकु डैम में फाटक लगाकर नहर के मुख्य कैनाल और इसकी सभी शाखा वितरणियों से मगध क्षेत्र के किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचाया जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि नहर निर्माण कार्य की गति अभी भी काफी धीमी है। इसे लेकर अधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। यदि कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो जल्द ही किसान एकजुट होकर रफीगंज शहर में धरना स्थल से रैली निकालकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इस दौरान डॉ. तुलसी यादव, विष्णु देव यादव सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।